2 फरीदाबाद — लापरवाही : बरसात में जानलेवा हो सकते हैं सड़कों पर रखे ट्रांसफार्मर

6 अभिमत — फिलिस्तीन में शांति का भ्रामक सपना

9 देश/विदेश — तानाशाह सरकार के खिलाफ एक और करो या मरो जैसे आंदोलन की जरूरत : राहुल

12 स्पोर्ट्स — सिंधू, लक्ष्य, सात्विक-चिराग, शरत को स्वर्ण और साथियान ने कांस्य पदक जीता



RNI NO. HARHIN/2018/75109

वर्ष 5 अंक 182

फरीदाबाद, मंगलवार, 09 अगस्त, 2022


पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये

नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana


भारत के ये रेलवे स्टेशन हैं भूतिया और बेहद डरावने

पेज - 11


## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,853 | 465 |
| निफ्टी | 17,525 | 127.60 |
| सोना | 52,490 | 97 /10 gm |
| चांदी | 57,938 | 527 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 35.00°C

न्यूनतम 29.00°C

## क्विक न्यूज

### संसद का मानसून सत्र चार दिन पहले खत्म

**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र निर्धारित समय से चार दिन पहले ही आठ अगस्त को समाप्त हो गया है। 18 जुलाई से शुरू हुआ मानसून सत्र 12 अगस्त तक चलना था, लेकिन इसे चार दिन पहले ही सोमवार को समाप्त कर दिया गया। बता दें कि संसद के सत्र में विपक्षी दलों ने महंगाई, जीएसटी जैसे मुद्दों पर जमकर हंगामा किया। इसके चलते कई सांसदों को निलंबन की कार्रवाई से भी गुजरना पड़ा।

### कोशांबी में महिला बैंक मैनेजर पर एसिड अटैक

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी (प्रयागराज) में सोमवार को एक युवती पर एसिड किया गया। युवती बैंक ऑफ बड़ौदा में मैनेजर है। सोमवार सुबह 29 साल की युवती घर से बैंक जा रही थी। रास्ते में उसकी स्कूटी खराब हो गई। वो उसको ठीक कर रही थी। तभी बाइक सवार दो युवकों ने उसके ऊपर तेजाब फेंक दिया, जिसके बाद युवती सड़क पर गिर गई। युवती को राहगीरों ने निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। पीड़िता के भाई ने बताया, बहन को पिछले कई दिनों से लोन न पास करने की धमकी मिल रही थी।

### खालिद खुरासानी अफगानिस्तान धमाके में मारा गया

**पक्तिका।** पाकिस्तान तालिबान का कमांडर और संस्थापक उमर खालिद खुरासानी अफगानिस्तान के पक्तिका प्रांत में धमाके में मारा गया। बताया जा रहा है कि उमर खालिद के साथ टीटीपी के दो अन्य कमांडर भी मारे गए हैं। उमर खालिद तीन बार ड्रोन हमले में बाल-बाल बचा है। इससे पहले सात बार उसके मरने की खबर आ चुकी है। उस पर 30 लाख रुपये का इनाम भी था। खुरासानी को अब्दुल वली के नाम से भी जाना जाता है। हमले में मारे गए दोनों सीनियर कमांडरों का नाम मुफ्ती हसन और हाफिज दौलत है। बताया जा रहा है कि तीनों कमांडर अफगानिस्तान के पक्तिका प्रांत के बर्मल इलाके में एक वाहन में सफर कर रहे थे। तभी उनकी गाड़ी एक लैंडमाइन से टकरा गई।

### महाराष्ट्र में नई कैबिनेट का विस्तार आज संभव

**मुंबई।** महाराष्ट्र में शिंदे कैबिनेट का विस्तार मंगलवार सुबह 11 बजे हो सकता है। सूत्र के मुताबिक कुछ देर पहले शिंदे और फडणवीस के बीच हुई बैठक में यह फैसला लिया गया है। राज्य में 10 से 17 अगस्त के बीच मानसून सत्र शुरू होने जा रहा है। इससे पहले मंत्रिमंडल के विस्तार का निर्णय लिया गया है।


विज्ञापन के लिए करें संपर्क

Rakesh Kapoor 9582468441


### कथावाचक देवकीनंदन की अर्जी पर एससी का फैसला

# अल्पसंख्यकों की पहचान राज्यस्तर पर होगी

### नौ राज्यों में हिंदुओं को अल्पसंख्यक का दर्जा देने की मांग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने सोमवार को कहा कि अल्पसंख्यकों की पहचान केवल राज्य स्तर पर की जा सकती है। यह जिला स्तर पर नहीं होना चाहिए। कोर्ट ने यह बात हिंदुओं को कई राज्यों में अल्पसंख्यक का दर्जा देने की मांग वाली याचिका की सुनवाई के दौरान कही।

कथावाचक देवकीनंदन महाराज ने सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की थी। इसमें कुछ राज्यों में हिंदुओं की संख्या कम होने पर उन्हें अल्पसंख्यक का दर्जा देने की मांग की गई थी।

एससी ने कहा कि याचिका में मांग की गई है कि अल्पसंख्यकों की पहचान जिला स्तर पर हो, लेकिन अगर ऐसा होता है तो यह कानून के विपरीत होगा। 11 जजों की बेंच का मानना है कि इसे राज्य स्तर पर ही किया जाना चाहिए। पिछली सुनवाई में एससी ने कहा था कि इस मामले में ठोस सबूत पेश किए जाएं, तभी हिंदुओं को अल्पसंख्यक दर्जा देने की मांग वाली याचिका पर विचार हो सकता है। कथावाचक देवकीनंदन ने याचिका में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम 1992 की धारा-2सी की वैधता को चुनौती दी है। याचिका में अल्पसंख्यक समुदाय को विशेष अधिकार देने और कई राज्यों-जिलों में हिंदुओं की कम आबादी के बावजूद उन्हें ऐसे अधिकारों से वंचित रखने को संविधान से उल्टा बताया गया है। याचिका में अल्पसंख्यक अधिनियम कानून को संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 21, 29 और 30 के विपरीत बताया गया है।

देवकीनंदन ने याचिका में कई धर्मों के अनुयायियों की संख्या के आंकड़े पेश करते हुए चिंता जाहिर की है। याचिका में कहा गया है कि नौ राज्यों में हिंदू अल्पसंख्यक हो चुके हैं, मगर फिर भी वह अपनी पसंद के शैक्षणिक संस्थान नहीं खोल सकते, जबकि संविधान अल्पसंख्यक को यह अधिकार देता है।

याचिका में कहा गया है कि लद्दाख में सिर्फ एक फीसद, मिजोरम में 2.75 फीसद, लक्षद्वीप में 2.77 फीसद, कश्मीर में चार फीसद हिंदू हैं। इसके अलावा नगालैंड में 8.74 फीसद, मेघालय में 11.52 फीसद, अरुणाचल प्रदेश में 29 फीसद, पंजाब में 38.49 फीसद और मणिपुर में 41.29 फीसद हिंदू हैं। इसके बावजूद सरकार ने उन्हें अल्पसंख्यक घोषित नहीं किया है।



#### कौन हैं कथावाचक देवकीनंदन

**दरअसल,** देवकीनंदन एक कथावाचक हैं। इन्होंने अपना आश्रम वृंदावन में बनाया हुआ है। करीब 20 साल पहले देवकीनंदन कॉलोनियों में प्रवचन किया करते थे। फरीदाबाद की सेक्टर-23, संजय कॉलोनी से इनका गहरा नाता बताया जाता है। देवकीनंदन संजय कॉलोनी में अपने एक अनुयायी के घर पर रहा करते थे। उसके बाद करीब पांच-सात साल के लिए देवकीनंदन एकांत प्रवास में चले गए। देवकीनंदन को लेकर संजय कॉलोनी में अब भी कई तरह की चर्चाएं चलती रहती हैं। पिछले सात-आठ साल में देवकीनंदन ने कथावाचक के रूप में बड़ी प्रसिद्धि हासिल की है।

### कॉमनवेल्थ गेम्स का 11वां दिन, फिर चार गोल्ड मिले

# बैडमिंटन सनसनी सिंधु और लक्ष्य ने सिंगल्स में गोल्ड जीते




**एजेंसी। बर्मिंघम**

**कॉमनवेल्थ** गेम्स के 11वें दिन भारत को बैडमिंटन में फिर तीन गोल्ड मिले। एक गोल्ड टेबल टेनिस में मिला है। इसके साथ ही भारत के अब 22 गोल्ड सहित कुल 61 मेडल हो गए हैं। भारत मेडल टैली में अब चौथे स्थान पर आ गया है। बैडमिंटन सनसनी पीवी सिंधु ने विमेंस सिंगल्स में और लक्ष्य सेन ने मेंस सिंगल्स में गोल्ड मेडल हासिल किया।

इसके बाद मेंस डबल्स में सात्विक साइराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने भी फाइनल मुकाबला जीत लिया। गोल्ड मेडल मैच में भारतीय जोड़ी ने सीन वेंडी और वेन लेन की इंग्लैंड की जोड़ी को 21-15, 21-13 से हराया।

दूसरी ओर टेबल टेनिस के मेंस सिंगल्स फाइनल में 40 साल के भारतीय धुरंधर अचंता शरत कमल ने इंग्लैंड के लियाम पिचफोर्ड के 4-1 से हराकर गोल्ड जीता। शरत कमल ने 16 साल बाद कॉमनवेल्थ गेम्स में मेंस सिंगल्स का गोल्ड जीता है। इससे पहले उन्होंने 2006 में इस इवेंट में सोना हासिल किया था। 2022 में उन्होंने तीन गोल्ड जीते हैं। सिंगल्स से पहले उन्होंने मिक्स्ड डबल्स और मेंस टीम इवेंट में भी सुनहरी कामयाबी हासिल की थी। ओवरऑल कॉमनवेल्थ गेम्स में कमल के नाम कुल सात गोल्ड हो गए हैं।

#### सात्विक-चिराग ने डबल्स में जीता सोना, शरत कमल टीटी में चैंपियन

बता दें, इससे पहले पीवी सिंधु ने फाइनल में कनाडा की मिशेल ली को 21-15, 21-13 से हराया है। कॉमनवेल्थ में विमेंस सिंगल्स मुकाबलों में सिंधु का यह पहला गोल्ड है। इससे पहले 2018 में सायना नेहवाल ने कॉमनवेल्थ में विमेंस सिंगल्स का गोल्ड जीता था। फाइनल में उन्होंने सिंधु को हराया था।


विस्तृत खबर पेज-12 पर...


### सुप्रीम कोर्ट के फैसलों पर कपिल सिब्बल की कई बड़ी टिप्पणियां

# 'संवेदनशील मामले केवल चुनिंदा जजों को सौंपे जाते हैं'

### गुजरात दंगों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्यों को क्लीन चिट दे दी

#### सुप्रीम कोर्ट में आपको राहत मिलेगी, यह सोचना बहुत गलत


**एजेंसी। नई दिल्ली**

**राज्यसभा** सांसद और वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने हाल ही में पारित हुए सुप्रीम कोर्ट के कुछ फैसलों पर बयान दिया है। सिब्बल ने नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्हें कोर्ट से अब कोई उम्मीद नहीं बची है। अगर आपको लगता है कि आपको सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलेगी, तो आप बहुत गलत हैं। उन्होंने कहा मैं यह बात सुप्रीम कोर्ट में 50 साल का अनुभव पूरा करने के बाद कह रहा हूं। सिब्बल ने यह बयान शनिवार को दिल्ली में आयोजित पीपुल्स ट्रिब्यूनल में दिया।

सिब्बल ने कहा कि 2002 के गुजरात दंगों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कई अन्य लोगों को एसआइटी ने क्लीन चिट दे दी थी। इसे लेकर कांग्रेस के पूर्व सांसद एहसान जाफरी की पत्नी जकिया जाफरी ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, लेकिन उनकी याचिका को खारिज कर दिया गया।

धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों को कायम रखना जो ईडी को एक बड़ा अधिकार देता है।

उन्होंने कहा 2009 में छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियानों के दौरान सुरक्षा बलों ने 17 आदिवासियों को मार दिया था। इस घटना की स्वतंत्र जांच की मांग वाली याचिका को भी खारिज कर दिया गया। यह सभी फैसले जस्टिस एएम खानविलकर की अध्यक्षता में लिए गए थे, जो अब रिटायर्ड हो चुके हैं। सिब्बल जकिया जाफरी और पीएमएलए अधिनियम के प्रावधानों को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए थे। सिब्बल ने यह भी आरोप लगाया कि संवेदनशील मामले केवल चुनिंदा जजों को ही सौंपे जाते हैं। इसके चलते कानून को आमतौर पर पहले से पता होता है कि फैसले का परिणाम क्या होगा। मैं ऐसी अदालत के बारे में बात नहीं करना चाहता, जहां मैंने 50 साल तक अभ्यास किया, लेकिन अब बोलने का समय आ गया है। अगर हम नहीं बोलेंगे तो कौन आवाज उठाएगा।



#### 50 साल पूरे होने के बाद भी कोर्ट से कोई उम्मीद नहीं

**उन्होंने** कहा भले ही कोर्ट कोई भी ऐतिहासिक फैसला सुना दे, लेकिन इससे जमीनी हकीकत शायद ही कभी बदलती हो। इस साल मुझे सुप्रीम कोर्ट में अभ्यास के 50 साल पूरे हो जाएंगे। इसके बावजूद मुझे कोई उम्मीद नहीं है। हम सुप्रीम कोर्ट के दिए गए प्रगतिशील निर्णयों के बारे में बात करते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर जो होता है, उसमें बहुत बड़ा अंतर है। एक तरफ सुप्रीम कोर्ट ने निजता पर फैसला दिया और दूसरी तरफ ईडी के अधिकारी आपके घर आएं। इसमें आपकी निजता कहां है।

#### लोग अपनी मानसिकता नहीं बदलेंगे तो स्थिति नहीं बदलेगी

**सिब्बल** ने न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि कोर्ट में जो जज बिठाए जाते हैं, केवल समझौता की प्रक्रिया होती है। सुप्रीम कोर्ट जहां यह तय करने की कोई व्यवस्था ही नहीं है कि किस मामले की अध्यक्षता किस बेंच द्वारा की जाएगी। जहां भारत के चीफ जस्टिस तय करें कि किस मामले को कौन सी बेंच कब निपटाएगी वह अदालत कभी भी स्वतंत्र नहीं हो सकती। लोग अपनी मानसिकता नहीं बदलेंगे तो स्थिति नहीं बदलेगी।

#### लोग बाहर आएं और अपने अधिकारों की सुरक्षा की मांग करें

**भारत** में हमारी माई-बाप संस्कृति है, लोग शक्तिशाली के पैरों में गिरते हैं, लेकिन समय आ गया है कि लोग बाहर आएं और अपने अधिकारों की सुरक्षा की मांग करें। स्वतंत्रता तभी संभव है, जब हम अपने अधिकारों के लिए खड़े हों और उस स्वतंत्रता की मांग करें। उन्होंने कोर्ट में पेंडिंग धर्म संसद मामले का भी जिक्र करते हुए कहा कि कोर्ट ने मामले की सुनवाई की और सरकारों से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया और गिरफ्तार होने पर भी उन्हें 1-2 दिनों में जमानत पर रिहा कर दिया गया। फिर दो सप्ताह के बाद धर्म संसद की बैठकें जारी रखीं।

### खाटू श्यामजी के मेले में भगदड़ से तीन श्रद्धालुओं की मौत

**सीकर।** एकादशी के मौके पर सोमवार सुबह खाटूश्याम मंदिर के बाहर भगदड़ मच गई। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई। यह हादसा उस वक्त हुआ जब सुबह पांच बजे के करीब मंदिर के पट खुले थे। दरअसल, खाटूश्याम के दर्शनों के लिए देर रात से ही श्रद्धालु लाइनों में लगे थे। जैसे ही सुबह मंदिर के पट खुले, अचानक भगदड़ मच गई। भगदड़ में तीन भक्तों की मौत हो चुकी है। फिलहाल तीनों मृतकों के शवों को खाटूश्यामजी हॉस्पिटल की मॉर्चरी में रखवाया गया है। हादसे के शिकार हुए लोगों की पहचान की जा रही है।


विस्तृत खबर पेज-09 पर...


# ब्रिटिश पीएम की रेस में पिछड़े सुनक, ट्रस को 28 फीसद बढ़त

**एजेंसी। लंदन**

**ब्रिटेन** के नए प्रधानमंत्री पद के लिए भारतवंशी ऋषि सुनक और लिज ट्रस के बीच मुकाबला तेज हो गया है। शुरुआत में सुनक को अपनी कंजरवेटिव पार्टी के 137 सांसदों का समर्थन मिला था। लिज ट्रस 113 सांसदों का ही समर्थन जुटा पाई थीं। अब फाइनल में कंजरवेटिव पार्टी के लगभग दो लाख स्थायी मेंबर वोटिंग करेंगे। इससे ही नए प्रधानमंत्री का चुनाव होगा।

पार्टी के स्थायी मेंबर्स में से 96 फीसदी श्वेत हैं। कंजरवेटिव पार्टी के हालिया यूगोव पोल में ट्रस को सुनक से 28 फीसदी बढ़त हासिल हुई है। ट्रस को 58 फीसदी, जबकि सुनक को 30 फीसदी वोट मिले हैं। पार्टी के स्थायी मेंबर्स के समर्थन में सुनक पिछड़ते दिखाई दे रहे हैं। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि आने वाले समय में भी सुनक और ट्रस के बीच यही अंतर रहने वाला है। एक अन्य सर्वे के मुताबिक, पार्टी के हर 10 में से छह मेंबर्स ट्रस के साथ हैं।



#### कंजरवेटिव पार्टी के हर 10 में से छह मेंबर्स लिज के साथ

अब सुनक और ट्रस वोट मांगने के लिए कंजरवेटिव पार्टी के सदस्यों के बीच जा रहे हैं। इसे हस्टिंग्स कहते हैं। एक्सिटर, कार्डिफ और ईस्टबोर्न में इस प्रकार की हस्टिंग्स में पार्टी मेंबर्स के बीच सुनक की छवि पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन से गद्दारी कर सत्ता हथियाने की लालसा रखने वाले नेता की बनाई जा रही है।

वैसे तो कंजरवेटिव पार्टी के मेंबर अपनी राय को सार्वजनिक करने से बचते हैं, लेकिन एक मेंबर ने बताया कि जॉनसन के सत्ता गंवाने का प्रमुख कारण सुनक को माना जा रहा है। सुनक ने ही जॉनसन के खिलाफ इस्तीफा देकर बगावत शुरू की थी। अधिकांश पार्टी मेंबर जॉनसन की गलतियों को उनके पतन का कारण नहीं मानते हैं। वे इसके लिए ऋषि सुनक को दोषी करार देते हैं।

कंजरवेटिव पार्टी में 96 फीसदी श्वेत मेंबर्स में से 21 फीसदी रूढ़ीवादी इंग्लिश हैरिटेज ट्रस्ट से जुड़े हुए हैं। इनका सुनक को समर्थन मिलना मुश्किल है। जानकारों का कहना है कि सांसदों के समर्थन के बाद सुनक के पिछड़ने की असल वजह ये श्वेत मेंबर्स हैं। कंजरवेटिव पार्टी के 68 फीसदी मेंबर्स 50 साल की उम्र से ज्यादा के हैं। इनमें से अधिकांश श्वेत उम्मीदवार को ही वोट देना पसंद करते हैं। सुनक का मानना है कि ब्रिटेन के लिए चीन सबसे बड़ा सुरक्षा खतरा और चुनौती है। वह देश से सभी 30 कन्फ्यूशियस संस्थान बंद करने के हिमायती हैं।

# राउत 22 अगस्त तक न्यायिक हिरासत में, पत्नी से नौ घंटे हुई पूछताछ

**एजेंसी। मुंबई**

**पात्रा** चॉल घोटाले में गिरफ्तार शिवसेना नेता संजय राउत की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। सोमवार को पीएमएलए कोर्ट ने संजय राउत को 22 अगस्त तक ईडी की रिमांड पर भेज दिया। इस मामले में ईडी ने उन्हें 31 जुलाई को गिरफ्तार किया था। पात्रा चॉल घोटाला 1043 करोड़ रुपये का है।

राउत इस केस में आरोपी हैं। माना जा रहा है कि आज जमानत के लिए अर्जी नहीं देंगे। वहीं, कोर्ट के फैसले के बाद उन्हें अब आर्थर रोड जेल ले जाया जाएगा। इससे पहले, चार अगस्त को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) कोर्ट में सुनवाई हुई थी। इसमें राउत को कोर्ट ने आठ अगस्त के लिए हिरासत की अवधि बढ़ाई थी। हालांकि उस दौरान भी आठ दिन की कस्टडी मांगी थी।



इससे पहले शनिवार को संजय राउत की पत्नी वर्षा राउत से ईडी ने नौ घंटे से ज्यादा समय तक पूछताछ की थी। अब तक की जांच में मिले सबूत और संजय राउत से पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर वर्षा राउत से पूछताछ की गई। इस दौरान एजेंसी ने दादर फ्लैट और अलीबाग के प्लाट के डील के बारे में ईडी ने वर्षा राउत से सवाल किए। ईडी को शक है कि पत्रा चॉल घोटाले के पैसे से अलीबाग में प्लॉट खरीदा गया। ईडी वर्षा राउत से एक करोड़ से अधिक पैसों का हिसाब चाहती है, जो उनके एकाउंट में आए हैं।

### महिलाओं से अभद्रता करने वाला श्रीकांत त्यागी फरार, 25 हजार इनाम घोषित

# आरोपी का अवैध निर्माण ढहाया, 20 दुकानें भी गिरेंगी

**एजेंसी। नोएडा**

**नोएडा** की ग्रैंड ओमेक्स सोसाइटी में महिला से अभद्रता करने वाले श्रीकांत त्यागी पर सोमवार को प्रशासन ने बड़ा एक्शन लिया। सोसायटी में त्यागी के अवैध निर्माण को प्रशासन ने बुलडोजर से ढहा दिया। त्यागी ने फ्लैट में जाने के लिए सोसायटी के बेसमेंट से सीढ़ी बनवा रखी थी। टीम ने उसे भी तोड़ दिया है। त्यागी की गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ और पुलिस की 12 टीमें लगाई गई हैं। उस पर 25 हजार का इनाम रखा गया है। उसकी प्रेमिका को भी हिरासत में ले लिया गया है। नोएडा के भंगेल मार्केट में त्यागी की 40 दुकानें और धर्मकांटा है।





पैमाइश के बाद 20 दुकानें ढहाई जाएंगी।

श्रीकांत त्यागी के छह गुर्गों को पुलिस कोर्ट लेकर पहुंची है। पुलिस ने इन्हें तीन दिन के रिमांड पर भेजा है। अभियुक्तों के वकील ने जमानत याचिका की दाखिल की है। ओमेक्स सोसायटी में रविवार रात त्यागी के 15 गुर्गे घुस आए थे। उन्होंने यहां लोगों पर पत्थरबाजी की और मारपीट भी की। अवैध निर्माण को लेकर श्रीकांत त्यागी की सोसाइटी की एक महिला और उसके पति से झड़प हुई थी। त्यागी ने दोनों को गालियां दी थीं और धमकाया था।

इस मसले में एडीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार ने कहा, थाना प्रभारी के अलावा सब इंस्पेक्टर समेत चार सिपाही सस्पेंड किए गए हैं। पीड़िता की सुरक्षा में दो पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। अपर मुख्य सचिव अवनीश अवस्थी ने बताया, सीएम दफ्तर से श्रीकांत त्यागी की पूरी रिपोर्ट मांगी गई है। सुरक्षा देने वालों और पैरवी करने वालों पर कार्रवाई होगी। श्रीकांत त्यागी को सरकार के एक वर्तमान मंत्री और एक पूर्व मंत्री का संरक्षण मिला था। उसे गाजियाबाद से सिक्योरिटी मिली थी। तब डीएम ऋतु माहेश्वरी थीं। सीएम योगी ने भाजपा में जॉइनिंग किसके कहने पर हुई थी, इसकी जानकारी भी मांगी है।

पुलिस को श्रीकांत त्यागी की लास्ट लोकेशन हरिद्वार और ऋषिकेश के बीच मिली है। उसका करीब 10 बार फोन ऑन-ऑफ हुआ है। वह हरिद्वार में एक जगह सीसीटीवी में भी कैद हुआ है। घटना के बाद नोएडा पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह ने थाना फेस-2 के प्रभारी सुजीत उपाध्याय को सस्पेंड कर दिया। उनकी जगह परमहंस तिवारी को लाया गया। फरार श्रीकांत त्यागी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई होगी। इसके अलावा आरोपी नेता की संपत्ति भी कुर्क की जाएगी।

वीडियो वायरल होने के बाद से श्रीकांत त्यागी फरार है। तलाश में पुलिस ने दिल्ली, उत्तराखंड व यूपी में दबिश दी है। अफसरों ने कहा कि श्रीकांत त्यागी जब तक पकड़ा नहीं जाता, तब तक श्रीकांत त्यागी के घर के बाहर पुलिस तैनात रहेगी। परिवार के हर मूवमेंट पर नजर रखी जाएगी। पुलिस ने आरोपी की चार महंगी गाड़ियों को जब्त कर लिया है।

#### बुलडोजर कार्रवाई दिखावटी है : प्रियंका

**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी ने ट्वीट कर पूछा, क्या इतने सालों से भाजपा सरकार को नहीं पता था कि नोएडा के भाजपा नेता का निर्माण अवैध है? बुलडोजर कार्रवाई दिखावटी है। इन सवालों के जवाब से सरकार बच रही है। एक महिला के साथ खुलेआम अभद्रता और 10-15 गुंडे भेजकर महिलाओं को धमकाने की हिम्मत उसे कौन दे रहा है? कौन है जो उसको बचाता रहा? किसके संरक्षण में उसका गुंडाराज और अवैध कारोबार फला-फूला? प्रसपा अध्यक्ष और विधायक शिवपाल यादव ने भी योगी सरकार की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा, श्रीकांत त्यागी भाजपा नेता है। इसलिए उसकी गिरफ्तारी नहीं हो रही है।

पायनियर
हरियाणा, मंगलवार, 09 अगस्त, 2022



**शहर का तापमान**
- अधिकतम 35.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 28.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**
- श्रीहनुमान मंदिर एक बी ब्लॉक में कलश यात्रा : सुबह 8.30 बजे।
- बीके अस्पताल की ओपीड़ी शुरू: सुबह 8 बजे।
- शहर में जगह-जगह वैक्सीनेशन: सुबह 9 बजे।

**निवेश गुरु**

**अगर** आप वरिष्ठ नागरिक बनने के बाद भी अपने जरूरी खर्च अपनी जेब से कर सकें तो यह आपके लिए आर्थिक आजादी है। आपको इसके लिए इस तरह का निवेश करना होगा। जिससे कि आपकी जरूरत के लायक रकम आपके पास नियमित रूप से आती रहे और आपकी पूंजी सुरक्षित रहे। आर्थिक आजादी के लिए आपको जॉब की शुरुआत करते ही निवेश शुरू कर देना चाहिए और लंबी अवधि की प्लानिंग करनी चाहिए।

**यूटीलिटी न्यूज**

### प्राचीन पंखा मेला दंगल 12 को

**फरीदाबाद।** ओल्ड फरीदाबाद स्थित बराही तालाब में आगामी 12 अगस्त को प्राचीन पंखा मेला दंगल के आयोजन को लेकर एक बैठक सैक्टर-16 स्थित अनाज मण्डी कार्यालय में पं. कृष्ण पहलवान के नेतृत्व में आयोजित की गई। इस बैठक में क्षेत्र के मौजिज लोगों ने दंगल के संचालन को लेकर अपनी-अपनी प्रतिक्रिया दी। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए दंगल संचालक पं. बिल्ला पहलवान ने बताया कि यह दंगल प्राचीन काल से चला आ रहा है। पिछले 35 सालों से पंडित रोहतास पहलवान के छोटे भाई कृष्ण पहलवान के नेतृत्व में इस दंगल का आयोजन होता आ रहा है, उससे पहले पंडित रोहतास पहलवान इसका नेतृत्व किया करते थे। इस दंगल में हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान व सम्पूर्ण भारत वर्ष से पहलवान आएंगे और अपनी कुश्ती का प्रदर्शन करेंगे।

**क्विक न्यूज**

### मतदाता सूची को आधार कार्ड से लिंक कराएं

**फरीदाबाद।** उपायुक्त कम जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र यादव ने बताया कि वोटर कार्ड को आधार कार्ड से जोड़ने के लिए अभियान शुरू कर दिया है। चुनाव आयोग की हिदायतों के अनुसार आज से वोटर आईडी कार्ड को आधार से जोड़ने के लिए एक अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। इसका उद्देश्य मतदाताओं की पहचान स्थापित करना और मतदाता सूची में प्रविष्टियों को प्रमाणित करने के साथ-साथ उनकी पहचान करना है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पंजीकृत सभी मतदाताओं के आधार कार्ड को मतदाता सूची से लिंक करने का कार्य दिनांक एक अगस्त 2022 से शुरू किया जा चुका है। कोई भी मतदाता ऑनलाइन ऑफलाइन Form-6B में अपने आधार कार्ड की सूचना भरके जमा करवा सकता है। आयोग के इस कार्य को सम्पन्न करवाने के लिए मुख्यालय के आदेशानुसार जिला स्तर पर लघु सचिवालय के 6th Floor, कमरा नंबर-603 में 10 अगस्त 2022 को विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, ताकि प्रत्येक मतदाता अपने आधार को मतदाता सूची से Form-6B के माध्यम से लिंक करवा सके।

# लापरवाही : बरसात में जानलेवा हो सकते हैं सड़कों पर रखे ट्रांसफार्मर

## जमीन पर रखे ट्रांसफार्मरों की वजह से शहर में आए दिन होते रहते हैं हादसे

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**एक** तरफ बिजली निगम के अधिकारी आधुनिक तकनीकियों को अपनाने के दावे कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ निगम की लापरवाही से बारुद के ढेर पर बैठा हुआ है स्मार्ट सिटी फरीदाबाद। बिजली के अधिकारियों ने शहर में जहां तहां लापरवाही से बिजली के ट्रांसफार्मर लगवाए हुए हैं।

कई स्थानों पर बिजली के ट्रांसफार्मर लापरवाही से जमीन पर लगाए गए हैं। यहां तक कि इनमें से कई ट्रांसफार्मरों के आसपास बिजली निगम ने फेंसिंग तक करवाने की जरूरत महसूस नहीं की। कई ट्रांसफार्मर सड़कों के किनारे जमीन से कम ऊंचाई पर रखवाए गए हैं। गलत तरीके से लगवाए गए इन ट्रांसफार्मरों की वजह से शहर में आए दिन हादसे होते रहते हैं। बरसात के दिनों में जानवरों के साथ ही कई बार लोगों की जान तक चली जाती है। यदि यहीं हालत रही तो आने वाले बरसात के मौसम में इस बार भी जमीन पर रखे ट्रांसफार्मर लोगों के खतरनाक साबित हो सकते हैं।


पल्ला इलाके में ट्रांसफार्मर के चारों तरफ भरा गंदा पानी।


एनएच तीन मस्जिद मोड़ पर जमीन पर भरे पानी को छूती बिजली की केबिलें।

### फैंसिंग तक नहीं करवाई

**बिजली** निगम ने लोगों की जान के साथ खिलवाड़ करते हुए सभी हदों को पार कर दिया है। निगम द्वारा कुछ स्थानों पर जमीन पर रखे इन ट्रांसफार्मरों के बाहर समुचित रूप से फैंसिंग करवाने की जरूरत तक महसूस नहीं की। कुछ स्थानों पर ट्रांसफार्मर को जमीन पर रखने के लिए ऊंचा प्लेटफार्म तक नहीं बनवाया गया है। कुछ स्थानों पर निगम की तरफ से लोहे के जाल तो लगाए गए थे, लेकिन उनमें से ज्यादातर गल कर टूट चुके हैं। जिसके कारण इसके नजदीक से गुजरते समय कभी भी लोगों के छू जाने का खतरा बना रहता है। लोगों के साथ ही सड़क पर रखे ट्रांसफार्मर सड़कों पर घूमने वाली गाय और अन्य आवारा पशुओं के लिए काफी खतरनाक है। यदि जल्दी ही बिजली निगम ने इस तरफ कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो कभी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

### शिकायत पर कार्रवाई नहीं


एनएच पांच में जमीन पर रखा बिजली का ट्रांसफार्मर।

**बिजली** निगम द्वारा शहर की विभिन्न कालोनियों में ट्रांसफार्मर बड़ी ही लापरवाही के साथ लगाए गए है। ट्रांसफार्मर भीड़ भाड़ वाली कालोनियों में लोगों के घरों अथवा दुकानों के सामने लगाए गए हैं। लोगों के विरोध करने के बावजूद बिजली निगम द्वारा इन ट्रांसफार्मरों को हटवाने का कोई प्रयास नहीं करता है। जिन लोगों के मकानों अथवा दुकानों के सामने बिजली के ट्रांसफार्मर लगे हैं, उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं ट्रांसफार्मरों की वजह से इनके आसपास रहने वाले लोगों को भी आए दिन दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ट्रांसफार्मरों में ओवरलोड और अन्य फाल्ट आने पर धमाके अथवा स्पार्किंग की घटनाएं आए दिन होती रहती है। ऐसे आसपास रहने वाले लोगों को भी अपने घर में आग लगने का डर सताता रहता है। ऐसे नहीं है कि स्थानीय लोगों द्वारा इन्हें शिफ्ट करवाने की शिकायत नहीं की जाती। संबंधित बिजली निगम के कार्यालय के अनेक चक्कर लगाने के बावजूद निगम कर्मी इस ओर ध्यान ही नहीं देते।

### बरसात में बढ़ जाता है खतरा

**शहर** में जगह-जगह जमीन पर रखे इन ट्रांसफार्मरों के कारण लोगों के लिए आए दिन कई तरह की समस्याएं खड़ी हो जाती है, लेकिन बरसात और धुंध के मौसम में तो यह ट्रांसफार्मर और ज्यादा खतरनाक साबित होने लगते हैं। इन दिनों चल रहे बरसात के मौमस में इनकी वजह से खतरा बना हुआ है। कई स्थानों पर जमीन में रखे इन ट्रांसफार्मरों के आसपास बरसाती पानी भर जाता है। जिससे ट्रांसफार्मर से बिजली का तेज करंट पानी में भी दौड़ने लगता है। ऐसे में कभी भी किसी व्यक्ति की जान जा सकती है। बरसात आने पर शहर में कई व्यक्तियों अथवा पशुओं की करंट लगने से जान तक जा चुकी है। इसके अलावा सर्दी के मौसम में धुंध पड़ने पर जमीन पर रखे ट्रांसफार्मरों के कारण कभी कोई हादसा हो सकता है। धुंध में सड़कों के किनारे जमीन पर रखे ट्रांसफार्मर कई बार वाहन चालकों को दिखाई नहीं देते।

### यहां जमीन पर लगे हैं ट्रांसफार्मर

**नगर** निगम के अधिकारियों ने अपनी थोड़ी सी बचत करने के चक्कर में शहर में कई स्थानों पर जमीन पर ही ट्रांसफार्मर लगवा दिए हैं। जबकि नियम के मुताबिक ट्रांसफार्मर बिजली के खंबों पर करीब सात से आठ फुट की ऊंचाई पर लगाया जाना चाहिए। ताकि किसी व्यक्ति अथवा आवारा पशु की पहुंच ट्रांसफार्मर तक न हो सके, लेकिन बिजली निगम नियमों को ताक रख कर शहर के कई हिस्सों में लापरवाही के साथ ट्रांसफार्मर लगवाए हैं। वैसे तो यह यह समस्या शहर के कई हिस्सों में हैं। लेकिन एनआईटी इलाके में सबसे ज्यादा स्थानों पर बिजली के ट्रांसफार्मर जमीन पर रखे हुए हैं। जवाहर कालोनी के 45 फुट रोड, शांति निकेतन स्कूल रोड, ओल्ड प्रैस कालोनी, 60 फुट रोड, डबुआ कालोनी सब्जी मंडी के पास, सेक्टर 24, डबुआ कालोनी में कई स्थानों पर, संजय कालोनी की 33 फुट रोड और अन्य कई स्थानों पर, ओल्ड फरीदाबाद में कारखाना बाग इलाके में, पल्ला, सराय ख्वाजा और शहर में ऐसे अनेक स्थान है, जहां जमीन पर सड़कों के किनारे बिजली के ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं।

# तिरंगा यात्रा को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह : शर्मा

## राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद तेजस्वी सूर्या व प्रदेशाध्यक्ष राहुल राणा भी होंगे शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


प्रेसवार्ता में जानकारी देते गोपाल शर्मा व अन्य।

**आजादी** के 75 वर्ष पूरे होने पर चल रहे आजादी महोत्सव के अंतर्गत भाजपा युवा मोर्चा द्वारा पूरे हरियाणा में 'तिरंगा बाइक रैली' का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में भाजपा युवा मोर्चा फरीदाबाद के संयोजन में 9 अगस्त मंगलवार को फरीदाबाद जिले में भी 'तिरंगा बाइक रैली' निकाली जाएगी। इसी संदर्भ में आज बल्लभगढ़ के रेस्ट हाऊस में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा एवं वरिष्ठ भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा मुख्य रूप से मौजूद थे। इस मौके पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में इस बार का स्वतंत्रता दिवस बड़े ही निराले अंदाज से मनाया जा रहा है और हरियाणा ही नहीं अपितु पूरे देश में इस बार आजादी के इस उत्सव का अलग ही महत्व है और लोगों में इसको लेकर खासा उत्साह है। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष पंकज सिंगला, जिला महामंत्री गोल्डी अरोड़ा एवं सचिन ठाकुर ने संयुक्त रूप से कहा कि फरीदाबाद में निकाली जाने वाली 'तिरंगा बाइक रैली' ऐतिहासिक होगी, जिसमें करीब एक हजार से ज्यादा बाइक पर सवार होकर युवा कार्यकर्ता भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि इस 'तिरंगा बाइक रैली' में मुख्यातिथि के रूप में भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा सांसद तेजस्वी सूर्या और दार्जिलिंग के सांसद राजू बिस्टा होंगे, जबकि यह यात्रा भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष राहुल राणा के नेतृत्व में निकाली जाएगी।

# 'हरित पहल' को मिला पूर्व छात्र संघ का समर्थन

## विश्वविद्यालय में किया पौधारोपण, पौधों की देखभाल का लिया संकल्प

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


पौधारोपण के उपरांत कुलपति प्रो. एसके तोमर के साथ पूर्व छात्र संघ वाईएमसीए मॉब के अध्यक्ष सुखदेव सिंह तथा अन्य सदस्य।

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के पूर्व छात्र संघ ने विश्वविद्यालय की 'हरित पहल' को समर्थन दिया है। वाईएमसीए मॉब के अध्यक्ष सुखदेव सिंह के नेतृत्व में आज पूर्व छात्रों की 14 सदस्यीय टीम ने आज विश्वविद्यालय का दौरा किया तथा विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण अभियान में हिस्सा लिया।

उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय जुलाई एवं अगस्त महीने के दौरान हरियाली पर्व मना रहा है। इस अवसर को चिह्नित करने के लिए विश्वविद्यालय ने पौधारोपण अभियान शुरू किया है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिष्ठित हस्तियों को पौधारोपण अभियान में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. एसके तोमर ने की।

पौधारोपण अभियान में हिस्सा लेने वाले पूर्व छात्र संघ के सदस्य में प्रेम मल्होत्रा, अशोक झांब, एस.के. मिश्रा, नवीन सूद, अनिल कुमार भारद्वाज, एके नेहरा, सुनील शर्मा, सुनील यादव, मोहित वोहरा, जेपी अरोड़ा, डॉ राज कुमार सिंह, राजेश सहगल और चिराग गोयल शामिल रहे। पूर्व छात्र संघ के सदस्यों ने विश्वविद्यालय की पहल की सराहना की।

# डालसा का उद्देश्य कानून व अधिकारों की जानकारी देना

## सीजेएम सुकिर्ती की अध्यक्षता में शाही एक्सपोर्ट कम्पनी में हुई कार्यशाला

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


सीजेएम सुकिर्ती गोयल शाही एक्सपोर्ट कम्पनी में आयोजित कार्यशाला में महिलाओं के साथ।

**जिला** एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यशवीर सिंह राठौर के दिशा निर्देशानुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुकिर्ती गोयल की अध्यक्षता में एक कानूनी जागरूकता वर्कशॉप का आयोजन शाही एक्सपोर्ट कंपनी स्थित मथुरा रोड पर डीएएलएसए के तत्वावधान में आयोजित किया गया।

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सुकीर्ति गोयल ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य लोगों को उनके अधिकारों, उनके कर्तव्यों, उनके कानूनों के बारे में जानकारी देना है। ताकि कोई भी व्यक्ति न्याय के अधिकार से वंचित न रह सके। सीजेएम ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जिनमें लीगल सर्विसेज टो एसिड अटैक विक्टिम के बारे में विस्तार पूर्वक वर्कशॉप में उपस्थित महिलाओं को जानकारी दी।

सीजेएम सुकीर्ति गोयल ने वर्कशॉप में कहा कि आगामी 13 अगस्त 2022 को जिला न्यायालय परिसर सेक्टर -12 में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यदि किसी का कोई केस अदालत में पेंडिंग है तो वे अपने केस का लोक अदालत में फैसला करवा सकते है।

# श्रीमद्भागवत कथा से पहले निकाली कलश यात्रा

## मंदिर कमेटी के महासचिव पवन कुमार ने कलश यात्रा का शुभारंभ किया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


कलश यात्रा में शामिल भक्तगण।

**श्रीकृष्ण** जन्माष्टमी के पावन अवसर के उपलक्ष में पावन सिद्धपीठ श्रीहनुमान मंदिर में सोमवार को श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। सोमवार को मंदिर के प्रधान अशोक अरोड़ा के नेतृत्व में कलश यात्रा निकाली गई। मंदिर कमेटी के महासचिव पवन कुमार ने भागवत को शीर्ष पर धारण कर कलश यात्रा का शुभारंभ किया।

कलश यात्रा में सैंकड़ों महिलाओं एवं भक्तों ने भाग लिया। यात्रा मार्केट से घूमते हुए मंडी परिसर में वापस आई, जहां मनोहर लाल एवं सतीश वाधवा ने सभी भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर मंदिर के प्रधान अशोक अरोड़ा ने भागवत के महत्व को बताते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत में जीवन का सार तत्व मौजूद है। कथा की सार्थकता तब ही सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन व व्यवहार में धारण कर निरंतर हरि स्मरण करते हैं। अपने जीवन को आनंदमय, मंगलमय बनाकर अपना आत्म कल्याण करें। अन्यथा यह कथा केवल मनोरंजन, कानों के रस तक ही सीमित रह जाएगी। उन्होने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट हो जाते हैं, जहां अन्य युगों में धर्म लाभ एवं मोक्ष प्राप्ति के लिए कड़े प्रयास करने पड़ते हैं। वहीं कलियुग में कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। कथा कल्पवृक्ष के समान है, जिससे सभी इच्छाओं की पूर्ति की जा सकती है। उन्होंने कहा कि भागवत पुराण हिदुओं के अठारह पुराणों में से एक है। इसे श्रीमद् भागवत या केवल भागवत् भी कहते हैं। इसका मुख्य विषय भक्ति योग है, जिसमें श्रीकृष्ण को सभी देवों का देव या स्वयं भगवान के रूप में चित्रित किया गया है। उन्होंने कहा की इस कथा को सुनने के लिए देवी देवता भी तरसते हैं और दुर्लभ मानव प्राणी को ही इस कथा का श्रवण लाभ प्राप्त होता है। कथा के श्रवण मात्र से ही प्राणी मात्र का कल्याण संभव है। भागवत की जानकारी देते हुए भारत अरोड़ा ने बताया कि मंदिर परिसर में भगवत का समय शाम 6.30 से लेकर रात्रि 9.00 बजे तक होगा।

कथा वाचक कन्हैया लाल बृजवासी अपने भागवत कथा रस बरसाएंगे, जो भी भक्तजन भागवत कथा का लाभ लेना चाहते हैं, वो शाम के समय आ सकते हैं। इस शुभ अवसर पर समस्त मंदिर कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक

बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

**नज़रिया**



**दिनेश रघुवंशी, कवि**

समझ में आएगा आख़िर सही मैं हूँ या फिर तू है
तू क्या समझाएगा आख़िर सही मैं हूँ या फिर तू है
मेरा मक़सद मोहब्बत है तेरा मक़सद है बस नफ़रत
समय बतलाएगा आख़िर सही मैं हूँ या फिर तू है

# 'हर घर तिरंगा' अभियान को लेकर निकली तिरंगा यात्रा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


विद्यासागर स्कूल में तिरंगा यात्रा के दौरान शामिल सभी सदस्य।

**विद्यासागर** इंटरनेशनल स्कूल, तिगांव ने केंद्र सरकार के 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने के लिए आज तिरंगा यात्रा निकली। इस अवसर पर अतिथि के रूप में उपस्थित रहे डीसीपी कौशल सिंह, एसीपी सुखबीर सिंह, एसएचओ अशोक कुमार, इंस्पेक्टर सविता, स्कूल के डायरेक्टर दीपक यादव व तिगांव के सरपंच रिंकू यादव ने हरी झंडी दिखाकर इस यात्रा को रवाना किया। यह यात्रा हाड़ा क्लब से शुरू होकर तिगांव के मुख्य बाजार तक गई। यात्रा में 1000 से अधिक बच्चों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर डीसीपी कौशल सिंह ने कहा कि भारत इस साल आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। 15 अगस्त, 2022 को हमें आजादी मिले हुए 75 साल हो रहे हैं। आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आजादी की 75वीं वर्षगांठ को यादगार बनाने के लिए सरकार हर घर तिरंगा अभियान चला रही है। इसके लिए देशभर के 25 करोड़ से ज्यादा घरों में तिरंगा फहराया जाना है। इसलिए सभी तिरंगा अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें. इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर दीपक यादव ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान का मकसद देश के नागिरकों को एकजुट करना और उनके दिलों में देशभक्ति की भावना भरना है। इसके साथ ही इस अभियान से राष्ट्र ध्वज के प्रति लोगों में जागरुकता भी बढ़ेगी। इस अभियान का मकसद ही हर भारतवासी को अपने घर में तिरंगा फहराने के लिए ज्यादा से ज्यादा प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा की केंद्र सरकार के 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत 13 से 15 अगस्त तक देश भर में 25 करोड़ से अधिक घरों पर तिरंगा फहराया जाएगा। इसके तहत देश में कई जगह 9 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा पखवाड़ा भी मनाया जा रहा है। इस पूरे आयोजन का मकसद देशभक्ति का वातावरण बनाने, तिरंगा यात्रा निकलने, बाजार, हाट और मेले आदि में होर्डिंग्स बैनर लगाकर लोगों में देशभक्ति की भावना पैदा करना है. दीपक यादव ने बताया कि इस अभियान में भाग लेने के लिए सरकार ने एक वेबसाइट भी बनाई है। इसके लिए आप harghartiranga.com पर जाकर हर घर तिरंगा प्रमाण पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। इस वेबसाइट पर सर्टिफिकेट डाउनलोड करने के तरीके भी बताए गए हैं। इसके लिए आपको अपना नाम, मोबाइल नंबर और लोकेशन ऑन करनी होगी। इसके बाद डाउनलोड या प्रिंट सर्टिफिकेट का ऑप्शन एक्टिव हो जाएगा।

दीपक यादव ने लोगों से अपील कि इस अभियान में सभी अपने फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर और अन्य सोशल मीडिया अकाउंट पर तिरंगा प्रदर्शित कर आजादी का अमृत महोत्सव मनायें और अपने आस पास सभी को ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि लोगों को इस अवसर पर तिरंगे के साथ एक सेल्फी भी लेनी चाहिए।

# आप ने की 75 मेडिकल कैम्प की शुरूआत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


मेडिकल कैम्प में सुविधाएं लेते लोग।

**आजादी** के 75वें अमृत महोत्सव को यादगार बनाने के लिए आम आदमी पार्टी वार्ड नम्बर-15 से संभावित उम्मीदवार परविन्द्र राजपाल ने 75 मेडिकल कैम्प की शुरूआत एन.एच.पांच स्थित विडो होम पार्क में की गई। इस मेडिकल कैम्प का शुभारंभ आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना, साऊथ जोन व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अमन गोयल, वार्ड नम्बर-12, 13 व 15 के संयोजक सुनील ग्रोवर, तेजवंत सिंह बिट्टू ने संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर आप नेता परविन्द्र राजपाल ने आए हुए सभी अतिथियों का पंगड़ी बांधकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना, अमन गोयल ने कहा कि बदलते मौसम में सभी को अपने स्वास्थ्य की जांच कराते रहना चाहिए। किसी भी बीमारी को हल्के में न लेकर चिकित्सक परामर्श अवश्य लेना चाहिए। बासी भोजन व कटे फलों का सेवन नहीं करना चाहिए। अपील करते हुए कहा कि वे समय-समय पर ऐसे शिविरों को आयोजन करते रहे ताकि जरूरतमंद लोगों को अपने स्वास्थ्य की जांच के साथ-साथ नि:शुल्क सलाह व दवाईयां मिलती रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से डा. रविभूषण, डा. दीपक भारद्वाज, एडवोकेट संदीप सेठी, सुरेंद्र सपरा, नरेश शर्मा, संजय जुनेजा लोग उपस्थित थे।

# अभी जिंदा हूं तो जी लेने दो, मेरी पेंशन चालू रहने दो

**कविता। फरीदाबाद**

**जिला** समाज कल्याण विभाग की कार्यशैली से बुजुर्गों को लगातार परेशान होना पड़ रहा है। कभी अधिकारी के तुगलकी फरमान से तो कभी जिंदा लोगों को मृत घोषित करके परेशान किया जा रहा है। जो लोग जिंदा होने का सबूत दे रहे है, उनको पेंशन सबूत देने के बाद जारी तो हो रही है, लेकिन वह भी सबूत देने के समय से, उससे पहले की पेंशन के लिए मृत घोषित जिंदा बुजुर्ग व्यक्ति लगातार विभाग के चक्कर काट रहा है। कुछ

### 15 अप्रैल को मृत्यु दर्शा कर बंद हुई पेंशन, चालू करवाने को लिखा डीसी को पत्र

ऐसा ही हाल गावं फरीदपुर निवासी राजाराम का है। ऐसे ही सैकड़ों बुजुर्गों की परेशानी का कारण जिला समाज कल्याण विभाग बना हुआ है।

### हेराफेरी या लापरवाही ?

**सेक्टर-22** निवासी शिवदयाल को 6-7 साल से वृद्धावस्था पेंशन मिल रही थी, लेकिन वर्ष 2020 अप्रैल में जब वह पेंशन निकालने


राजाराम।

पहुंचा, तो पता चला कि फरवरी 2020 से उसकी पेंशन खाते में नहीं आई है। जिस पर उसने जिला समाज कल्याण कार्यालय में पता किया, तो मालूम हुआ कि उसे विभाग ने वर्ष 2017 में मृत घोषित कर दिया है।

अब विभाग की हेराफेरी का खेल था या लापरवाही का। जब उसे 2017 में मृत घोषित कर दिया गया था तो जनवरी 2020 तक उसके खाते में पेंशन कैसे आई। जब उसने जिंदा होने का सबूत जिला उपायुक्त, जिला समाज कल्याण अधिकारी, एमएलए, पार्षद को दिए, तो उसकी पेंशन नवंबर की उसे दिसबंर माह के अंत में मिली, लेकिन फरवरी से अक्टूबर 2020 की पेंशन अब भी अटक गई थी। अब ऐसे ही गांव फरीदपुर निवासी राजाराम के संग हुआ है। जिसमें उनकी बुढ़ापा पेंशन 15 अप्रैल 2022 को उनकी मौत दर्शाकर बंद कर दी। वह सभी अधिकारियों को खुद के जिंदा होने का सबूत दे चुका है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जिस पर उसने अब डीसी से पत्र लिखकर गुहार लगाई है।

### लगातार परेशान हैं बुजुर्ग

**शहर** के कुछ बुजुर्गों ने बताया कि जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा पेंशन में लगातार नए नियम लागू कर दिए जाते हैं। कभी फार्म लेने के लिए एक डेट निर्धारित कर दी जाती है तो कभी चिकित्सकों के हस्ताक्षर करने के लिए बुजुर्गों को परेशानी उठानी पड़ती है। सेक्टर-15, बीके सिविल अस्पताल और नगर निगम तक के चक्कर लोगों को कटवाये जाते हैं। जिसके बाद पेंशन बनती है, तो उसमें भी परेशानी की वह अगले माह आएगी या फिर दो माह बाद। जिससे बुजुर्ग आए दिन परेशान हो रहे हैं।

# पत्नी के प्रेमी को फंसाने के लिए दी मेट्रो स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी

### सराय मेट्रो स्टेशन पर बम रखने का पत्र मिला था मेट्रो की सुरक्षा में लगे सीआईएसएफ जवान को

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**डीसीपी** क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए एसीपी मेट्रो विनोद कुमार एवं क्राइम ब्रांच बॉर्डर प्रभारी इंस्पेक्टर सेठी मलिक की टीम ने मेट्रो स्टेशन पर बम रखने के पत्र का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम रामबीर है जो उत्तर प्रदेश के नानपुर, मुरादाबाद का रहने वाला है। आरोपी की उम्र 21 वर्ष है। क्राइम ब्रांच की टीम ने तकनीकी तथा गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया


बम रखने की झूठी सूचना देने वाला गिरफ्तार आरोपी।

है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी की पत्नी पूजा (बदला हुआ नाम) काम की तलाश में 8 जुलाई को घर से बिना बताए फरीदाबाद आई थी। आरोपी को अपनी पत्नी की फरीदाबाद में होने की सूचना प्राप्त हुई जिसके पश्चात वह 26 जुलाई को फरीदाबाद आया और पत्नी के साथ पर रहने उसे शक हुआ कि उसकी पत्नी का मनीष नाम के व्यक्ति के साथ नाजायज संबंध चल रहे हैं। पति अपनी पत्नी से नाराज होकर वापस उत्तर प्रदेश के अपने गांव चला गया लेकिन वहां जाकर उसके दिमाग में चलता रहा कि उसकी पत्नी उसे धोखा दे रही है और पत्नी के रास्ते से प्रेमी को हटाने के लिए वह फिर से फरीदाबाद आया। जहां उसने अपनी पत्नी के प्रेमी को फंसाने की साजिश रची। आरोपी ने मनीष को फंसाने के लिए उसके नाम से एक पत्र लिखा जिसमें उसने सराय ख्वाजा मेट्रो स्टेशन को बम रखने की योजना व बैंक की कैश वैन लूटने का पत्र लिखा व पत्नी के प्रेमी मनीष का मोबाइल नंबर लिख दिया ताकि उसे पुलिस पकड़कर ले जाए। पत्नी के प्रेमी से बदला लेने के मकसद से आरोपी सराय मेट्रो स्टेशन पहुंचा और अपनी पहचान छुपाने के लिए अपने चेहरे को ढक लिया और लंगड़ाकर चलने लगा ताकि सीसीटीवी कैमरे में देखने पर भी वह पहचान में ना आ सके। आरोपी मेट्रो स्टेशन पर पत्र छोड़कर वहां से चला गया। मेट्रो की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ को यह पत्र मिला तुरंत फरीदाबाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक मुकदमा दर्ज किया गया। एसीपी मेट्रो विनोद कुमार एवं क्राइम ब्रांच बॉर्डर की टीम ने एवं सीसीटीवी फुटेज एवं विशेष सूत्रों की सहायता से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एसीपी मेट्रो विनोद कुमार का इस मामले में अहम योगदान रहा। जिन्होंने कड़ी मशक्कत करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। आरोपी के खिलाफ थाना मेट्रो में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। जिसमें आरोपी से मामले में गहनता से पूछताछ की जाएगी।

# बरसाने पहुंची श्रीराधा रानी निमंत्रण यात्रा


बरसाने में निमंत्रण यात्रा में शामिल लोग।

**फरीदाबाद।** श्रीराधे मित्र मंडल बल्लभगढ़ द्वारा श्रीराधा रानी निमंत्रण यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें बल्लभगढ़ से छह बसों व अनेक कार से लगभग 350 भक्तजनों ने भाग लिया।

श्रीराधे मित्र मंडल बल्लभगढ़ के प्रधान मोहित कुमार गुप्ता ने बताया कि श्रीराधे मित्र मंडल पिछले 12 वर्षो से निरन्तर श्रीराधा रानी जन्मोत्सव का कार्यक्रम आयोजित करता है। जो इस वर्ष 4 सितंबर को राजा नाहर सिंह महल बल्लभगढ़ में मनाया जा रहा है। इसी आयोजन का सबसे पहला निमंत्रण श्रीराधा रानी को बरसाना जाकर दिया जाता है। इस निमंत्रण यात्रा में सभी भक्तजनों के झूमते नाचते हुए बरसाना धाम की परिक्रमा की। यात्रा में बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मनोज अग्रवाल के सहयोग से मंदिर में भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई। निमंत्रण यात्रा में पारस अग्रवाल, नितिन मित्तल, गोकुलेश कटारा, राकेश गुप्ता व ललित मित्तल ने तन मन धन से विशेष सहयोग किया।

इस अवसर पर योगेश गोयल, भगवान दास, प्रवीण गर्ग, दिनेश मंगला, प्रियंका अग्रवाल, वीना गुप्ता, पूजा अग्रवाल, खुशबू मित्तल, अनुराधा शर्मा, सुषमा अग्रवाल, शुभम् कसाना आदि उपस्थित रहे।

# महिलाओं की सुरक्षा के लिए जागरुकता जरूरी

### जेसी बोस के कार्यक्रम में पहुंची हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष

**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने आज समाज में महिलाओं के अधिकारों की रक्षा, विशेषकर साइबर अपराधों से सुरक्षा के लिए, महिलाओं के खिलाफ अपराधों से संबंधित विभिन्न कानूनों को लेकर जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया है।

रेणु भाटिया आज जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद में हरियाली पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रही थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. एसके तोमर ने की। उन्होंने भाटिया को पौधा भेंट कर स्वागत किया।

भाटिया ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ लक्षित साइबर अपराधों में साइबर स्टॉकिंग, साइबर मानहानि, अश्लील सामग्री का प्रसार और किसी



हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती रेणु भाटिया को पौधा भेंट करते हुए कुलपति प्रो. एसके तोमर।

की निजता में अतिक्रमण करना शामिल है जोकि आजकल बहुत आम है। वर्चुअल दुनिया में बढ़ते दायरे के कारण साइबर अपराध की संभावना बहुत अधिक होती जा रही है, जिसका सॉफ्ट टारगेट अक्सर शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ने वाली लड़कियां होती हैं।

भाटिया ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर विभिन्न कानूनों के बारे में जागरूकता लड़कों के लिए भी उतनी ही जरूरी है, जितनी लड़कियों के लिए। लड़कों को भी ऐसे अपराधों के परिणामों से भली-भांति परिचित होना चाहिए। उन्होंने साइबर अपराध को लेकर विद्यार्थियों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

# इंडिगो एयरलाइंस में नौकरी दिलवाने के नाम पर ठगने वाले नौ और गिरफ्तार

### आरोपियों के कब्जे से 1 लैपटॉप, 20 मोबाइल फोन, 13 सिम तथा 3 लाख 22 हजार रुपये बरामद

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा द्वारा धोखाधड़ी व साइबर ठगी के मामलों में शामिल आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के दिशा-निर्देश तहत कार्रवाई करते हुए साइबर थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर बसंत की टीम ने देशभर में ठगी की 18 वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह के 9 आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

इस मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी बकाया है। जिनकी तलाश की जा रही है और उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। डीसीपी हेडक्वार्टर नितीश अग्रवाल ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में दीपक सिंह, सुरेन्द्र प्रताप


पुलिस की गिरफ्त में ठगी के आरोपी।

सिह उर्फ संजू बाबा, मानवेन्द्र सिह, अजीत सिंह, शिवम सिंह, सत्यम सिंह, तथा विनीत सिह उत्तर प्रदेश के जालौन जिले के रहने वाले है व आरोपी मोहित उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले का तथा आरोपी रजत उत्तर प्रदेश के औरेया जिले का रहने वाला है।

वर्तमान में सभी आरोपी दिल्ली के विपिन गार्डन द्वारका मोड़ में रह रहे है। इस साइबर ठग गिरोह ने ऑनलाइन नौकरी तलाश की वेबसाइट shine.com का सहारा लेकर फरीदाबाद के रहने वाले एक व्यक्ति के साथ साइबर ठगी की वारदात को अंजाम दिया। 27 जुलाई 2022 को साइबर पुलिस थाना एनआईटी में धोखाधड़ी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें पीड़ित अवनीश ने बताया कि आरोपियों ने उसके साथ 6 लाख 65 हजार 440 रुपये की धोखाधड़ी को अंजाम दिया है। पीड़ित की शिकायत के आधार पर थाने में मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई।

आरोपी सुरेन्द्र प्रताप सिह उर्फ संजू बाबा, शिवम सिंह, मोहित, सत्यम सिह, रजत संगर तथा विनीत सिह को 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया था। जिन्हे पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है। मुख्य दीपक सिह, मानवेन्द्र सिह तथा अजीत सिह को 10 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस रिमांड में पूछताछ के दौरान सामने आया कि आरोपी दिल्ली के द्वारका मोड़ में एक फर्जी कॉल सेंटर चलाते थे।

### जिला के विभिन्न विद्यालयों में बिखरे संस्कृति के रंग

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेन्द्र यादव के कुशल मार्गदर्शन में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सूचना जनसंपर्कएवं भाषा विभाग, कला एवं संस्कृति विभाग और शिक्षा विभाग के तालमेल से जिला फरीदाबाद के पांच सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए विद्यार्थियों को 13 से 15 अगस्त तक चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान के लिए जागरूक किया गया। यह जागरूकता सांस्कृतिक कार्यक्रम स्कूलों के प्रिंसिपल की अध्यक्षता में आयोजित किए गए।

जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राकेश गौतम ने बताया कि सोमवार को आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में 13 से 15 अगस्त तक मनाए जाने हर घर तिरंगा अभियान व देश की आजादी के लिए जिन महान योद्धाओं व स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना बलिदान दिया। उनके बारे विद्यार्थियों को बताया गया। जिससे कि अधिक से अधिक बच्चे आजादी की कीमत को समझ सकें।

# अमेंडमेंट बिल के खिलाफ बिजली कर्मियों का प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**संसद** में पेश किए जाने वाले बिजली निजीकरण के (अमेंडमेंट) बिल के खिलाफ सोमवार को बिजली कर्मचारियों ने सब डिवीजन व सर्कल कार्यालय पर आक्रोश प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का सर्कल में व्यापक असर दिखाई दिया। कर्मचारियों के बड़ी संख्या में प्रदर्शन में शामिल होने से काम ठप हो गया।

नेशनल कोआर्डिनेशन कमेटी आफ इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज एंड इंजीनियर के आह्वान पर सोमवार को आल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के बेनर तले बिजली कर्मचारियों ने सभी सब डिवीजनों में इकट्ठा होकर बिजली अमेंडमेंट बिल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नारेबाजी करने करने के उपरांत बिजली कर्मचारियों ने सेक्टर 23 सर्कल आफिस के लिए मार्च किया। सर्कल सचिव कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में सामूहिक धरने का आयोजन किया और केन्द्र सरकार की वादाखिलाफी एवं विश्वासघात के खिलाफ तानाशाही तरीके से निजीकरण के बिजली संशोधन बिल को पास


सर्कल आफिस में बिजली कर्मचारियों के धरने को संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा।

करवाने के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन किया। धरने पर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा भी धरने पर पहुंचे। प्रदर्शन में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान अशोक कुमार व सचिव बलबीर सिंह बालगुहेर के नेतृत्व में कई विभागों के पदाधिकारियों ने धरने पर पहुंच कर आंदोलन का पुरजोर समर्थन किया सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा व एएचपीसी वर्कर यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शब्बीर अहमद गनी ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकारों और हितधारकों किसानों, कंज्यूमर व बिजली कर्मचारियों से विचार विमर्श किए बिना एकतरफा ढंग से बिजली अमेंडमेंट बिल को सोमवार को संसद में पेश करने के लिए सूचीबद्ध किया गया। प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा ने कहा कि बिल में कंज्यूमर को सर्विस प्रोवाइडर बदलने की च्वाइस की बजाय बिजली वितरण के दिए जाने वाले लाइसेंसी को उपभोक्ता चुनने की च्वाइस होगी।

### हरियाणा टूरिज्म कर्मचारियों ने की गेट मीटिंग

**फरीदाबाद।** होटल राजहंस सूरजकुंड में हरियाणा टूरिज्म कर्मचारी संघ सम्बन्धित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की गेट मीटिंग प्रधान मुरारीलाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मंच का संचालन डिगम्बर सिंह ने किया।

मीटिंग में मोटेल सनबर्ड, लेकव्यू हट्स, हर्मिटेज हट्स, बड़खल लेक, मैगपाई, गोल्फक्लब, नाहरसिंह महल और शमां गुरुग्राम के कर्मचारियों ने भाग लिया। मीटिंग को सम्बोधित करते हुए राज्य प्रधान सुरेश नोहरा व महासचिव सुभाष देसवाल उप महासचिव युद्धवीर सिंह प्रेस सचिव टीकाराम शर्मा ने कहा कि प्रशासन ने निगम के बेस क़ीमती कॉम्पलेक्सों को बेचने की जो मंशा पाल रखी उसे कभी पूरी नही होने देंगे।सातवें पे कमीशन का हाउस रेंट अभी तक नही मिलने पर करमचारियों को हज़ारों का नुकसान हो रहा है। कर्मचारियों के सेवा नियम नही बनने के कारण पदोन्नति नही हो पा रही हैं। कर्मचारियों की वेतन की समस्या लगातार बरक़रार है। त्यौहार शुरू हो गए मगर कर्मचारियों को दो महीने का वेतन अभी तक नही मिला है।

# हरियाणा के संदीप कुमार ने इंग्लैण्ड में फहराया तिरंगा

**फरीदाबाद।** एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि सूबेदार संदीप कुमार ने 28 जुलाई से 7 अगस्त तक सम्पन्न हुए कामनवैल्थ गेम्स में बर्मिंघम में 10 किलोमीटर रेस वाक इवेंट में 38 मिनट 49 सेकेण्ड और 21 माइक्रोन का समय देकर नया नेशनल रिकार्ड बनाकर कांस्य पदक जीता।

एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि कामनवैल्थ गेम्स में कांस्य पदक विजेता सुरहेती सतनाली( महेंद्रगढ़) निवासी संदीप कुमार के पिता प्रीतम साधारण किसान हैं। संदीप कुमार जब सात साल के थे तब उनकी माता का देहांत हो गया था। संदीप कुमार के पिता प्रीतम ने परिवार के सदस्यों का गुजारा खेतीबाडी और पशु पालन कर किया। सूबेदार संदीप कुमार ने 2021 में नेशनल ओपन रेस वाक चैंपियनशिप रॉंची (झारखण्ड) में 20 किलोमीटर रेस वाक इवेंट का नया नेशनल रिकार्ड 1 घंटा 20 मिनट 16 सेकेण्ड के साथ बनाया इससे पहले यह नेशनल रिकार्ड देवेंदर सिंह के नाम


संदीप।

था। देवेंदर सिंह ने नेशनल रिकार्ड 2016 नियोमी जापान में 1 घंटा 20 मिनट 21 सेकेण्ड का समय देकर बनाया था। संदीप कुमार 2022 में नेशनल ओपन रेस वाक चैंपियनशिप रॉंची में 1 घंटा 22 मिनट और 5 सेकेण्ड का समय देकर स्वर्ण पदक विजेता बन हरियाणा राज्य और जिले का नाम रोशन किया था। टोक्यो जापान ओलम्पिक में भाग लेकर 23वां स्थान प्राप्त किया था। सूबेदार संदीप कुमार ने बताया कि वह रोजाना 35 से 40 किलोमीटर रेस वाक इवेंट का नियमित अभ्यास करता है और इसी अभ्यास के कारण ही कामनवैल्थ गेम्स में 10 किलोमीटर रेस वाक इवेंट में कांस्य पदक जीतकर भारत देश का नाम रोशन किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### भगवान शिव तीन स्थानों पर करते हैं निवास : वशिष्ठ


कथा का आनंद लेते श्रोतागण।

**फरीदाबाद।** लक्ष्मी नारायण मंदिर बघोला के प्रांगण में चल रही श्रीशिव महापुराण कथा के अंतिम दिन कथावाचक पंडित प्रेम चंद वशिष्ठ ने शिव महिमा का सुंदर बखान करते हुए देश में 12 ज्योतिर्लिंग का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि गुजरात में सोमनाथ मंदिर की स्थापना स्वयं चंद्रदेव ने किया था। इसी तरह अन्य ज्योतिर्लिंग के बारे में श्रोताओं को बताते हुए ज्ञान की गंगा में डुबोए रखा। शिव वासकथा वाचक वशिष्ठ ने भगवान शिव महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि वह तीन स्थानों पर वास करते है। उन्होंने वर्णन करते हुए कहा कि कंकड़ में भी शंकर हैं। भगवान शिव आज भी तीन स्थानों कैलाश आनंद पर्वत, काशी व शमशान में वास करते हैं, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि लोग आज शमशान घाट पर ही कब्जा करने लगे हैं। जो एक चिंता का विषय है। कथा के अंतिम दिन मास्टर घनश्याम व गांव के डालचंद नंबरदार ने कथा वाचक का माला डालकर स्वागत किया। इसके अलावा महिला मंडल अध्यक्ष माया देवी को बुजुर्ग महिला चंदा देवी ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

### पावटा में मिला पहला डेंगू पॉजिटिव मरीज

**फरीदाबाद।** कोरोना के जहां एक तरफ 72 नए मरीजों की पुष्टि की गई है। वहीं दूसरी तरफ कोरोना के संग ही डेंगू व मलेरिया के मरीज भी सामने आने लगे है। पिछले हफ्ते जहां मलेरिया का एक मरीज चावला कालोनी से सामने आया था। वहीं अब डेंगू का मरीज भी सामने आया है। डेंगू का पहला मरीज पावटा गांव से सामने आया है। इस बारे में अधिकारियों ने बताया कि 26 वर्षीय युवक पावटा का निवासी है। जिसे देखते हुए उसके घर के आसपास एंटी लार्वा एक्टिविटी करवा दी है।

### निगम द्वारा मकान सील करने पर की आत्महत्या


पोस्टमार्टम की कार्रवाही के दौरान पुलिस व परिजन।

**फरीदाबाद।** एनएच-तीन में नगर निगम द्वारा गतदिवस कई निर्माणाधीन इमारतों को सील कर दिया गया था। जिसके सदमें में आकर एक मकान के मालिक ने देर शाम मकान मालिक ने आत्महत्या कर ली। फिलहाल पुलिस ने मृतक व्यक्ति के शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को शव सौंप दिया है और जांच कर रही है। रविवार को नगर निगम ने अवैध निर्माणाधीन मकानों और दुकानों को एनआईटी इलाके में सील किया था। एनएच-तीन स्थित मकान नम्बर तीन डी 39 को 40 वर्षीय प्रवीन सचदेवा बनवा रहा था। वह तीन डी 140 नम्बर मकान में किराये पर रहते थे। प्रवीन के नवनिर्मित मकान को निगम के द्वारा सील कर दिया गया। मानसिक रूप से परेशान होकर प्रवीन ने रविवार की रात को ही आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं दूसरी तरफ वहां के निवासियों का कहना है कि प्रवीन सचदेवा प्रोपर्टी डीलर था, जबकि इस बात की पुष्टि न तो प्रवीन के परिजनों ने की और न ही पुलिस ने की।


### सम्मान समारोह में शामिल हुआ अतिथि अध्यापक संघ

**बल्लभगढ़।** राजकीय व-मा विद्यालय, पन्हैड़ा खुर्द में सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी सतीश चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर अतिथि अध्यापक संघ, फरीदाबाद ने प्रधानाचार्या रेणु शर्मा को शॉल व प्रशस्ति-पत्र भेंट कर सम्मानित किया। शर्मा अपनी 27 वर्ष की सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रही हैं। जिला प्रधान रघु वत्स ने बताया कि रेणु शर्मा का सेवा काल बहुत ही सराहनीय रहा है और जब से विद्यालय में प्रधानाचार्या का कार्यभार संभाला है विद्यालय ने निरंतर अपनी अलग पहचान बनाई है। संघ उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है। इस अवसर पर संघ की तरफ से जिला महासचिव भागीरथ शास्त्री, ब्लॉक प्रधान सुन्दर भड़ाना, गोपाल शास्त्री, अनीता शर्मा, रेखा रानी, शशि सिक्का, गीता रानी, दर्शन, अर्चना गुप्ता आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### डीएवी की छात्रा हिमांशी ने किया नाम रोशन

**फरीदाबाद।** डीएवी एनटीपीसी की छात्रा हिमांशी ने जेईई मैंस में 99.145 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार व विद्यालय का नाम रोशन किया। गतवर्ष हिमांशी शर्मा ने 12वीं कक्षा में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया था। हिमांशी की सफलता पर बधाई देते हुए स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती अलका अरोड़ा जी ने हिमांशी को उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद देते हुए कहा कि हिमांशी बहुत ही प्रतिभाशाली परिश्रमी, मेधावी व कर्तव्यनिष्ठ छात्रा है। यह उसके निरंतर अभ्यास व अथाह परिश्रम का ही फल है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि वह भविष्य में एक अच्छा मुकाम हासित करेगी तथा अपने विद्यालय और माता पिता का नाम आसमान की बुलंदियों तक पहुंचाएगी।

### हॉमर्टन ग्रामर स्कूल के शिशुओं का दीक्षांत-समारोह



**फरीदाबाद।** सेक्टर-21ए स्थित हॉमर्टन ग्रामर स्कूल ट्रिनिटी हॉल में शिशुओं का एक भव्य समारोह का आयोजन सम्पन्न हुआ। जिसमें केजी, कक्षा-1 के बच्चों ने बड़े उत्साह से अपना सम्मान-पत्र प्राप्त किये। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध निदेशक राजदीप सिंह, सुजैन कौर, प्रेरणा बी. सिंह कौर तथा हॉमर्टन ग्रामर स्कूल की प्रधानाध्यापिका अर्चना डोगरा ने मां सरस्वती-पूजन के साथ दीप-प्रज्वलन कर किया। बच्चों के मनोरंजन तथा उत्साहवर्धन हेतु स्वागत-गान, स्वागत-नृत्य तथा रैम्पवॉक का मोहक प्रदर्शन किया गया। आयोजन का मुख्य आकर्षण कक्षा 4 तथा 5 के बच्चों द्वारा प्रस्तुत 'सिण्डरफैला' नृत्यनाटिका रही।

### महाविद्यालय पत्रिका जागृत के प्रथम अंक का किया अनावरण

**बल्लभगढ़।** श्रीमती सुषमा स्वराज राजकीय कन्या महाविद्यालय बल्लभगढ़ में प्राचार्या कृष्णा श्योरान ने महाविद्यालय पत्रिका जागृत के प्रथम अंक का अनावरण किया। जिसकी मुख्य संपादक डॉ ऋचा सहायक आचार्य राजनीति शास्त्र एवं संपादक मंडल और जिसमें डॉ सपना नागपाल, डॉ सपना सचदेवा, रमनप्रीत कौर, डॉ सौरभ त्रिपाठी, चंद्रशेखर, भावना कौशिक के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने स्वरचित कविताएं लेख एवं निबंधों का प्रकाशन पत्रिका के अंतर्गत किया। प्राचार्या ने पत्रिका का मुख्य ध्येय कन्याओं को साहित्यिक कलात्मक एवं वैचारिक पटल प्रदान करना बताया है जिससे वे अपने मनोभाव एवं संवेदनाओं को रख सकें। इस अवसर पर महाविद्यालय की भूतपूर्व प्राचार्या संध्या, प्रदीप एवं अन्य सह आचार्य अर्चना वर्मा, रितिका गुप्ता, सुलोचना वर्मा, नीलम, कल्याणी महिला महाविद्यालय फरीदाबाद से शशि बाला राजकीय महाविद्यालय तिगांव से कमला चौधरी राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद से उपस्थित रहीं।

# गंदे नाले में डूबा घर के बाहर खेलता छह साल का बच्चा


गुरुग्राम के गांव गाड़ौली में गंदे नाले में डूबे बच्चे की तलाश की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा लगाया गया जाम।


जाम के दौरान उन्हें समझाते पुलिस अधिकारी।


गंदे नाले में डूबे बच्चे के वियोग में विलाप करते परिजन।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### गाड़ौली में ग्रामीणों ने जाम किया गुरुग्राम-रेवाड़ी रोड

### आरोप, बरसाती पानी निकासी के नाम पर बहाया जा रहा शहर का गंदा पानी

**गुरुग्राम-रेवाड़ी** रोड पर बादशाहपुर विधानसभा में और गुरुग्राम नगर निगम क्षेत्र के पहले गांव गाड़ौली के साथ से गुजर रहे गंदे नाले में करीब साल का बच्चा गिर गया। सूचना पाकर पुलिस, गोताखोर भी मौके पर पहुंचे, लेकिन अभी तक बच्चे के बारे में कुछ पता नहीं चल पाया। इस घटना के विरोध में गाड़ौली के ग्रामीणों ने सड़क जाम की। ग्रामीणों ने बादशाहपुर के विधायक राकेश दौलताबाद के खिलाफ भी खूब गुस्सा है। उन्हें इस घटना को लेकर खूब फोन किए गए। उन्होंने कोई बात नहीं की।

जानकारी के अनुसार गांव गाड़ौली निवासी सुंदर का करीब 7 साल का बेटा निशांत घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान वह घर के सामने से गुजर रहे गंदे नाले में गिर गया। परिजनों को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने शोर शराबा किया। गांव के लोग वहां एकत्रित हुए। पुलिस को सूचना दी गई। गोताखोर भी बुलाए गए, लेकिन बच्चे को नहीं ढूंढ पाए।

इस घटना के विरोध में सोमवार सुबह ही ग्रामीणों ने गांव के स्कूल के पास जाम लगा दिया। जाम की सूचना से पुलिस भी मौके पर पहुंची। इस दौरान गुरुग्राम से रेवाड़ी की तरफ जाने वाले और रेवाड़ी, पटौदी से आने वाले वाहनों की लंबी कतारें लग गई। पुलिस अधिकारी सुभाष चंद्र ग्रामीणों से जाम खोलने का आग्रह करते रहे। उन्होंने ग्रामीणों पर गुस्सा भी दिखाया, लेकिन ग्रामीणों ने भी अपने तेवर दिखाते हुए कहा कि जब तक बच्चा नहीं मिल जाता और इस नाले का कोई समाधान नहीं हो जाता वे जाम नहीं खोलेंगे, क्योंकि इस नाले पर बना पुल भी गत सप्ताह बीच में से टूट चुका है।

जिस पर अब लोहे की चद्दर रखी गई है। इसके अलावा क्षेत्र के विधायक राकेश दौलताबाद पर तो ग्रामीण खूब गुस्सा हैं। उनका कहना है कि सबसे अधिक वोटों से इसी गांव से राकेश दौलताबाद को जीत मिली, लेकिन अब वे दुख की घड़ी में ग्रामीणों से बात तक नहीं करना चाहते। उन्हें खूब फोन किए गए। उनके पीए ने फोन रिसीव करके कह दिया कि साहब बिजी हैं। समाचार लिखे जाने तक ग्रामीण महिलाएं, पुरुष जाम लगाए हुए थे। वहीं गोताखोरों की टीम नाले से बच्चे की तलाश में जुटी थी।

## नरक बना दिए हैं नगर निगम गुरुग्राम में शामिल किए गए गांव

**गुरुग्राम।** गांव गाड़ौली के साथ लगते गंदे नाले में बच्चे के डूबने की घटना से खफा ग्रामीण विकास को लेकर भी सवाल उठा रहे हैं। सोमवार को ग्रामीणों का कहना है कि नगर निगम में तो गांव को शामिल कर लिया गया, लेकिन गांव का किसी भी तरह से कोई विकास नहीं किया गया। वे देखते हैं नए गुरुग्राम में तो लगातार सड़कें भी बन रही हैं, लेकिन यहां वर्षों पहले बनी सड़क में गड्ढे तक नहीं भरे जा रहे। निगम में शामिल गांवों को नरक बना दिया गया है।

गांव गाड़ौली से भाजपा नेता अनिल गंडास, ग्रामीण दलबीर आदि ने बताया कि गांव के साथ से निकल रहा यह नाला पहले गंदा नाला नहीं था, बल्कि बरसाती नाला था। इसे नदी नाम दिया गया था। बाद में इसमें कंपनियों, फैक्ट्रियों का गंदा पानी डाला जाने लगा। आज गांव के हालात यह है कि लोगों का खाना-पीना भी दुभर हो गया है। बदबू इतनी उठती है कि घरों में रहना नरक समान हो गया है। विशेषकर इसके किनारे पर रहने वाले लोगों का। उनका तो जीवन सदा खतरे में ही रहता है। बरसात में जब यह उफान पर आ जाता है तो घरों में भी पानी घुस जाता है। नाले के किनारों पर किसी भी तरह के सुरक्षा इंतजाम नहीं है। घरों के सामने से गुजरने वाले


गांव गाड़ौली में यही है खतरनाक गंदे पानी का नाला।

इस नाले के किनारे ग्रिल या दीवार बनानी चाहिए, जो कि नहीं बनाई गई है। नाले पर बना पुलिस भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। यहां कभी बड़ा हादसा हो सकता है और नाले में गिरकर लोगों की मौत भी हो सकती है, क्योंकि यह गहरा नाला है और इसमें गंदा कैमिकल युक्त पानी बहता है। एक सप्ताह पूर्व यह पुलिस बीच में से काफी दूरी में टूट गया गिर गया था। जिस पर लोहे की चद्दर रखी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों पहले बनाया गया यह पुल नया बनाना चाहिए। यह मांग कई बार की जा चुकी है। फिर भी कोई कदम नहीं उठाए जा रहे। लगता है प्रशासन हादसे का इंतजार कर रहा है।

## बिना रुके-थके नरेंद्र ने छह दिन में नापा माउंट एवरेस्ट

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

### नरेंद्र ने अभियान का नाम रखा आजादी का अमृत महोत्सव फास्टेस्ट एवरेस्ट अभियान-2022


विश्व रिकॉर्ड के सर्टिफिकेट दिखाते पर्वतारोही नरेंद्र सिंह यादव।

**पर्वारोहण** करके अनेकों रिकॉर्ड बना चुके पर्वतारोही नरेंद्र सिंह यादव ने बिना रुके-थके छह दिन में माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करके नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट नेपाल में है। नेपाल सरकार व रिकॉर्ड एजेंसी की ओर से नरेंद्र सिंह को इस रिकॉर्ड के प्रमाण पत्र दिए गए। नरेंद्र ने अपने इस अभियान का नाम आजादी का अमृत महोत्सव फास्टेस्ट एवरेस्ट अभियान-2022 रखा है।

नरेंद्र सिंह यादव ने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट को फतह कर वहां राष्ट्रीय गीत गाते हुए आजादी का अमृत महोत्सव मनाया। पर्वतारोही नरेन्द्र ने अपने इस अभियान को रेजांगला युद्ध के शहीदों को समर्पित किया। नरेंद्र एमए योगा का छात्र है। नरेंद्र सिंह यादव ने माउंट एवरेस्ट की यह यात्रा 27 मई 2022 को सुबह 5:00 बजे भारत का तिरंगा लेकर शुरू की और छह दिन में बिना रुके-थके दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर पहुंचकर विश्व कीर्तिमान बनाया। यह अभियान दक्षिण (नेपाल) के रास्ते से फतह किया गया है। नरेंद्र ने पहले भी इस चोटी को वर्ष 2016 में फतह किया था। उसका अब अगला लक्ष्य उत्तरी अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी देनाली है। अंटार्कटिका की सबसे ऊंची चोटी विंसन है, जिसके लिए नरेंद्र तैयारी में लगा हुआ है। उत्तरी अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी देनाली को जून में पूरा करने का समय निर्धारित हुआ है।

### सात महाद्वीपों को फतह करने का है सपना

**आर्मी** जवान कृष्णचंद के पुत्र नरेंद्र सिंह यादव का सपना दुनिया के सभी सात महाद्वीपों को फतह कर विश्व रिकॉर्ड बुक में छाप छोड़ने का है। नरेन्द्र ने अब तक 5 महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटियों को फतह किया है। जिसमें माउंट एवरेस्ट, किलिमंजारो को दो बार, एलब्रूस को ट्रैवल्स में, कोजास्को व ऑस्ट्रेलिया की 10 सबसे ऊंची चोटियां शामिल हैं। इसके साथ-साथ दक्षिण अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी एकंकागुआ को भी फतह किया है। नरेंद्र ने अब तक पर्वतारोहण के क्षेत्र में 17 विश्व रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। अपनी स्कूली पढ़ाई के दौरान 12 साल की उम्र में ही नरेन्द्र ने जम्मू कश्मीर की पहाड़ियों पर चढ़कर अपने पर्वतारोहण की प्रारंभिक शुरूआत कर दी थी। वर्ष 2008 से इन्होंने नियमित तौर से पर्वतारोहण का अभ्यास शुरू कर दिया था। उसके बाद महज 19 वर्ष की आयु में 6512 मीटर ऊंची भागीरथी-टू व 5612 मीटर ऊंची डीकेडी-टू के साथ कालिंदी पास व वासुकी तालपास, लेह, गढ़वाल चोटी को फतह करके सबसे कम उम्र का पर्वतारोही साबित हुआ था।

## राष्ट्रीय ध्वज का सदा सम्मान करें : सुनीता

### तिरंगा यात्रा को झंडा दिखाकर किया रवाना

### भाजपा किसान मोर्चा ने किया तिरंगा यात्रा का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


तिरंगा यात्रा को रवाना करतीं विधायक सुधीर सिंगला की पत्नी सुनीता सिंगला।

**विधायक** सुधीर सिंगला की पत्नी सुनीता सिंगला ने आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में हर घर तिरंगा यात्रा के तहत वजीराबाद और बासकुसला गांव में तिरंगा यात्रा में भाग लिया। उन्होंने यात्रा को तिरंगा झंडा दिखाकर रवाना किया। भाजपा किसान मोर्चा की ओर से यह यात्रा निकाली गई।

यात्रा रवानगी से पूर्व अपने संबोधन में सुनीता सिंगला ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत भाजपा किसान मोर्चा ने गुरुग्राम विधानसभा के अर्जुन मंडल से ओर टिकली गांव से की थी। इसी कड़ी में भाजपा किसान मोर्चा ने बादशाहपुर विधानसभा के खेड़कीदौला मण्डल के बासकुशला गांव मे तिरंगा यात्रा निकालकर हर घर पर तिरंगा फहराने के लिए लोगों को जागरुक करने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव पर देशवासियों में देशभक्ति जगाने का काम किया है। यह हम सबके लिए गौरव की बात है। आजादी का अमृत महोत्सव उन महान स्वतंत्रता सेनानी और शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि है, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। उन्होंने ग्रामीण युवाओं, बच्चों से कहा कि वे स्वतंत्रता सेनानियों, देश के सैनिकों, शहीदों को सदा नमन करें, जिनके समर्पण से आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। सिंगला ने यह भी कहा कि 13 से 15 अगस्त तक सभी अपने घरों पर तिरंगे लगाएं।

## पुराने बाजार में अतिक्रमण हटाने से दुकानदारों में हड़कंप

**सोहना।** नगर परिषद ने शहर की तंग गलियों में हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान के दौरान रास्ते और दुकान के बाहर सामान रखकर बैठे दुकानदारों को चेतावनी देकर छोड़ा गया।

सोमवार को नगर परिषद के सफाई इंस्पेक्टर सतेन्द्र यादव के नेतृत्व में पुराना बाजार में हो रहा अतिक्रमण का सफाया किया। आज का अभियान अतिक्रमण करके बैठे दुकानदारों को चेतावनी देकर छोड़ा गया। जिससे रक्षाबंधन से पहले शहर को अतिक्रमण मुक्त किया जा सके। शहर के बड़ा बाजार, नेहरू बाजार, शिव कुंड चौक दर्ज वाड़ा आदि स्थानों पर अतिक्रमण करने वालों को अपना सामान अंदर रखने की हिदायतें दी गई। नगर परिषद प्रशासन की तरफ से पहली बार पुराने बाजार में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया।

## पांच गांव को स्मार्ट बनाने को हुआ करार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**जिला** के गांवों में उपलब्ध सुविधाओं में आवश्यक सुधार के लिए जिला प्रशासन को निरंतर सामाजिक संस्थाओं का सहयोग मिल रहा है। इसी क्रम में जिला के पांच गांव घामड़ोज, गढ़ी बाजिदपुर, बेरका, लाखुवास व खरोदा को स्मार्ट गांव बनाया जाएगा। इसके लिए सोमवार को यहां जिला प्रशासन और केआर मंगलम विश्वविद्यालय के बीच करार पर हस्ताक्षर किए गए।

जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने विश्वविद्यालय के साथ हुए एमओयू पर हस्ताक्षर करने के बाद


पांच गांव को स्मार्ट बनाने के लिए केआर मंगलम विवि के साथ करार फाइल का आदान-प्रदान करते उपायुक्त निशांत कुमार यादव व विवि के कुलपति सीएस दुबे।

जानकारी दी कि विश्वविद्यालय के साथ हुए एमओयू के तहत केआर मंगलम विश्वविद्यालय के विद्यार्थी जिला के इन पांच गांवों में सर्वे, डेटा कलेक्शन, स्वास्थ्य और स्वच्छता, लिंग संवेदीकरण, बुनियादी ढांचे के विकास, रोजगार सृजन की गतिविधियों, वृक्षारोपण सहित इन गांवों को स्मार्ट बनाने की प्लानिंग पर कार्य करेंगे। इसके साथ साथ विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण, शिक्षण और अनुसंधान कार्यक्रम के तहत ग्रामीण उत्थान के लिए चलाई जा रही केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार की विभिन्न स्कीमों में गांव की वास्तविक व भौगोलिक स्थिति के अनुसार आवश्यक सुधार के लिए अपने सुझाव भी प्रस्तुत करेंगे। विश्वविद्यालय के साथ हुए करार के तहत विद्यार्थी इन गांवों के सीमांत किसानों, कमजोर वर्गों और एससी-एसटी की रोजगार क्षमता बढ़ाने की दिशा में कार्य करते हुए उन्हें स्टार्टअप, इनोवेटिव और उद्यमिता कार्यक्रम के बारे में भी जागरुक करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### पैरा एथलीट देवर्षि सचान को गवर्नर ने किया सम्मानित

**गुरुग्राम।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर एवं खाद्य सामग्री वितरण समारोह में गनर्वर बंडारू दत्तात्रेय ने पैरा एथलीट एवं सामाजिक कार्यकर्ता देवर्षि सचान को सम्मानित किया। उनके द्वारा खेलों के साथ विभिन्न क्षेत्रों में किए गए समाजिक कार्यों की प्रशंसा की। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा कि सोसायटी गुरुग्राम में रक्तदान जैसी मुहिम में देवर्षि सचान का योगदान सराहनीय है। खेलों में अपने देश का नाम देश-विदेश में रोशन करने के साथ उनकी समाज सेवा से दूसरे लोगों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। भारतीय रेडक्रॉस हरियाणा शाखा के महासचिव मुकेश अग्रवाल ने भी देवर्षि सचान के समाजसेवा के कार्यों की सराहना की। रेडक्रॉस सचिव विकास कुमार ने कहा कि दिव्यांगजनों के हित के लिए आगे आकर सेवा करने में देवर्षि सचान सदा आगे रहते हैं। वे स्वयं 75 प्रतिशत दिव्यांग हैं, लेकिन उनका हौंसला 100 प्रतिशत मजबूत है। देश और हरियाणा का नाम रोशन करते हुए जो सेवा दे रहे हैं, उनके लिए हरियाणा सदैव ऋणी रहेगा। सचिव विकास कुमार ने रक्तदान शिविर कार्यक्रम में अपना सहयोग देने के लिए राजकीय कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रमेश गर्ग का भी धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि बेहतर व्यवस्थाएं यहां पर की गई। खास बात यह है कि डा. रमेश गर्ग ने स्वयं भी रक्तदान करके नेक कार्य किया।


गुरुग्राम में पैरा एथलीट देवर्षि सचान को सम्मानित करते गवर्नर बंडारू दत्तात्रेय।

### अकादमी में 53वें बैच के प्रशिक्षुओं ने किया पौधारोपण



**गुरुग्राम।** आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रत्यक्ष रूप से नियुक्त राजपत्रित अधिकारियों के 53वें बैच के तरु-मित्र क्लब के तत्वावधान में सोमवार को सीआरपीएफ परिसर गुरुग्राम में 500 से अधिक आम के पौधे लगाए गए। पौधारोपण कार्यक्रम में प्रत्येक प्रशिक्षु अधिकारी, संकाय अधिकारी और प्रशिक्षकों ने आम की अनेक किस्म के पौधे लगाए। पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीआरपीएफके अपर महानिदेशक एवं अकादमी के निदेशक प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि प्रशिक्षु अधिकारी अपनी कंपनियों के परिसरों एवं आस-पास के क्षेत्रों में जाकर वृक्षारोपण को प्राथमिकता दें और परिसर को स्वच्छ एवं हरा-भरा बनाने के लिए सदैव तत्पर रहें। इस दौरान उन्होंने सीआरपीएफ की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की गौरवशाली यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) हमेशा आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने के अपने प्राथमिक उद्देश्य के साथ-साथ अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों के लिए प्रतिबद्ध रहा है। सीआरपीएफ अकादमी गुरुग्राम प्रत्यक्ष रूप से नियुक्त राजपत्रित अधिकारियों का अल्मा मेटर भी इसी उद्देश्य के लिए प्रतिबद्ध है। वर्ष 2002 में अपनी स्थापना के बाद से सीआरपीएफअकादमी उत्कृष्टता की ओर अग्रसर है। अकादमी के हर एक सदस्य ने अपनी स्थापना के बाद से इस संस्था का पोषण किया है। जो कभी एक बंजर चट्टानी रेतीला क्षेत्र था। वहां आज दूर दूर तक प्राकृतिक सौंदर्य से पूर्ण हरे-भरे दृश्य दिखाई देते हैं। यह सीधे नियुक्त राजपत्रित अधिकारियों के विभिन्न बैचों के लगातार प्रयास के कारण ही संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफअकादमी गुरुग्राम लगातार वृक्षारोपण अभियान के माध्यम से प्रकृति संरक्षण में योगदान देता रहा है। अकादमी द्वारा अभी तक 300 एकड़ के बड़े और हरे भरे परिसर में 3000 से अधिक विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए जा चुकें हैं।

### द ग्रेट इंडिया रन को सांसद कार्तिक शर्मा ने दिखाई हरी झंडी


द ग्रेट इंडिया रन को रवाना करते उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा व राज्यसभा सांसद कार्तिक शर्मा।

**गुरुग्राम।** द ग्रेट इंडिया रिले रन 5 अगस्त से 15 अगस्त तक चार राज्यों से गुजरते हुए 829 किमी की दूरी तय करेगा। ये रन आजादी के 75वें साल में आजादी का अमृत महोत्सव और हर घर तिरंगा अभियान का जश्न है। आईटीवी और आईटीवी फाउंडेशन की द ग्रेट इंडिया रन एक नई पहल है, जो आईटीवी और आईटीवी फाउंडेशन की 2016 में आयोजित ग्रेट इंडिया रन की सफलता की नई कहानी है। श्रीनगर के लाल चौक से द ग्रेट इंडिया रन को जम्मू-कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा और हरियाणा से राज्यसभा सांसद कार्तिक शर्मा ने झंडी दिखाकर रवाना किया। हर घर तिरंगा अभियान के तहत उप-राज्यपाल ने कार्यक्रम स्थल पर झंडी दिखाने के बाद इसे मुख्य धावक को सौंपा। दौड़ के पहले चरण का नेतृत्व अल्ट्रा-मैराथन धावक अरुण भारद्वाज कर रहे हैं। हरी झंडी दिखाते हुए एलजी मनोज सिन्हा ने धावकों की प्रशंसा की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। राज्यसभा सांसद कार्तिक शर्मा ने हर घर तिरंगा अभियान के समर्थन में लोगों से ग्रेट इंडिया रन में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि ग्रेट इंडिया रन फ्लैग ऑफ देखने के लिए एलजी मनोज सिन्हा के साथ लाल चौक पर यहां आकर मैं रोमांचित हूं। यह दौड़ हमारे आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर हर घर तिरंगा अभियान को समर्पित है। मेरी शुभकामनाएं सभी धावकों के साथ हैं जो भारत के लिए दौड़ेंगे। सभी साथी भारतीयों को विभिन्न चरणों के दौरान मिनी-रन में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

## बिजली कर्मियों ने अमेंडमेंट बिल-2022 के खिलाफ दिया धरना

### वक्ताओं ने बिजली बिल को कर्मचारी और उपभोक्ताओं के खिलाफ बताया

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


बिजली बिल-2022 के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते बिजली निगम के कर्मचारी।

**बिजली** निगम के कर्मचारियों ने केन्द्र सरकार की 2022 बिजली बिल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में कर्मचारी इस बिजली बिल को कर्मचारी और उपभोक्ताओं के खिलाफ साजिश रचे जाने का आरोप लगा रहे है। इसके अलावा बिजली निगम का निजीकरण करने का आरोप लगाया है।

सोमवार को बिजली निगम के कर्मचारियों ने ऑल हरियाणा पावर कार्पोरेशन वर्कर्स यूनियन के तत्वावधान में एक्सइएन कार्यालय परिसर में अनिश्चित काल का विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। यह विरोध प्रदर्शन यूनिट प्रधान विजय पाल की अध्यक्षता में शुरू किया। जिसमें सोहना सबडिविजन से लेकर बादशाहपुर, सोहना रोड और तावडू से आए कर्मचारियों ने भाग लिया। इस विरोध प्रदर्शन का मंच संचालन राजन वर्मा ने किया। जिसमें रणबीर, सुशील कुमार छौकर, दीनू, रामनिवास, दिनेश और उपेन्द्र आदि ने बिजली बिल 2022 का कड़ा विरोध करने पर सहमति जताई। वक्ताओं में बिजेन्द्र सिंह फौगाट ने बताया कि केन्द्र सरकार निगम को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी कर रही है। क्योंकि निगम को चलाने के लिए सरकार बचना चाहती है।

निजी हाथों में जाने के बाद आम उपभोक्ता से लेकर किसान, मजदूर वर्ग उपभोक्ता और बिजली निगम में लगे कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि धीरे-धीरे वर्तमान में मिलने वाली सभी सुविधाओं को समाप्त कर दिया जाएगा। कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। अलग-अलग कंपनियों को बिजली सौंपना ही इन सबका सपना है। सतबीर यादव ने बताया कि निगम कर्मचारी किसी भी सूरत बिजली निगम का निजीकरण नहीं होने देंगे।

## एमजी मोटर ने सारथी प्रोग्राम से ड्राइवरों का कौशल बढ़ाया



पायनियर समाचार सेवा। देहरादून

**एमजी** ने एमजी सारथी प्रोग्राम के तहत अपने एमजी ग्राहकों के लिये ड्राइवरों (शॉफर्स) को प्रशिक्षण देकर उनका कौशल बढ़ाया है। यह प्रोग्राम सीएएसई (कनेक्टेड, ऑटोनॉमस, शेयर्ड और इलेक्ट्रिक) विजन के तहत एमजी की कारों में पेश की जाने वालीं अभिनव टेक्नोलॉजीज से ड्राइवर्स को परिचित कराता है। ड्राइवरों को वाहन के सुरक्षित परिचालन में नई-नई प्रगति के बारे में सिखाया जाता है।

देहरादून में आयोजित एक समारोह में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय से श्री सुनील शर्मा, प्रवर्तन और सड़क सुरक्षा अधिकारी तथा किशन किशोर, पंजीकरण प्रभारी ने शिरकत की और प्रतिभागियों का अभिनंदन किया।

एमजी ने एमजी सारथी प्रोग्राम के तहत उत्तर भारत में अब तक 1800 से ज्यादा ड्राइवरों (शॉफर्स) को अपस्किल किया है। ग्राहक अपने नजदीकी डीलरशिप पर मुफ्त में अपने ड्राइवर के प्रशिक्षण के लिये साइन अप कर सकते हैं। सभी जानते हैं कि इलेक्ट्रिक और कनेक्टेड वाहनों की पेशकश ने भारतीय ऑटो उद्योग का चेहरा बदल दिया है, इसलिये ड्राइवरों के लिए अगली पीढ़ी की टेक्नोलॉजी का पूरा लाभ लेने के लिये फीचर्स और फायदों को पूरी तरह समझना सबसे महत्वपूर्ण हो गया है।

## एमजी चेंजमेकर सीजन-4 ने 100 से ज्यादा गांवों में सूखे का प्रभाव घटाने को जल सहेली सम्मानित की

पायनियर समाचार सेवा। झाँसी

**एमजी** मोटर कम सेवा-प्राप्त समुदायों की सहायता करने के लिए लगातार स्थायी एवं अभिनव प्रयास कर रहा है। कंपनी सामूहिक सशक्तिकरण के माध्यम से ऐसा करती है और इसने इन प्रयासों को सम्मानित करने के लिये अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। 'एमजी चेंजमेकर्स' पहल का यह चौथा सीजन है जोकि 'समाज में सृजनात्मक तरीके से नए-नए स्थायी हस्तक्षेपों' को पहचान देकर उनकी सराहना करता है।

एमजी चेंजमेकर्स ऐसी ही एक सामुदायिक उपलब्धि जल सहेली को सम्मानित करते हुए गर्व का अनुभव कर रहा है। बुंदेलखण्ड का एक समूह जल सहेली या महिला जल योद्धा दृढ़ और साहसी महिलाओं का एक प्रतिष्ठित समूह है, जिन्होंने अपने क्षेत्र में पानी से जुड़ी समस्याओं को दूर करने का बीड़ा उठाया है और असंभव लक्ष्य को हासिल किया है। जल सहेली टीम ने अनोखी लगन और उद्देश्य तथा लक्ष्य को लेकर




एकजुटता के साथ अपने क्षेत्र में पानी की कमी के मुद्दे को व्यवस्थित तरीके से हल किया है। इस काम के लिये घर-घर से एक या दो स्वयंसेवियों को लेकर यह पहल जल्दी ही एक जन-आंदोलन बन गई। पानी पंचायत या पानी से जुड़े मुद्दों पर विमर्श के लिये एक संस्था का गठन किया गया, जिसने आवाज बुलंद की और भागीदारी बढ़ाई, ताकि पानी की कमी के मुद्दे को हल किया जा सके।

शुरूआत में मुट्ठीभर महिलाएं थीं, जिन्होंने चार चेक डैम्स और दो आउटलेट्स बनाये थे, लेकिन महज 11 सालों में 100 से ज्यादा गांवों की 1,000 से अधिक महिलाएं जुड़ीं, जिन्होंने 450 चेक डैम्स और 56 झीलें बना दीं। इस प्रकार जल सहेली एक प्रेरणा बन चुका है और सामुदायिक सुधार के क्षेत्र में काम कर रहा है, यह अथाह उत्साह के साथ हर जिम्मेदारी ले रहा है। यह दूसरे गांवों और कस्बों की अन्य अनगिनत महिलाओं को प्रेरित कर रहा है कि वे अपने बारे में सोचें, उपेक्षा और उदासीनता की युगों पुरानी बेड़ियों को तोड़ें और अपनी जिन्दगी को बेहतर तथा अच्छा बनाने के लिये खुद से इसे बदलने की जिम्मेदारी लें। एमजी चेंजमेकर्स एक सामुदायिक पहल है, जो उन साहसी महिलाओं की पहचान कर उनकी प्रशंसा करती है, जो अभिनव समाधानों से सामाजिक बदलाव को बढ़ावा देने के लिये सारी विपरीत परिस्थितियो से लड़ती हैं।

इस साल एमजी चेंजमेकर्स के चौथा सीजन में विशेष रूप से सस्टेनेबिलिटी पर फोकस किया जा रहा है और यह सभी के लिये एक स्वस्थ और सकारात्मक समाज बनाने के लिए एमजी की अटल प्रतिबद्धता पर जोर दे रहा है। एमजी मोटर इंडिया के विषय में साल 1924 में यूके में संस्थापित मोरिस गैराजेस के वाहन स्पोर्ट्स कार्स, रोडस्टर्स और कैब्रियोलेट सीरीज के लिये विश्व-प्रसिद्ध थे।

पायनियर
हरियाणा, मंगलवार, 09 अगस्त, 2022



# नूंह पुलिस लाइन से अडबर चौक तक निकाली हर घर तिरंगा यात्रा

**नूंह पुलिस के अधिकारी और कर्मचारियों ने हाथों में तिरंगा झण्डा लेकर किया प्रतिभाग**

**अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उषा ने कहा, प्रत्येक देशवासी को अभियान से जुड़े**

पायनियर समाचार सेवा। मेवात



**पुलिस** अधीक्षक नूंह वरुण सिंगला के कुशल मार्गदर्शन व उषा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नूंह के नेतृत्व में आज जिला नूंह पुलिस के अधिकारियों/कर्मचारियों ने हाथों में तिरंगा झण्डा लेकर पुलिस लाइन नूंह से अडबर चौक नूंह तक हर घर तिरंगा यात्रा अभियान के तहत देशभक्ति गानों के साथ मोटरसाईकिल रैली निकाली।

इस मौके पर उषा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नूंह ने कहा कि यह अभियान एक जन आंदोलन है। प्रत्येक देशवासी को इससे जुड़ना चाहिए। उन्होंने बताया कि जिलावासियों द्वारा भी पूरी धूमधाम के साथ तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। कहा कि हर व्यक्ति के अंदर देशभक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य से हर घर तिरंगा अभियान के तहत 13 से 15 अगस्त तक सभी घरों की छत, शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों, औद्योगिक ईकाइयों व सरकारी भवनों पर तिरंगा फहराया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी को इसमें भाग लेने की जरूरत है और इसमें हर नागरिक को जोड़ने के लिए सामाजिक संस्थाओं, एनजीओ व अन्य संगठनों का भी सहयोग लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि देश के हर घर पर तिरंगे झंडे के एक साथ नजर आने से राष्ट्रीय एकता के साथ-साथ सामाजिक सद्भावना और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस अभियान में विशेषकर युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी हो, ताकि समाज में राष्ट्र के प्रति एक नया जोश नजर आए। इस अवसर ममता खरब उप-पुलिस अधीक्षक महिला विरुद्ध अपराध नूंह, प्रबंधक थाना यातायात निरीक्षक कृष्ण कुमार, प्रबंधक थाना महिला नूंह निरीक्षक राजबाला सहित नूंह पुलिस के अन्य कर्मचारीगण भी मौजूद रहे।

# जाकिर को पंचायत चुनावों में फरीदाबाद का प्रभारी बनाया


पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**प्रदेश** में पंचायत राज चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने जिला प्रभारी नियुक्त किए हैं। जिसमें मेवात जिले से भाजपा के वरिष्ठ नेता व अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी जाकिर हुसैन को फरीदाबाद जिले का प्रभारी नियुक्त किया है।

प्रदेश अध्यक्ष द्वारा दी गई इस जिम्मेदारी से मेवात के लोगों में खुशी देखने को मिल रही है। लोगों ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने चौधरी जाकिर हुसैन को एक के बाद एक नई जिम्मेदारी देकर चौधरी जाकिर हुसैन का हरियाणा प्रदेश में बड़े नेता के रूप में कद बढाने का काम किया है। इस बात में तो कोई दोराय नहीं है कि चौधरी जाकिर हुसैन एक बहुत बड़े नेता हैं। उनके परिवार का राजनीति में लगभग 10 वर्षों से हरियाणा ही नहीं बल्कि पंजाब, राजस्थान व उत्तर प्रदेश में अच्छा खासा दबदबा है। जाकिर हुसैन के दादाजी 1926 से 1952 तक विधान परिषद व विधानसभा के सदस्य रहे हैं तथा उनके पिताजी मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन हरियाणा, पंजाब व राजस्थान तीन अलग-अलग राज्यों में मंत्री रहे हैं, जो विश्व रिकॉर्ड है। वे एकमात्र ऐसे राजनेता हैं, जो तीन राज्यों में मंत्री रहे हैं। चौधरी तय्यब हुसैन गुड़गांव व फरीदाबाद से दो बार सांसद भी रहे हैं। चौधरी जाकिर हुसैन की छोटी बहन जाहिदा खान भी वर्तमान में राजस्थान सरकार में शिक्षा राज्यमंत्री हैं। आपको बता दें कि भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को एक साथ लेकर काम कर रही है, अब अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को यह विश्वास और भरोसा हो चुका है कि अल्पसंख्यक लोगों का विकास केवल भारतीय जनता पार्टी कर सकती है। चौधरी जाकिर हुसैन ने इस बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर भाजपा शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद व आभार जताया है।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्यार्थियों ने प्रभात फेरी निकाल किया जन जागरण



प्रभात फेरी निकालते विद्यार्थी।

**मेवात।** आजादी का अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को जिला के विभिन्न स्कूलों के विद्याथियों ने प्रभात फेरी निकाल कर हर घर तिरंगा अभियान के प्रति आमजन को जागरुक किया। विद्याथियों ने गली-गली जाकर लोगों को हर घर तिरंगा लगाने के लिए जागरुक किया, गली-गली में तिरंगा झंडा हाथों में लेकर नारे लगाए। देश के गौरव हमारी शान तिरंगा का महत्त व सुदूरवर्ती क्षेत्रों में भी निवास कर रहे लोगों को जानकारी दी। हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने में शिक्षा विभाग द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है।

### तावडू से व्यक्ति लापता, तीन सप्ताह बाद केस दर्ज

**तावडू।** शहर के वार्ड नंबर-15 से एक व्यक्ति के लापता होने का मामला सामने आया है। तीन सप्ताह बाद पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है। शहर थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक वार्ड नंबर 15 निवासी कृष्ण शर्मा गत 21 जुलाई दोपहर घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। वह वापस नहीं लौटा तो परिजन खोजबीन में जुट गए। परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक लापता व्यक्ति की मानसिक हालत ठीक नहीं थी। रविवार को पुलिस ने इस मामले में गुमशुदगी का केस दर्ज कर लिया।

### रितु गुप्ता ने जीता नगर परिषद के उप प्रधान का चुनाव



रितु गुप्ता, उप प्रधान नगर परिषद नूंह।

**नूंह।** नूंह नगर परिषद के उप प्रधान का चुनाव सोमवार को नगर परिषद कार्यालय में हुआ। नगर परिषद उप प्रधान पद का चुनाव वार्ड-4 के पार्षद सलीम एडवोकेट और वार्ड-10 की पार्षद रितु गुप्ता के बीच हुआ। नगरपरिषद के 13 वार्ड पार्षदों और चेयरमैन सहित 14 वोट डाली गई। जिसमें रितु गुप्ता ने उप प्रधान का चुनाव जीत लिया। रितु गुप्ता ने 2 वोट से उप प्रधान का चुनाव जीत लिया। रितु गुप्ता को चुनाव में 8 और सलीम को 6 वोट मिली।

### आजादी के 75वें वर्ष का सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ आयोजित

**फरीदाबाद।** लोक संपर्क विभाग हरियाणा द्वारा आजादी के 75वें महोत्सव के हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एन आई टी तीन फरीदाबाद में कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में लोक संपर्क विभाग के कलाकारों रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के बारे विस्तृत रूप से बताते हुए विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने बताया कि हरियाणा पब्लिक रिलेशन विभाग द्वारा स्वाधीनता के 75वें महोत्सव के अंतर्गत हरियाणा का लोकनृत्य एवम संस्कृति से परिचय करवाते हुए नृत्य एवं सामूहिक गीत प्रस्तुत किए। चंडीगढ़ से आए कलाकारों ने हरियाणा के लोकगीत तथा मनमोहक लोकनृत्य प्रस्तुत किए। विद्यालय की छात्राओं ने भी कलाकारों के साथ नृत्य और गायन में सम्मिलित हो कर आनंद लिया। लोक संपर्क विभाग के आर्टिस्ट सुमित, अनिल कसीना, हर्षित, आकाश, स्वीटी, सोनी, चेतना और विद्यालय की छात्राओं ने मैं छोरा हरियाणे का तथा देवों के देव महादेव भोले बाबा सहित अन्य लोकगीत और मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय की जेआरसी काउंसलर व ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने हरियाणा लोक संपर्क विभाग के कलाकारों का स्वागत और अभिनंदन करते हुए सभी को स्वतंत्रता के पिचहत्तरवें महोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि हम उन बलिदानी वीरों से कभी भी उऋण नही हो सकते। उन्होंने अपने जीवन की आहुति दे कर हमें पराधीनता के अभिशाप से मुक्त करवाया है। संपूर्ण राष्ट्र उन का सदैव ऋणी रहेगा। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने प्राध्यापिका मनीषा, नविता, गीता, अध्यापिका हेमलता, मौलिक मुख्याध्यापिका पूनम, शिवम, सूबे सिंह और दीपक सहित समस्त स्टाफ और बालिकाओं का एवम पब्लिक रिलेशन डिपार्टमेंट के सभी आर्टिस्ट्स का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

### स्नैचिंग और चोरी करने वाले 3 गिरफ्तार, 2 मुकदमे सुलझे

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा ने शहर में अपराध में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा-निर्देश पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 56 प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश कुमार की टीम ने स्नैचिंग और चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में मनोज उर्फ मोंटी,योगेश उर्फ योगेंद्र और मैन पाल उर्फ मोनू का नाम शामिल हैं। तीनों आरोपी फरीदाबाद के गांव पाखल के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच टीम ने तीनों आरोपियों को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से गांव पाखल से थाना धौज के स्नैचिंग के मामले में गिरफ्तार किया है।

# केन्द्र-राज्य की कल्याण कारी योजनाओं का लाभ उठाएं



प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना लाभार्थियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित करते एसडीएम

**सोहना।** एसडीएम ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत ऋण लेकर रोजगार चलाने वाले 84 लाभार्थियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। सभी लाभार्थियों ने योजना के तहत मिली सहायता राशि को चुकता कर दिया है। सोमवार को नगर परिषद कार्यालय के तहत प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत आज से करीब 8 माह पहले 10-10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्राप्त करने वाले 84 लाभार्थियों ने अपना रोजगार चलाने में कामयाब हुए है। इन लाभार्थियों ने योजना के तहत मिली बिना ब्याज आर्थिक सहायता राशि को बैंकों को किस्तों के माध्यम से चुका दिया है। सभी लाभार्थी अपना रोजगार चला रहे हैं। लाभार्थी राजू का कहना है कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से आर्थिक सहायता राशि ऐसे समय पर मिली।

> “**केन्द्र** व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेना चाहिए। योजना के तहत शुरू किया रोजगार को भविष्य में बढ़ाने का कार्य करें। स्वयं का रोजगार जीवन में कभी आर्थिक संकट नहीं आने देता है।
>
> **जितेन्द्र गर्ग**
> **( एसडीएम सोहना )**

## वरिष्ठ पत्रकार के निधन पर जताया शोक

**तावडू।** हरियाणा पत्रकार संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार विनोद गर्ग का 71 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह पिछले लंबे अरसे से कैंसर की बीमारी से ग्रसित थे। जिले के वरिष्ठ पत्रकारों में शुमार रहे विनोद गर्ग के निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर है। उनके अंतिम संस्कार के मौके पर पहुंचे हरियाणा पत्रकार संघ के प्रदेश सचिव धर्मपाल आर्य व जिला अध्यक्ष नरेश गर्ग ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि विनोद गर्ग पिछले 10 वर्षों से कैंसर से ग्रस्त थे।

बेहद ही ईमानदार, निर्भीक व सच्ची पत्रकारिता के लिए उन्हें सदैव याद किया जाएगा। वह पिछले करीब 25 वर्षों से भी अधिक समय पत्रकारिता से जुड़े रहे। उनके छोटे भाई आदर्श गर्ग भी जिले के नामचीन पत्रकारों में शुमार है। सोमवार दोपहर करीब एक बजे तावडू के मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें हजारों लोगों की भीड़ ने उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक तेजपाल, तावडू व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल, जिला संघचालक सुनील जिंदल, सहित क्षेत्र की तमाम बड़ी हस्तियां शामिल रही।

# आम रास्ते में लोहे का कूलर लगाने वालों के खिलाफ होगा केस दर्ज : एसडीएम

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**घर** से बाहर आम रास्ते में लोहे का कूलर लगाने वाले मकान मालिक के खिलाफ पुलिस थाना में मामला दर्ज किया जाएगा। एसडीएम जितेन्द्र गर्ग स्वयं ही शहर के वार्डों में कूलरों की जांच के लिए जल्द ही छापामारी अभियान चलाएंगे। शहर के किसी भी बाजार, गली मोहल्ले के आम रास्ते में लगे लोहे की कूलरों के खिलाफ अभियान चलेगा। इस अभियान में ऐसे लोहे के कूलरों पर शिकंजा कसा जाएगा। जिन्हे मकान मालिक ने आम रास्ता या सड़क के किनारे लगाया हुआ है। ऐसे मकान मालिकों के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। जिससे आम रास्ते में चलने वाले छोटें बच्चा से लेकर युवक और वृद्ध व्यक्ति की जान गंवाने से बच सकेगा।



सोहना शहर में मकान के बाहर आम रास्ते में लगे लोहे के कूलर।

> “**आम** रास्ता व बाजारों की सड़कों पर लगे लोहे की कूलरों के खिलाफ वह स्वयं ही छापामारी करेंगे। ऐसे मकान व दुकान मालिक के खिलाफ तुरन्त मौके पर पुलिस को बुलाकर मामला दर्ज कराया जाएगा।
>
> **जितेन्द्र गर्ग ( एसडीएम सोहना )**

### तीन दिन पहले कूलर से हुई छात्र की मौत

**मालूम** रहे कि शहर की फ्रेंड्स कॉलोनी में शुक्रवार को 15 वर्षीय छात्र की आम रास्ते साथ लगा कूलर में आ रहा बिजली का करंट लगने से मौत हो गई थी। दो साल पहले भी शहर के वार्ड-9 जखोपुर में रास्ते में लगा कूलर के करंट लगने से 4 वर्षीय मासूम बच्चा की भी जान चली गई थी।

# छापामारी में गैरहाजिर मिले अधिकारी और कर्मचारियों की शिकायत की

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**बीएंडआर विभाग में एसडीओ अजीत सिंह समेत चार जेई गैर हाजिर मिले**

**सोमवार** की सुबह एसडीएम जितेन्द्र गर्ग के नेतृत्व सीएम बिजली टीम ने शहर में स्थित तीन सरकारी विभागों के कार्यालय में छापामारी की गई। छापामारी के दौरान टीम को बीएण्डआर और बिजली निगम के एसडीओ कार्यालय में कर्मचारी व अधिकारी नदारद मिले। जिनके खिलाफ उच्चाधिकारियों को लिखित में शिकायत दे दी गई है।

खंड स्तर पर गठित एसडीएम जितेन्द्र गर्ग की अध्यक्षता में सीएम बिजिलेंस की टीम ने बीएण्डआर, नगर परिषद और बिजली निगम के एसडीओ कार्यालय में सुबह साढे 9 बजे छापामारी की। पहला छापा बीएण्डआर विभाग के एसडीओ कार्यालय में की गई। जहां पर एसडीओ अजीत सिंह समेत चार जेई गैर हाजिर मिले। उसके बाद दूसरा छापा नगर परिषद कार्यालय में मारा गया। जहां पर अधिकारी और कर्मचारी ड्यूटी पर तैनात मिले। तीसरा छापा बिजली निगम के एसडीओ कार्यालय में मारा गया। जहां पर कर्मचारी अपनी-अपन सीटों से नदारद मिले। जानकारी के अनुसार बिजली निगम के कर्मचारी एक्सइएन कार्यालय में गए हुए थे। जहां पर केन्द्र सरकार की 2022 बिजली बिल के खिलाफ बिजली कर्मी विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। इस विरोध प्रदर्शन में कर्मचारी हिस्सा लेने के लिए गए हुए थे। छापामारी के बाद एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने बताया कि गैरहाजिर मिले सभी अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ उच्चाधिकारियों को लिखित में भेज दिया है। उन्होंने बताया कि कोई भी अधिकारी व कर्मचारी कार्य में कोताही बरतने का दोषी पाया जाता है।

> “**बिजली** निगम अधिकारियों को सप्लाई के दौरान होने वाली किसी भी प्रकार की खराबी को ठीक करने में 4 घंटा से अधिक समय न लगाए। भविष्य में यदि चार घंटा से अधिक समय बिजली सप्लाई काटती है। 4 घंटा से अधिक बिजली सप्लाई काटी जाती है। उसकी जानकारी एसडीएम कार्यालय, सोशल मिडिया और प्रेस को देनी होगी।
>
> **( जितेन्द्र गर्ग-एसडीएम )**

# बदमाशों ने रास्ता रोककर की मारपीट, चार घायल

**तावडू।** उपमंडल के गांव कलियाकि सुंध मार्ग पर बदमाशों द्वारा रास्ता रोक मोटरसाइकिल सवार चार युवकों के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। मारपीट में चारों युवकों को घायल बताया गया है, जो फिलहाल अस्पताल में उपचाराधीन है। वहीं सदर थाना पुलिस कार्रवाई में जुटी है।

सुंध निवासी आकील ने बताया कि गत 2 अगस्त को गांव के ही कुछ दबंग किस्म लोगों ने उनके ताऊ के लड़के के साथ मारपीट की थी। जिसके चलते बदमाश उनसे रंजिश बनाए हुए थे, गत रविवार शाम के समय में वह अपने चार साथियों के साथ अलग-अलग मोटरसाइकलों पर सवार होकर तावडू जा रहे थे। आरोप है कि शाम 6:00 बजे के करीब जब वह सुंध-कलियाकि मार्ग पर रत्ती कॉलोनी के समीप पहुंचे तो वहां पर पहले से ही लाठी-डंडों फरसा व अवैध हथियारों से लैस 14 बदमाशों ने जबरन उनका रास्ता रोक लिया। जिन्होंने अपने हाथों में लिए हुए हथियारों से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में वह बुरी तरह घायल हो गए। शोर-शराबे की आवाज होने पर अन्य ग्रामीण मौके पर आ गए तो वहीं किसी ने 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को सूचित कर दिया। पुलिस आने पर बदमाश मौके से फरार हो गए।

# नूंह के ऐतिहासिक स्थानों पर सजा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मंच

**‘हर घर तिरंगा’ थीम पर पल्ला, भोंड, सिंगार में आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम**

**उपमण्डल पुन्हाना के गांव सिंगार में है श्रीकृष्ण भगवान का काफी पुराना मन्दिर**

पायनियर समाचार सेवा। मेवात



भोंड में आयोजित कार्यक्रम में बोलते एसडीएम रणबीर सिंह।



ऐतिहासिक गांव भोंड में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुतियां देते कलाकार।

**आजादी** अमृत महोत्सव के तहत सरकार की ओर से स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पर 13 अगस्त से 15 अगस्त तक मनाए जा रहे ‘हर घर तिरंगा’ अभियान के तहत सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग, कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा व जिला प्रशासन की ओर से महानिदेशक डा. अमित कुमार अग्रवाल व डीसी अजय कुमार के मार्गदर्शन में जिला नूंह के ऐतिहासिक स्थानों पर सोमवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

उपमण्डल पुन्हाना के गांव सिंगार में जो कि जिला नूंह में सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला गांव है, यहां पर श्रीकृष्ण भगवान का सबसे पुराना मन्दिर है। इस गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बोलती हुई एसडीएम पुन्हाना मनीषा शर्मा ने कहा कि कहा कि हर घर तिरंगा अभियान में देशवासियों की सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने एक वेबसाइट हर घर तिरंगा डॉट काम बनाई है, जिसके माध्यम से नागरिकों को झंडा लगाने और झंडे के साथ एक सेल्फी अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कोई भी नागरिक वेबसाइट पर वर्चुअल रूप से फ्लैग पिन कर सकता है और वहां सेल्फी विद फ्लैग भी पोस्ट कर सकता है।

भोंड, उपमण्डल फिरोजपुर झिरका में लगभग 400 वर्ष पूर्व पांडव काल में देहरा मंदिर का निर्माण किया गया था। अब यह मन्दिर पुरातत्व विभाग के संरक्षण में है। एसडीएम रणबीर सिंह ने सोमवार को भोंड में झंडा फहराया तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भोंड में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए एसडीएम रणबीर सिंह ने कहा तिरंगा झंडा हमारी आन बान और शान का प्रतीक है। देश का तिरंगा झंडा हमें अपनी आजादी का एहसास दिलाता है। आज देश में हर घर तिरंगा अभियान चल रहा है। देश का प्रत्येक नागरिक आजादी के 75 साल बड़ी धूमधाम के साथ मना रहा है। जिला में भी हर घर तिरंगा अभियान बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज पल्ला गांव में हजरत शेख मूसा की ऐतिहासिक मजार का निर्माण लगभग 700 वर्ष पूर्व किया गया था। अब यह मजार पुरातत्व विभाग के संरक्षण में है। यहां पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए सीईओ जिला परिषद प्रदीप अहलावत ने कहा कि आज हम जो खुली हवा में सांस ले रहे वो हमें हमारे शूरवीरों के बलिदानों के कारण ही ले रहे हैं। उन्होंने अपनी भारत माता के लिए अपने प्राणों के बारे में कभी नहीं सोचा और देश को आजाद करवाने के लिए अपने प्राणों की आहूति दे दी। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराकर भारतमाता के वीर सपूतों के बलिदानों को याद करें। इन्ही शूरवीरों के बलिदानों के कारण ही हम आजादी का जश्न मना रहे है। उन्होंने कहा कि अभियान में शामिल होने वाले जिलावासी तिरंगे के साथ अपनी फोटो सोशल मीडिया पर डालते समय हैश टैग का प्रयोग करें ताकि इसके लिए अन्य लोगों को भी प्रेरित किया जा सके। जिला प्रशासन की पहल पर जिला के सामाजिक संगठनों ने भी अपना योगदान देना शुरू कर दिया हैं।

अभियान के तहत जिला में 13 से 15 अगस्त तक हर घर, राजकीय, निजी, औद्योगिक और शैक्षणिक भवनों पर तिरंगा फहराने का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने सहित भारत सरकार के इस अभियान में जिला से सर्वाधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन के स्तर पर हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के रंग में रंग गया। हरियाणा के सुप्रसिद्ध कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से समा बांधते हुए उपस्थित लोगों को देशभक्ति की अलख जगाने का कार्य किया। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों ने भारत माता की जय, इंकलाब जिंदाबाद व वंदेमातरम के नारे लगाते हुए देशभक्ति का ऐसा दृश्य पेश किया जो अपने आप में बहुत ही सराहनीय था। कला एवं सांस्कृतिक विभाग के हृदय कौशल ने बताया कि विभाग के प्रधान सचिव डी सुरेश व निदेशक महावीर कौशिक के मार्गदर्शन में टीम प्रदेश में कार्यक्रम की प्रस्तुति दे रही है।

**पायनियर क्लासीफाइड**

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, Rashi D/o Prithvi Singh R/o DD 1487, Ward No.9, Dabua Colony, Gazipur Road, Faridabad -121004 have changed my name to Rashi Kashyap.

I, Mamta Spouse of Suraj Bahadur Thapa resident of Vill D1073, Dabua Colony, PO-Firoz Gandhi Nagar Teh- Faridabad, Distt. Faridabad PIN-121001 Haryana have change my name from Mamta to Mamta Thapa vide afffidayit dated 06-08-2022 before Distt. Session Court, Faridabad.

I, Rakesh Khanna S/o Ajit Kumar Khanna R/o Flat No. FRGP-1, 4th Floor, VIP Floors, Sector-81, Greater Faridabad , known by two type of names i.e. Rakesh Kumar Khanna and Rakesh Khanna .

◆ खोया-पाया ◆

मैं, प्रवीन निवासी गांव चौहान जोशी, सोनीपत ब्यान करता हूं कि मेरे मकान की ओरिजन रजिस्ट्री नं 9371 दिनांक 24.01.1977 कही पर गुम/खो गई है अगर किसी को मिले तो उपरोक्त पते पर सम्पर्क करें।

**सार्वजनिक सूचना**

हम कमलेश कुमारी गेरा, निखिल गेरा, साक्षी गेरा पत्नी/पुत्र/पुत्री स्व0 कस्तूरी लाला गेरा निवासीगण मकान नं0 1646, जवाहर कालोनी एनआईटी फरीदाबाद हरियाणा के है व बयान करते है कि हमारे पति/पिता स्व0 कस्तूरी लाल गेरा का देहांत 14.04.2017 को हो गया था। उपरोक्त जायदाद की रजिस्टरी दस्तावेज के आधार पर हमारे पति/पिता को मलकियत थी। उनकी मृत्यु के पश्चात हम कमलेश कुमारी गेरा ( पत्नी ), निखिल गेरा ( पुत्र ), साक्षी गेरा ( पुत्री ) वारिस है। हमारे अतिरिक्त कोई भी वारिस नहीं है। इस जायदाद को हमारे नाम करने बाबत आवेदन किया गया है यदि इस बाबत किसी को एतराज है तो वे 15 दिन के अंदर एतराज सबंधित विभाग मे दर्ज कराये। मोबाईल नं0 9555447779

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# रिजर्व बैंक का निर्णय

## रेपो दर में वृद्धि

**भारतीय** रिजर्व बैंक-आरबीआई ने शुक्रवार को रेपो दर में 50 मूल बिंदु-बीपीएस या 5.4 प्रतिशत की वृद्धि कर दी है। पिछले तीन महीने से मुद्रास्फीति के लगातार 7 प्रतिशत के ऊपर बने रहने को देखते हुए यह कदम आश्चर्यजनक नहीं है। शेयर बाजार ने पहले ही इस वृद्धि का अनुमान लगा लिया था, इसलिए सेंसेक्स 0.15 प्रतिशत या 89 बिंदु बढ़ कर 58,388 पर बंद हुआ। पूरे दिन यह 405 बिंदु के दायरे में चलता रहा। इस वित्त वर्ष में यह ब्याज दरों में लगातार तीसरी वृद्धि है जिससे स्पष्ट होता है कि केन्द्रीय बैंक आने वाले कुछ समय तक कठोर कदम उठाता रहेगा। वास्तव में हालिया वृद्धि बाजार की उम्मीद से अधिक है। सभी तीन संशोधनों को देखें तो आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने कुल मिला कर रेपो दर में 140 मूल बिंदु की बढ़त जो वैश्विक महामारी-पूर्व दर 5.15 प्रतिशत से अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2022-23 आगे बढ़ने पर खुदरा मुद्रास्फीति में कमी आएगी। उसने अनुमान लगाया है कि पूरे वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति 6.7 प्रतिशत रहेगी जो दूसरी तिमाही में 7.1 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 6.4 प्रतिशत तथा अंतिम तिमाही में 5.8 प्रतिशत पर पहुंच जाएगी। भारतीय रिजर्व बैंक 4-6 प्रतिशत मुद्रास्फीति को सहन सीमा के भीतर मानता है। हालांकि, आरबीआई ने रेपो दर में वृद्धि की है, पर उसके अनुसार सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी की वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत पर बनी रहेगी, हालांकि यह अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष द्वारा अनुमानित 7.4 प्रतिशत से कम है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने भारतीय अर्थव्यवस्था में गिरावट का कारण वैश्विक आर्थिक स्थिति को बताया है। हालांकि, भारतीय अर्थव्यवस्था की जीवन्तता को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि यह 'अत्यधिक उथलपुथल और अनिश्चितता के समुद्र में मैक्रोआर्थिक व वित्तीय स्थायित्व का द्वीप है।' उन्होंने कहा कि यह दो अत्यधिक विपरीत घटनाओं या 'ब्लैक स्वान' के साथ अनेक धक्के झेल चुकी है। ब्लैक स्वान एक ऐसी घटना होती है जिसका एकदम अनुमान नहीं लगाया जा सकता है। शायद आरबीआई गवर्नर का संकेत कोविड-19 की ओर है जिसमें लाखों लोग मारे गए हैं तथा विश्व अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान हुआ।



इसी तरह रूस-यूक्रेन युद्ध है। हालांकि, युद्ध अनुमान से परे नहीं होते हैं, पर शायद ही किसी ने पूर्वी यूरोप में युद्ध का अनुमान लगाया हो। मीडिया से बातचीत करते हुए शक्तिकांत दास ने अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर पेश करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति भले ही इस समय बहुत अधिक हो, पर वह अपने शिखर पर पहुंच चुकी है और अब नीचे जाएगी। इसी तरह चालू खाते के घाटे का प्रबंधन कर लिया जाएगा तथा विदेशी मुद्रा भंडार समुचित स्तर पर है। उन्होंने बताया कि कुछ अच्छी चीजें हुई हैं। राजकोषीय स्थिति सुधर रही है। कोरोनावायरस व उससे जुड़े लाकडाउनों के कारण राजकोषीय घाटा 2021-22 में 6.7 प्रतिशत था लेकिन अब स्थिति सुधर रही है और इसके 2022-23 में 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। सूचीबद्ध वाणिज्यिक बैंकों की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां या जीएनपीए 6 साल में सबसे निचले 5.9 प्रतिशत स्तर पर आ गया है तथा इसमें और कमी आने की आशा है। स्पष्ट रूप से देश की आर्थिक स्थिति इतनी बुरी नहीं है जितनी कुछ लोग बता रहे हैं। हम निश्चित रूप से श्रीलंका की दिशा में नहीं जा रहे हैं। लेकिन अभी भी मौद्रिक व नीतिगत स्तरों पर बहुत कुछ करने की आवयकता है। आरबीआई को सुनिश्चित करना चाहिए कि मुद्रास्फीति पर जल्द ही लगाम लगाई जाएगी तथा जीएनपीए में भी लगातार गिरावट आती रहेगी। सरकार को यह गति बनाए रखने के लिए आर्थिक सुधारों की गति तेज करनी चाहिए।

# फिलिस्तीन में शांति का भ्रामक सपना

**पश्चिमी दुनिया लगातार इस्राइल की सहायता कर व उसे उकसा कर आक्रामक बनाए रखती है जिससे फिलिस्तीन में स्थाई शांति को नुकसान पहुंचता है।**



**के.सी. त्यागी**
(लेखक, पूर्व राज्यसभा सांसद हैं)



सत्तारूढ़ गठबंधन द्वारा अब गठबंधन सरकार चलाने की अनिच्छा के कारण इस्राइल में अभूतपूर्व रूप से तीन साल में पांचवां चुनाव होने जा रहा है। अरब लीग वर्तमान सरकार का हिस्सा है और उसने फिलिस्तीनी धरती पर आक्रामक ढंग से इस्राइल द्वारा बस्तियां बसाने का विरोध करते हुए अपना समर्थन वापस ले लिया है। हालांकि, यह एकमात्र कारण नहीं है, पर महत्वपूर्ण कारण है। नफ्ताली बेनेट ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू को सत्ता से हटाया था और इस प्रकार उनकी 12 साल से चल रही सत्ता का अंत कर दिया था। दक्षिणपंथी नेता तथा नेतनयाहू के पुराने सहयोगी बेनेट के आठ पार्टियों के गठबंधन में उनकी अपनी नेशनलिस्ट पार्टी के साथ दक्षिणपंथी, मध्यमार्गी व वामपंथी पार्टियां शामिल थीं। इसमें पहली बार एक अरब-इस्राइली पार्टी भी शामिल हुई थी। इस्राइल की सत्ता में आने से पहले प्रस्तावित बेनेट सरकार स्वयं को परिवर्तन करने वाली सरकार के रूप में पेश कर रही थी, पर अनेक मामलों में उसका दृष्टिकोण नेतनयाहू सरकार के समान था। फिर चाहे पश्चिमी किनारे पर बस्तियों का विस्तार हो या फिलिस्तीनी राज्य का विरोध, नई सरकार बेंजामिन नेतनयाहू के ही रास्ते पर चल रही थी। उम्मीद थी कि अमेरिका और इस्राइल की नई सरकारें गंभीरता से पश्चिम एशिया में जारी संकट से निपटने का प्रयास करेंगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। पिछले सप्ताह इस्राइल-फिलिस्तीन टकराव पर गठित संरा. आयोग द्वारा जारी रिपोर्ट में जोर दिया गया कि इस्राइल फिलिस्तीनियों की स्वामित्व वाली भूमि पर 'पूर्ण नियंत्रण' चाहता है। 1967 में शुरुआती कब्जे के बाद इस्राइल फिलिस्तीन पर टुकड़े-टुकड़े में कब्जा कर रहा है। आयोग ने यह भी रेखांकित किया कि इस्राइल 'फिलिस्तीनियों के खिलाफ दमनकारी तथा इस्राइली बस्तियों के पक्ष में परिवेश बना कर जनसंख्या संरचना बदलने का काम कर रहा है।'

निश्चित रूप से यह अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संस्था या 'वाचडाग' की पहली रिपोर्ट नहीं है जिसमें कब्जा किए फिलिस्तीनी क्षेत्रों में इस्राइली आक्रामकता प्रदर्शित की है। भू-राजनीति समझने का शुरुआती प्रयास करने वाला कोई भी व्यक्ति जानता है कि फिलिस्तीन पर कब्जा करने के मिशन पर केवल इस्राइल ही काम नहीं करता है, बल्कि इसकी शक्ति का स्रोत पश्चिम व खासकर अमेरिका में है। दुनिया जानती है कि वाशिंगटन डीसी की नीतियां तेलअबीब की गलियों में बनती हैं जो अमेरिका की यहूदी लॉबी की शक्ति प्रदर्शित करती हैं। कार्पोरेट से लेकर राजनीति व अकादमिया से लेकर सिनेमा तक यहूदी लॉबी का अमेरिका के लगभग सभी क्षेत्रों में प्रभुत्व है।

सच्चाई यह है कि अमेरिका उन देशों में सबसे पहला है जिन्होंने 1948 में स्थापना के बाद से ही यहूदी राज्य के प्रति समर्थन व परोक्ष समर्थन खुलेआम व्यक्त किया था। इस्राइल को आधिकारिक रूप से मान्यता देने वाले पहले देश के रूप में अमेरिका ने मीना क्षेत्र में अपने हितों को चालाकी से आगे बढ़ाया है। इसके साथ ही उसने इस दुष्ट देश को सैकड़ों अरब डालर की सहायता दी है तथा उसकी अर्थव्यवस्था को आधार प्रदान किया है। आज वह इस्राइल के लगभग एक चौथाई आयात व आधे निर्यात का जिम्मेदार है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय के दृष्टिकोण की विफलता का एक कारण फिलिस्तीनियों के मानवाधिकारों के घोर दमन का समर्थन है। अधिकांश यूरोपीय देशों के इस्राइल से मजबूत संबंध हैं जिन पर अमेरिका निगरानी रखता है। आखिरकार कौन भूल सकता है कि ये कुछ ऐसे देशों में शामिल हैं जिन्होंने स्थापना के बाद कुछ ही महीने में यहूदी राष्ट्र को मान्यता दे दी थी। 'बिग ब्रदर' परिघटना से प्रभावित देश ने बहुत तेजी से अनेक देशों पर एकपक्षीय प्रतिबंध लगाए, जबकि उसने इस्राइल का समर्थन किया जो संयुक्त राष्ट्रसंघ चार्टर तथा परंपरागत अंतरराष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन करता है जो शक्ति के प्रयोग से क्षेत्र पर कब्जा करना अनुचित मानते हैं।

इस्राइल शक्ति प्रयोग कर फिलिस्तीन के मामलों में लगातार हस्तक्षेप करता है। ओआईसी देशों, खासकर खाड़ी देशों के बीच खाई बढ़ने के साथ इस्राइल की आक्रामकता गंभीर होती जा रही है। सऊदी नीत समूह तथा कतर नीत समूह के बीच टकराव के चलते सऊदी व यूएई इस्राइल के निकट आए हैं। यूएई ने इसी समूह के कुछ देशों के साथ कुछ महीने पहले यहूदी देश के साथ राजनयिक संबंध भी स्थापित किए हैं। ईरान का नाभिकीय कार्यक्रम रोकने के लिए परेशान तथा क्षेत्र में उसका प्रभुत्व बढ़ने से रोकने के लिए मजबूरी में सऊदी अरब को परोक्ष रूप से एक समय अपने दुश्मन रहे इस्राइल से संबंध बनाने पड़े हैं। इसके साथ ही पूरी दुनिया तुर्की और सऊदी अरब के बीच बढ़ती खाई को जानती है जिसके चलते मुस्लिम दुनिया सामूहिक रूप से इस्राइली आक्रामकता का जवाब नहीं दे पा रही है।

अपनी भौगोलिक स्थिति, सैनिक शक्ति तथा खुफिया क्षमताओं के कारण इस्राइल अब सऊदी गठबंधन का सहयोगी बन गया है। न्यूनतम साझा एजेंडे के आधार पर अपने हितों की रक्षा के लिए सऊदी अरब के नेतृत्व वाले देशों ने अब अपनी नजरें फिलिस्तीनी नरसंहार से हटा ली हैं और उन्होंने सच्चाई देखने से बचने वाले कछुए की तरह अपना सिर बालू में गड़ा दिया है। 2021 में इस्राइली हमले के बाद गठित उपरोक्त संरा. आयोग ने टकराव का समाधान करने में विश्व समुदाय के विलम्ब और उसकी सामूहिक विफलता स्पष्ट की है। इस्राइल-फिलिस्तीन टकराव के संभावित समाधानों में एक तरीका हितों के बजाय पूरी तरह मानवाधिकारों पर आधारित है।

अपने दशकों लंबे राजनीतिक कॅरियर से प्राप्त अनुभवों व व्यक्तिगत प्रेक्षणों के आधार पर मैं विश्वास से कह सकता हूं कि हित-आधारित समाधान कभी टिकाऊ नहीं होते हैं, पर मानव-केन्द्रित समाधान निश्चित रूप से टिकाऊ होते हैं। विश्व समुदाय को फौरन अमेरिका को टकराव में कोई पक्ष बनने या एक पक्ष बनने से रोकना होगा क्योंकि उसने बिना कोई योगदान किए हमेशा आग भड़काने का ही काम किया है। अमेरिका को अपने एक विद्वान वेन डायर का कथन याद रखना चाहिए जिन्होंने कहा था, 'बिना आपकी सहभागिता के टकराव जीवित नहीं रह सकते हैं।' सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से दुनिया को यह तथ्य समझना चाहिए कि नाभिकीय आयुधों वाली दुनिया में किए गए काम समाप्त नहीं किए जा सकते हैं। दुनिया को यहूदी और फिलिस्तीनी जनता के बीच शांति का परिवेश बना कर सर्वोत्तम संतुलन स्थापित करना चाहिए। यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इस्राइल सैनिक कार्रवाइयां बंद करे, युद्धविराम का व्यवहार करे तथा यह वादा करे कि वह बाकी क्षेत्र में घुसपैठ नहीं करेगा। इसके बाद दोनों देशों के बीच शांति वार्तायें शुरू हो सकती हैं जिसमें पक्षकारों के रूप में इच्छुक देशों को शामिल किया जा सकता है।

लेकिन तत्कालीन रूप से सर्वाधिक महत्वपूर्ण है कि फिलिस्तीनियों व खासकर गाजा पट्टी में फंसे फिलिस्तीनियों के मानवाधिकारों को सम्मान देते हुए इस्राइल को 'चौथे जेनेवा सम्मेलन' का पालन करने को मजबूर किया जाए। प्रस्तावों के साथ उसे अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के 2004 के फैसले का सम्मान करने का वादा करना चाहिए जिसमें कहा गया था कि वह अपने कब्जे वाले क्षेत्रों में फिलिस्तीनी नागरिकों के अधिकारों का मानवीय व मानवाधिकार कानूनों के अंतर्गत सुरक्षा देगा। कुल मिला कर कहा जाए तो 'वैश्विक उत्तर' को अपने अहंकार से बाहर निकल कर इस्राइल का बचाव व उसे शरण देना बंद करना चाहिए तथा फिलिस्तीनियों के मानवाधिकारों का सम्मान करना चाहिए। उसे सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके अधिकारों का उल्लंघन न हो। उत्तर को इस मामले में भी अपनी जवाबदेही तय करनी चाहिए कि यहूदी राष्ट्र अपनी कार्रवाइयों के प्रति जवाबदेह बने। समय आ गया है कि दुनिया अपने आप से सवाल पूछे, क्या उसने फिलिस्तीनियों के मानवाधिकारों के लिए समुचित काम किया है? क्या उसने स्थिति से निपटने में अपनी क्षमता व निष्ठा का प्रयोग किया है? आज अपने भीतर झांकने तथा रोनाल्ड रीगन के उस कथन पर विचार का समय आ गया है कि 'शांति का अर्थ टकराव की अनुपस्थिति नहीं है। इसका अर्थ टकराव से शांतिपूर्ण ढंग से निपटने की क्षमता है।'

# रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता महत्वपूर्ण

**पी.के. वासुदेव**
(लेखक, सेवानिवृत्त प्रोफेसर हैं)



भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति तथा अनेक कारणों से उसके समक्ष आई कुछ समस्याओं को देखते हुए स्वदेशी रक्षा वस्तुओं के उत्पादन को बढ़ाने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का आह्वान समयानुकूल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 जुलाई को एक नौसैनिक संगोष्ठी स्वावलंबन को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय रक्षा अब सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका व्यापक दायरा है, और सशस्त्र बलों व अन्य हितधारकों को देश की सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। देश के भीतर या विदेश से भारत के हितों को नुकसान पहुंचाने के प्रयासों को प्रभावी ढंग से विफल किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बारे में चेतावनी देते हुए सशस्त्र बलों को दुष्प्रचार अभियान समेत नई चुनौतियों के प्रति सतर्क रहने के लिए कहा।

उन्होंने असंख्य सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने की वकालत करते हुए कहा कि चुनौतियां अब जमीन, समुद्र और आकाश तक सीमित नहीं हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सशस्त्र बलों को देश की सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। संगोष्ठी का आयोजन नौसेना नवाचार और स्वदेशीकरण संगठन (एनआईआईओ) और सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (एसआईडीएम) द्वारा किया गया था।

सेमिनार में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार-एनएसए अजीत डोभाल, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार और रक्षा सचिव अजय कुमार शामिल हुए। वर्तमान भू-राजनीतिक स्थितियों को देखते हुए प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी की चिंता बहुत जायज है लेकिन दुर्भाग्य से उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा व रक्षा मामलों पर भी विपक्षी दलों का समर्थन नहीं मिल रहा है। कांग्रेस समेत अनेक विपक्षी दल अपना राजनीतिक व चुनावी लाभ प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी नीतियों पर भी समझदारी भरा दृष्टिकोण अपनाने के बजाय केवल मोदी सरकार की आलोचना करते हैं। इस प्रकार खराब नेतृत्व वाला विखंडित विपक्ष भी एक प्रकार से देश के लिए एक आपदा बन गया है। विपक्ष का अधिकार और कर्तव्य राजनीतिक रूप से निर्धारित तथा परोक्ष रूप से परिभाषित भी है। अगर वो यह मानता है कि जनहित दांव पर है, तो हर वैध संसदीय माध्यम से सरकार की नीतियों और कार्यों का विरोध करना उसका कर्तव्य और अधिकार है। ऐसा करने में, विपक्ष मतदाताओं को यह समझाने की कोशिश करता है कि उन्हें सरकार की जगह सत्ता में आना चाहिए, लेकिन यह तब तक असंभव है जब तक कि वह राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर अपना दृष्टिकोण नहीं बदलता। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि सशस्त्र बलों की छोटी आवश्यकताओं के लिए आयात पर निर्भरता गंभीर रणनीतिक चुनौतियां पैदा कर सकती है। नए खतरों के खिलाफ सशस्त्र बलों को आगाह करते हुए मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा की रूपरेखा व्यापक हो गई है और चुनौतियां अंतरिक्ष, साइबर स्पेस, सामाजिक स्थान और आर्थिक क्षेत्र की ओर बढ़ रही हैं।

हमें भारत के आत्मविश्वास व आत्मनिर्भरता को चुनौती देने वाली ताकतों के खिलाफ भी अपनी लड़ाई तेज करनी होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह भी कहा, जैसे जैसे भारत वैश्विक मंच पर खुद को स्थापित कर रहा है, वैसे-वैसे उसके खिलाफ गलत सूचना, दुष्प्रचार और झूठे प्रचार के माध्यम से लगातार हमले हो रहे हैं और बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आस्था रखते हुए भारत के हितों को नुकसान पहुंचाने वाली ताकतों को, चाहे वह देश में हो या विदेश में, उनके हर प्रयास को विफल करना होगा।

रक्षा राष्ट्रीय शक्ति का एक प्रमुख घटक है। रक्षा नीति राष्ट्रीय सुरक्षा नीतियों का अभिन्न अंग है। सशस्त्र बलों की भूमिका किसी भी बाहरी या आंतरिक खतरों के खिलाफ प्रतिरोध या युद्ध छेड़कर अस्तित्व और राजनीतिक स्वतंत्रता के बुनियादी मूल्यों को संरक्षित करना है। अपने संबोधन में, प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए देश में एक नया रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र विकसित किया है। मोदी ने कहा कि पिछले 4-5 सालों में रक्षा आयात में करीब 21 फीसदी की कमी आई है और देश सबसे बड़े रक्षा आयातक से बड़ा निर्यातक बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले साल 13,000 करोड़ रुपये का रक्षा निर्यात हासिल किया गया था और इसका 70 प्रतिशत से अधिक निजी क्षेत्र से था।

रक्षा अधिग्रहण में लंबे विलंब के बारे में बात करते हुए, मोदी ने कहा कि अतीत में अधिकांश हथियार खरीद कार्यक्रम सवालों का सामना करते रहे और इसके चलते राजनेताओं को गाली देना बहुत आसान हो गया है। देश की गौरवशाली समुद्री परंपरा को याद करते हुए मोदी ने कहा कि आजादी से पहले भी भारत का रक्षा क्षेत्र बहुत मजबूत हुआ करता था। आजादी के समय देश में 18 आयुध कारखाने थे, जहां आर्टिलरी गन समेत कई तरह के सैन्य उपकरण बनाए जाते थे। उन्होंने कहा कि भारत द्वितीय विश्व युद्ध में रक्षा उपकरणों का एक महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता था।

भारत की अर्थव्यवस्था में महासागरों व तटों के महत्व का उल्लेख करते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारतीय नौसेना की भूमिका लगातार बढ़ रही है और इसलिए सेना की आत्मनिर्भरता बहुत महत्वपूर्ण है। मोदी ने कहा, आज, रक्षा उपकरणों की खरीद के लिए निर्धारित बजट का एक बड़ा हिस्सा भारतीय कंपनियों से खरीद पर खर्च किया जा रहा है, साथ ही उन्होंने ऐसी 300 वस्तुओं की सूची तैयार करने के लिए रक्षा बलों को श्रेय भी दिया जिन्हें अब आयात नहीं किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मिशन देश को आत्मानिर्भर बनाना है ताकि रक्षा बजट और कम किया जा सके तथा रक्षा उत्पादन को मजबूत कर सेनाओं द्वारा हथियारों व आयुध प्रणालियों की खरीद का लाभ भारत के घरेलू उद्योग को मिले। हालांकि, तस्वीर का एक आयाम यह भी है कि आर्थिक वैश्वीकरण के युग में देशों के बीच अधिक निर्भरता और उपलब्ध डिजिटल मार्केटिंग व संचार की सुविधाओं के कारण, यह सोचना मुश्किल है कि कोई भी देश अलग-थलग रह सकता है।

एक देश को आत्मनिभर (आत्मनिर्भर) तब कहा जाता है, यदि वह विदेशी मुद्रा अर्जित करने के लिए निर्यात के लिए अधिशेष के साथ-साथ अपनी घरेलू जरूरतों के लिए पर्याप्त मात्रा में वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन करता है। एक आत्मनिर्भर देश को इसके लिए आवश्यक प्रत्येक उत्पाद का निर्माण करने की आवश्यकता नहीं है। बल्कि, यह ऐसे अन्य उत्पादों का निर्माण और प्रसंस्करण करना ज्यादा पसंद करेगा जो वह कम लागत पर विशेषज्ञता के साथ कर सकता है और जिसकी मांग विश्व स्तर पर अधिक है। साथ ही, कोई भी देश अनिश्चित काल के लिए ऐसे देशों पर निर्भर नहीं रह सकता जो अपने निम्न गुणवत्ता वाले माल को कीमतें सस्ती कर स्वदेशी बाजार में वर्चस्व स्थापित कर रहे हों और इस प्रकार आयात करने वाले देश के औद्योगिक विकास को नष्ट कर रहे हैं।

## आप की बात

### आजादी का अर्थ

**आजादी** का मतलब देश के प्रति जिम्मेदारी का भाव है। स्वतंत्रता के साथ सबसे बड़ी जिम्मेदारी स्वतंत्रता का दुरुपयोग न करना है। हम जो सबसे बुनियादी काम कर सकते हैं, वह है अपने नागरिक कर्तव्यों में भागीदार बनना और नागरिक भावना का प्रसार करना। आजादी व्यवस्था के बिना मुमकिन नहीं। दोनों एक साथ ही चलते हैं। अगर आप कहते हैं कि मैं वही करूंगा जो मैं चाहूंगा तो आप अव्यवस्था पैदा करते हैं। आपको दूसरों की इच्छा का भी ध्यान रखना होगा। ऐसा न करने पर आपका दिमाग कुंद होता है। वह अपनी कोशिश, अपनी तेजी खो बैठता है। यह बाहर से थोपा गया अनुशासन आपके दिमाग को नुकसान पहुंचाता है। लेकिन अगर आप देखकर, सुनकर, समझकर, दूसरों के बारे में सोचकर खुद को अनुशासित करते हैं तो इससे एक व्यवस्था बनती है। इसी व्यवस्था के साथ आती है आजादी। अगर आप आजाद नहीं हैं तो आप कभी विकसित नहीं हो सकते। आप कभी अच्छे नहीं हो सकते। अगर पक्षी आजाद न हों तो वे उड़ नहीं सकते। बीज अगर आजाद न हो तो वह पेड़ नहीं बन सकता। हर चीज की तरह इंसान को भी आजादी चाहिए, यही आजादी का अर्थ है।

–**आशुतोष वर्मा,** प्रयागराज

### खैरात पर लगाम

**लोकतंत्र** में सत्ता प्राप्त करने के लिये राजनीतिक दलों द्वारा जनता को मुफ्त उपहारों की घोषणा करने पर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने इसे गम्भीर मसला बताते हुये केंद्र सरकार और चुनाव आयोग से समिति बनाने को कहा। जो राजनीतिक दलों द्वारा जनता से चुनाव के समय लोक लुभावन वादों को रोकने के लिये उपाय करें। वकील अश्वनी उपाध्याय द्वारा जनहित याचिका में राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त उपहारों की घोषणा करने वाले दलों का चुनाव चिन्ह और पंजीकरण को रद्द करने की मांग की गई थी। वही केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल मेहता ने इस याचिका का समर्थन करते हुये चुनावो में रेवड़ियां बांटकर अप्रत्यक्ष रूप से भविष्य के लिये आर्थिक संकट और मतदाताओं को उचित निर्णय लेने की क्षमता को विकृत करने वाला है। आज समय की मांग है। हर राज्य में घाटा चल रहा है। देश में भी विदेशी कर्जो का बोझ है। ऐसे में लोगों को मुफ्त उपहार बांटकर सत्ता प्राप्त करने के प्रयास पर रोक की आशा आम जनता सुप्रीम कोर्ट से कर रही है। उम्मीद करनी चाहिए कि यह उम्मीद पूरी होगी।

–**कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** उन्नाव


### महंगाई की मार

**बढ़ती** महंगाई आम आदमी के लिए पीड़ादायक है। क्योंकि जिस दर से महंगाई चरम पर है, उस दर से आम जनता की आमदनी नहीं है। आम आदमी महंगाई से पीड़ित व हर तरह से हलकान है। इसी मुद्दे को लेकर कांग्रेस ने 5 अगस्त को महंगाई विरोधी आंदोलन किया। इस प्रदर्शन की धार को कुंद करने के लिए, सरकार ने दिल्ली को छावनी में तब्दील कर दिया। इसके पहले जब भाजपा विपक्ष में थी, वह भी तो महंगाई, बेरोजगारी व अन्य मुद्दे को लेकर सरकार को विरोध प्रदर्शन के जरिए घेरती थी। सरकार अपना काम करें, विपक्ष को अपना विरोध प्रदर्शन करने दे। विरोध करने वाले अपनी बात प्रधानमंत्री तक नहीं पहुंचाएंगे तो और किसके आगे अपना विरोध करेंगे ! लोकतंत्र में विरोध प्रदर्शन भी लोकतंत्र को मजबूत करने वाला है। विरोध प्रदर्शन करने वालों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसी प्रकार की अशांति ना फैले ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे । विपक्षी दलों की राज्य सरकारों की भी जिम्मेदारी है कि वे महंगाई रोकने में सहयोग करें।

–**हेमा हरि उपाध्याय,** उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया





“ **वे** दबाव डाल कर हमें खामोश नहीं कर सकते हैं। मोदी जी व अमित शाह जी लोकतंत्र के खिलाफ काम कर रहे हैं।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

**मंकीपाक्स** संक्रमण बढ़ने का खतरा गंभीर है। इससे निपटने के लिए अतिरिक्त समाधान खोजना जरूरी हो गया है।

– **डा. राबर्ट कैलिफ**
अमेरिकी एफएंडडी कमिश्नर





**यह** बंगाली जनता के प्रति विश्वासघात था। कोई बंगाली दिल्ली में कैबिनेट मंत्री क्यों नहीं बन सकता है?

– **बाबुल सुप्रियो**
टीएमसी मंत्री ”

# जनता दे रही फीडबैक, शहर में नहीं है पहले जैसी जल भराव की समस्या

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**शहर** में जल भराव की समस्या से निपटने के लिए नगर निगम द्वारा जो ठोस उपाय किए गए, उनके परिणाम सामने आ रहे हैं। शहर में पहले जहां कई जगहें बरसाती पानी से लबालब हो जाती थीं, अब बहुत ही कम समय में सड़कों पर इकट्ठा हुआ पानी नालों और ड्रेनों के जरिए मुगल कैनाल में चला जाता है। शहर की सरकार यानि पार्षद भी इस बात को लेकर कई बार निगम की तारीफ कर चुके हैं।

निगम आयुक्त नरेश नरवाल ने सोमवार को बताया कि इस बार शहर के सभी छोटे-बड़े नालों की साफ-सफाई करवाई गई। खास यह है कि

### नगर निगम ने ठोस उपायों से बेकाबू समस्या का निकला हल : नरेश नरवाल

एक ड्रेन, जिसमें लो-लाइन में मौजूद उचानी एरिया का पानी आता था, एनडीआरआई के भाग में बरसों से बंद पड़ी ड्रेन का पानी वापस आकर जल भराव की रूप ले लेता था। इस समस्या का पता लगाकर पहली बार इस ड्रेन की सफाई करवाई गई और अब आलम यह है कि कर्ण लेक के पीछे का पानी जो उचानी एरिया में आकर इकट्ठा हो जाता था, अब इस ड्रेन के जरिए सीधे मुगल कैनाल में चला जाता है।


नाले की क्रेन के माध्यम से सफाई करते निगम कर्मचारी।

सफाई के काम में निगम की ओर से पोकलेन और जेसीबी लगाई गई, कुछ काम मैन्युल तरीके से भी करवाया गया। यू शेप में बने इस ड्रेन के दोनों हिस्से सफाई के बाद पहले से चौड़े हो गए थे। इसमें जंगली झाड़ियों को सम्राज्य हो गया था, उन सबको हटाया गया।

### गंदे पानी की निकासी के लिए बनाए गए 13 डिस्पोजल अब सही तरीके से काम कर रहे

**उन्होंने** बताया कि गंदे पानी की निकासी के लिए बनाए गए 13 डिस्पोजल अब सही तरीके से काम कर रहे हैं। एक प्राइवेट एजेंसी द्वारा सभी जगहों पर जेनरेटर सेट रखवाए गए हैं, अतिरिक्त मोटरों की व्यवस्था भी की गई। बारिश के दौरान शहर में नगर निगम द्वारा किए गए ठोस उपाय कितने असरदार हो रहे हैं, इसका जायजा लेने के लिए निगम का इंजीनियरिंग विंग फील्ड में मौजूद होता है और स्थिति अनुसार तुरंत उपाय करने में किसी प्रकार की देरी नहीं की जाती।

### पहली बार कराई अच्छे से सफाई

**उन्होंने** बताया कि मुगल कैनाल के साथ-साथ शहर से गुजरता एक मुख्य नाला जो राम नगर से होकर एनएच तक जाता है, उसकी अच्छे तरीके से सफाई करवाई गई। मुगल कैनाल में ट्रैक्टर-ट्रॉली प्रवेश करके इसमें जमे कीचड़ को साफ किया गया, इससे आगे सिंचाई विभाग के हिस्से को भी पहली बार अच्छे तरीके से साफ करवाया गया। दूसरी ओर शहर में मौजूद 28 मुख्य नालों की सफाई भी करवाई गई।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के मिले सकारात्मक परिणाम : भूपेंद्र यादव

### गीता के श्लोकों के उदाहरण के साथ केंद्रीय मंत्री ने महिलाओं को दिया आगे बढ़ने का प्रोत्साहन

### पूर्व मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ ने दिए विकास की ओर अग्रसर होने के गुर

**रणबीर सिंह रोहिल्ला।** सोनीपत

**केंद्रीय** श्रम एवं रोजगार तथा पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के सकारात्मक परिणाम मिले हैं, जिससे लिंगानुपात में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। हरियाणा में भी बेटियों की संख्या में वृद्धि हुई है। यह सुखद है। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव जीवीएम गर्ल्ज कालेज में आयोजित तीन दिवसीय महिला प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन पहले सत्र में बतौर मुख्य अतिथि शिविरार्थी महिलाओं को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में पहुंचने पर उन्होंने भारत माता की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए चरण वंदना की। तदोपरांत दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं के कल्याण के लिए लागू की गई केंद्र सरकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उज्ज्वला योजना लागू कर महिलाओं को धुंए से मुक्ति दिलाई है, जिससे उनके स्वास्थ्य को बल मिला है। इसी प्रकार महिलाओं को उद्यमी बनाने व स्व-रोजगार की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए भी महत्चपूर्ण योजनाएं लागू की गई हैं। इनका महिलाओं को पूर्ण लाभ उठाना चाहिए।

केंद्रीय मंत्री यादव ने इस दौरान महिलाओं को गीता के श्लोकों के उदाहरण के साथ आगे बढने का प्रोत्साहन दिया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में महिलाओं ने खुद को हर क्षेत्र में साबित किया है। बहन-बेटियों को अवसर मिलने पर वे निरंतर आगे बढ़ रही है। इसलिए उन्हें मौके जरूर देने चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से बेटियों की शिक्षा पर बल दिया, जिसके लिए सरकार बेहतरीन सुविधाएं प्रदान कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि महिलाओं में क्षमता व गुणों की कोई कमी नहीं है। इसलिए उन्हें अपनी क्षमताओं को विस्तार देते हुए नई ऊंचाइयों को छूने के लिए कदम बढ़ाने चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की उपलब्धियों की जानकारी भी दी। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाई है। प्रधानमंत्री मोदी विश्व की लोकप्रिय हस्तियों में अग्रिम पंक्ति में खड़े हैं। यह देश और देशवासियों के लिए गर्व की बात है। इस मौके पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर भी विशेष रूप से बल दिया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को जीवन में एक पौधा लगाकर उसका पूर्ण पोषण करना चाहिए।

प्रथम सत्र की अध्यक्षता गन्नौर की विधायक निर्मल चौधरी ने की, जिन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने महिलाओं के उत्थान के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। महिलाओं के लिए बेहतरीन योजनाएं लागू की हैं जिनका लाभ पात्र महिलाओं को उठाना चाहिए। शिविर के दूसरे सत्र में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री एवं हरियाणा के प्रभारी विनोद तावड़े मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। उन्होंने महिलाओं को जीवन में आगे बढ़ने के लिए अनुशासित रूप से नियमित अभ्यास और कठोर परिश्रम का मंत्र दिया।


महिला प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन दीप प्रज्जवलित करते केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव।

### महिलाएं अपनी ताकत को पहचानें : धनखड़

**महिला** प्रशिक्षण शिविर के समापन सत्र में हरियाणा भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ ने शामिल होते हुए मां भारती के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को प्रेरित और प्रोत्साहित किया कि वे अपने अंदर की ताकत को पहचानें कि वे कोई भी लक्ष्य हासिल कर सकती हैं। इसके लिए अनुशासन जरूरी है। उन्होंने महिलाओं को विकास की ओर अग्रसर होने के लिए दस गुर सिखाए। साथ ही उन्होंने सुप्रसिद्ध लेखक जॉनसन मैक्सवेली की किताबों के अध्ययन का संदेश भी दिया। इसके अलावा उन्होंने व्यवहार कुशलता पर विशेष रूप से बल देते हुए कहा कि अपने अंदर सुनने की क्षमता अवश्य विकसित करें।

# महाराणा प्रताप बागवानी विवि के विद्यार्थियों ने निकाली तिरंगा पद यात्रा


तिरंगा पद यात्रा के दौरान विद्यार्थी व महाविद्यालय स्टाफ सदस्य।

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**महाराणा** प्रताप हार्टिकल्चर विश्वविद्यालय करनाल के बागवानी महाविद्यालय अंनजनथली के विद्यार्थियों द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत महाविद्यालय से लेकर गांव अंजनथली तक तिरंगा पद यात्रा निकाली। तिरंगा पद यात्रा में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। तिरंगा पद यात्रा को लेकर विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बन रहा था, विद्यार्थी हाथों में तिरंगा लेकर वंदे मातरम, तिरंगा हमारी शान है, भारत माता की जय आदि नारे आसमान में गुंज रहे थे।

महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. समर सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता के 75 वर्ष मनाने के लिए हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा पद यात्रा को रवाना किया है। उन्होंने कहा कि तिरंगा पदयात्रा हर घर तिरंगा अभियान के हिस्से के रूप में आयोजित की गई थी, जिसे 75 वें स्वतंत्रता दिवस को चिह्नित करने के लिए नागरिकों को अपने घरों में भारत का राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि लोगों ने देश के कोने-कोने तक राष्ट्रवाद का संदेश पहुंचाने में योगदान देने की जिम्मेदारी ली है।महाविद्यालय डीन डॉ. राजेश भल्ला ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव पर केंद्र सरकार के हर घर तिरंगा अभियान के तहत विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों ने मिलकर गांव अंजनथली तक तिरंगा पद यात्रा निकाली।

उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारी शान का प्रतीक है, हमारा गर्व हैं। हमारा कर्तव्य बनता है कि हम देश को आजादी दिलवाने वाली वीर शहीदों को याद करें ओर हर घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने तिरंगा पद यात्रा के पश्चात स्लोगन व पोस्टर मैकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। मौके पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त-समाचार

### सेंट पीटर कॉन्वेंट स्कूल ने मनाया आजादी का अमृत महोत्सव



**कुरुक्षेत्र।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में सेंट पीटर कॉन्वेंट स्कूल मोहन नगर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन शर्मा ने बच्चों को भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के विषय में जानकारी दी तथा उन्हें तिरंगा तिरंगे का सम्मान करने की प्रेरणा दी। डीपीसी विनोद कौशिक ने हरी झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा का संचालन किया। विद्यालय के सभी विद्यार्थी हाथों में तिरंगा लेकर ग्रामीण इलाकों में गए तथा अन्य लोगों को अपने घरों पर तिरंगा लहराने तथा उसका सम्मान करने की प्रेरणा दी। विद्यालय के बहुत से विद्यार्थियों ने घरों में तिरंगे वितरित किए। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों के लिए जलपान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माणिक शर्मा, रंजना शर्मा, वनिका शर्मा, रिंपी सैनी आदि उपस्थित थे।

### रॉयल आर्यन स्कूल के विद्यार्थियों ने निकाली तिरंगा यात्रा



**कुरुक्षेत्र।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में रॉयल आर्यन शिक्षण निकेतन कैलाश नगर कुरुक्षेत्र में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश गेरा ने बच्चों को भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के विषय में जानकारी दी तथा उन्हें तिरंगा तिरंगे का सम्मान करने की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्रबंधक राकेश गेरा ने हरी झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा को रवाना किया। सभी विद्यार्थी हाथों में तिरंगा लेकर कैलाश नगर व सेक्टर 13 की मार्केट में गए तथा अन्य लोगों को अपने घरों पर तिरंगा लहराने तथा उसका सम्मान करने की प्रेरणा दी। विद्यालय के बहुत से विद्यार्थियों ने घरों में तिरंगे वितरित किए। इस अवसर पर गुजरात से आई भीषण चंद्र अग्रवाल व उनके सदस्यों ने विद्यालय में एक मैजिक शो का आयोजन किया। इस अवसर पर मॉर्निंग स्टार के प्रबंधक किरण गेरा, गुरिंदर, पूनम, कुसुम, नेहा अनेजा, रीता महाजन, नीलू, मिनी, आरती, काजल, मीणा शर्मा, नीतू, शबनम

### प्रतियोगिता में सहारा कॉम्प्रिहेंसिव स्कूल रहा दूसरे स्थान पर



**कुरुक्षेत्र।** सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र द्वारा वसुंधरा फरीदाबाद में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 10 जिलों की टीमों ने भाग लिया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र की टीम सहारा कॉम्प्रिहेंसिव स्कूल ने ग्रुप डांस में दूसरा स्थान हासिल किया तथा ग्रुप सांग में दा माइलस्टोन स्कूल कैथल ने तीसरा स्थान हासिल किया। बता दें कि 2 अगस्त को मल्टी आर्ट कल्चर सेंटर में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया था जिसमें सामूहिक नृत्य में सहारा कॉम्प्रिहेंसिव स्कूल व समूह गान में दा माइलस्टोन स्कूल कैथल प्रथम रहा था। केंद्र के सदस्य जितेंद्र अरोड़ा ने फरीदाबाद में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र, अंबाला, रेवाड़ी, सोनीपत, मुरादाबाद, पानीपत, रोहतक, गुड़गांव एवं दिल्ली सहित 10 जिलों की टीम ने भाग लिया जिनमें सहारा कॉम्प्रिहेंसिव स्कूल ने ग्रुप डांस में दूसरा स्थान व ग्रुप सांग में दा माइलस्टोन स्कूल कैथल ने तीसरा स्थान हासिल किया। दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले को 3100 रुपये और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले स्कूल को 2100 रुपये की नगद राशि, सर्टिफिकेट और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। फरीदाबाद केंद्र के प्रिंसपील दीपेंद्र कांत, अनु ललित आदि मौजूद रहे।

### असामाजिक गतिविधियों के रोष स्वरूप सौंपा ज्ञापन



**कुरुक्षेत्र।** दीदार नगर कॉलोनी की ओर से एक ज्ञापन पुलिस अधीक्षक को सौंपा गया। इसमें मांग की गई कि दीदार नगर कॉलोनी में गली नंबर 5 में एक निजी संपत्ति के अंदर असामाजिक गतिविधियां चल रही है, उनकी जांच की जाए। इस मकान में कुरुक्षेत्र के इलावा लाडवा, शाहबाद, बाबैन अन्य आसपास के इलाकों से भारी संख्या में लोग आते है। कॉलोनी वासियों को अंदेशा है कि इस मकान में गैर कानूनी गतिविधियां चल रही है। ज्ञापन की एक कॉपी जिला पुलिस अधीक्षक के अलावा जिला उपायुक्त, गृह मंत्री हरियाणा सरकार अनिल विज व मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार को सौंपी गई है। प्रशासन से मांग की गई एक सप्ताह में उचित कार्यवाही की जाए अन्यथा पूरे प्रदेश स्तर पर उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसके लिए सरकार स्वयं जिम्मेवार होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में सतीश भारद्वाज, संदीप कौशिक, दिलेर शर्मा, जयकिशन शर्मा, विशाल मौदगिल, रमेश भारद्वाज, विजय वर्मा, बीरबल प्रधान, प्रमोद शर्मा, जय शर्मा गांधी, काला संधू, राजू मोर, रोशन, सत्यवान, रमेश कामोदा, ईश्वर शर्मा, हरीश भारद्वाज, पवन धीमान, धर्मवीर, मदन शास्त्री व अन्य लोग मौजूद थे।

# रक्तदान से बढ़ कर और कोई दान नहीं : एसडीएम


महिला रक्तदाता को तिरंगा और प्रमाण पत्र भेंट करते हुए मुख्यातिथि आदिति।

### प्रेस क्लब कुरुक्षेत्र और उमंग समाज सेवी संस्था ने लगाया रक्तदान शिविर

**कुरुक्षेत्र।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में प्रेस क्लब कुरुक्षेत्र द्वारा अग्रणी उमंग समाजसेवी संस्था के सहयोग से गांव बारना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया और हर घर तिरंगा की मुहिम को चलाते हुए तिरंगे का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में थानेसर की एसडीएम श्रीमति आदिति बतौर मुख्यातिथि शामिल हुई। कार्यक्रम में पहुंचने पर एसडीएम आदिति का प्रेस क्लब के प्रधान रामपाल शर्मा, सरंक्षक राजेश शांडिल्य व उमंग संस्था के प्रधान देवीलाल बारना के नेतृत्व में आयोजकों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मुख्यातिथि आदिति ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नही है और न ही रक्त का कोई विकल्प है। रक्त से ही मानव जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने अपील की कि आजादी के 75वें अमृत महोत्सव पर हर नागरिक अपने घर पर तिरंगा लहराए। आयोजकों ने मुख्यातिथि एसडीएम आदिति को स्मृति चिह्न भेंट किया। शिविर के दौरान एलएनजेपी ब्लड बैंक के डा. निखिल की टीम ने 26 यूनिट रक्त एकत्रित किया। इस अवसर पर सीएचसी के चिकित्सक डा. नीरज शर्मा, डा. संजीव, डा. प्रियासा, रेडक्रास से रमेश चौधरी, एडवोकेट दीपक चौहान, बलराम शर्मा, महेंद्र पाल शर्मा, टेकचंद, संजीव शर्मा बुरू, रामनारायण, मोहित पाराशर, सुखविंद्र सिंह, राजेश शर्मा, बुट्टा सिंह सहित अन्य गणमान्यजनों ने एसडीएम के हाथों से तिरंगे प्राप्त किए।

# भाजपा ने हमेशा ही देश के लिए काम किया : बिंदल

### वीर स्वतंत्रता सेनानियों ने देश को आजाद करवाया

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत


**आजादी** के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित की जा रही भव्य तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक अमित बिंदल ने जनसंपर्क किया। अभियान के तहत भाजपा वरिष्ठ नेता ने विशाल नगर, वेस्ट रामनगर, कालूपुर गांव आदि जगहों पर जाकर लोगों को तिरंगा यात्रा के लिए आमंत्रित किया।

भाजपा नेता ने अमित बिंदल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन-बान और शान है। तिरंगा सिर्फ एक झंडा नहीं है। तिरंगा एक अहसास है, अनुभव है, यादें है। अहसास है उन गौरवमयी क्षण का जब हमारे देश के बेटों या बेटियों ने देश का मान बढ़ाया हो। अनुभव है उन वीर स्वतंत्रता सेनानियों का, जिन्होंने देश को आजाद करवाया था। अमित बिंदल ने कहा कि भाजपा ने हमेशा ही देश के लिए काम किया है, इसीलिए आजादी के इस 75वें साल में सरकार हर घर तिरंगा अभियान भी चला रही है, ताकि हर घर से लोग तिरंगा को अपनाएं हैं और सभी में देशभक्ति की भावना प्रबल हो।


लोगों को तिरंगा यात्रा का न्योता देते भाजपा नेता अमित बिंदल।

बिंदल ने कहा कि इसी अभियान को मजबूती देने के लिए उन्होंने तिरंगा यात्रा का आयोजन किया है। 13 अगस्त को आयोजित की जा रही तिरंगा यात्रा से पहले सेक्टर 15 स्थित हुडा ग्राउंड में दोपहर 3 बजे से हरियाणवी सुपरस्टार अजय हुड्डा और अमित ढुल का लाइव शो आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम उपरांत शाम 4 बजे से यही से भव्य तिरंगा यात्रा शुरू की जाएगी। जोकि नई अनाजमंडी तक जाएगी। इस दौरान अमित बिंदल ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में तिरंगा यात्रा में शामिल होकर यात्रा को सफल बनाने की अपील की।


इस दौरान धर्मवीर हुड्डा, रामेश्वर जांगड़ा, रजनीश कुमार, अर्जुन सिंह, नफे सिंह, धनपति देवी, अंगूरी देवी, लक्ष्मीनारायण, नारायण सिंह, अशोक कुमार, जयभगवान, धर्मेंद्र, शिव कुमार, राम सिंह, नंदलाल गौतम, जगदीश चंद्र, कालूपुर गांव से राकेश, मनोज पांचाल, ओमप्रकाश, कृष्ण, नीरज वर्मा, वीरेंद्र, नीरज गौतम, दिनेश, अशोक, जयपाल, सतीश, मनोज गोयल, श्याम लाल बल्हारा, संदीप शर्मा, मनोज कौशिक, धन सिंह, रामनिवास आदि मौजूद रहे।




# पलवल के आकाश बायजू के निखिल सोराउट ने जेईई मेन्स 2022 के दूसरे सत्र में 99.26 प्रतिशत अंक हासिल किए

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**पलवल** के आकाश बायजू के छात्र निखिल सोरौत ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मेन 2022 के दूसरे सत्र में अपने माता-पिता और पूरे स्टाफ के उत्साह के लिए 99.26 प्रतिशत का प्रभावशाली स्कोर किया है। संस्थान। परिणाम आज पहले राष्ट्रीय परीक्षण द्वारा घोषित किए गए थे। यह इस साल आयोजित होने वाली इंजीनियरिंग के लिए दो संयुक्त प्रवेश परीक्षाओं में से अंतिम थी।



दुनिया की सबसे कठिन प्रवेश परीक्षा मानी जाने वाली आईआईटी जेईई को क्रैक करने के लिए निखिल सोरौट 2020 में दो साल के क्लासरूम प्रोग्राम में आकाश बायजू में शामिल हुए। मैं आभारी हूं कि आकाश बायजू ने दोनों में मेरी मदद की है। लेकिन संस्थान से सामग्री और कोचिंग के लिए, मैं कम समय में विभिन्न विषयों में कई अवधारणाओं को नहीं समझ पाता।

आकाश बायजू के प्रबंध निदेशक आकाश चौधरी ने निखिल को बधाई देते हुए कहा, हम निखिल को उनके अनुकरणीय उपलब्धि के लिए बधाई देते हैं। जेईई मेन 2022 के दूसरे सत्र के लिए देश भर से लगभग सात लाख छात्र उपस्थित हुए। एक शीर्ष पर्सेंटाइल स्कोरर के रूप में उनकी उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण को दर्शाती है। हम उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हैं।

# सोनीपत में कोविड वैक्सीन का आंकड़ा 23 लाख के पार

**सोनीपत।** उपायुक्त ललित सिवाच ने कहा कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के को-वीन पोर्टल के आधार पर कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में सोनीपत जिला ने उल्लेखनीय कार्य करते हुए कोविड रोधी वैक्सीन का 23 लाख से अधिक डोज का आंकड़ा पार कर लिया है। जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग व जिलावासी बधाई के पात्र है। उपायुक्त सिवाच ने कहा कि कोरोना को रोकने के लिए वैक्सीन सबसे बड़ा हथियार है। जिला में स्वास्थ्य विभाग ने 31 टीकारकरण बनाए गए है जहां पर निशुल्क टीके लगाए जा रहे हैं। उपायुक्त ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जिन लोगों ने अब तक टीकाकरण नहीं कराया वह सभी अपने नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर जाकर टीकाकरण अवश्य कराएं। उपायुक्त ने कहा कि जिला में अब तक अब तक 23 लाख 36361 जिला में 12 लाख 97435 को लगी पहली व 09 लाख 91102 को लगी दूसरी डोज लगाई जा चुकी है।

# सिरसा के आकाश बायजूस के 7 छात्रों ने जेईई मेन्स 2022 के दूसरे सत्र में 99 प्रतिशत और उससे अधिक का प्रभावशाली स्कोर किया

**पायनियर समाचार सेवा।** सिरसा

**सिरसा** में आकाश बायजूस के 7 छात्रों ने जेईई मेन्स 2022 परीक्षा के दूसरे सत्र में 99 पर्सेंटाइल और उससे अधिक अंक प्राप्त कर संस्थान और शहर को गौरवान्वित किया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज परिणाम घोषित किए। यह इस साल आयोजित होने वाली इंजीनियरिंग के लिए दो संयुक्त प्रवेश परीक्षाओं में से अंतिम थी। शीर्ष स्कोरर गीतांश बंसल ने 99.73, नमन अग्रवाल ने 99.57, तुषार वर्मा ने 99.56, गर्वित ने 99.46, प्रतीक ने 99.45, अभिमन्यु ने 99.20 और अरिजीत कुमार ने 99.03 अंक हासिल किए।



दुनिया की सबसे कठिन प्रवेश परीक्षा मानी जाने वाली आईआईटी जेईई को क्रैक करने के लिए छात्रों ने दो साल के क्लासरूम प्रोग्राम में आकाश बायजूस में दाखिला लिया। उन्होंने जेईई में टॉप पर्सेंटाइल की सूची में अपने प्रवेश का श्रेय अवधारणाओं को समझने के आकाश बायजूस के प्रयासों और उनके सीखने के कार्यक्रम का सख्त पालन किया । हम आभारी हैं कि आकाश बायजू ने दोनों में हमारी मदद की है। लेकिन संस्थान से सामग्री और कोचिंग के लिए, हम कम समय में विभिन्न विषयों में कई अवधारणाओं को नहीं समझ पाते।

Aavas FINANCIERS LTD
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA
आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड
( पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात ) (CIN: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र

कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न सूची के अनुसार ऋणी का खाता एन.पी.ए. होने के कारण निम्न तालिका के अनुसार ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13( 2 ) के अन्तर्गत 60 दिन का नोटिस दिया गया था। नोटिस के अनुसार यदि ऋणी/गारण्टर 60 दिवस के अंदर बकाया ऋण राशी जमा नहीं कराते हैं तो ऋण की वसूली बंधक सम्पत्ति को नीलाम करके की जायेगी। डिमाण्ड नोटिस की तामील ना होने के कारण नोटिस की छायाप्रति बंधक सम्पत्ति पर चस्पा की जा चुकी है। अतः आपको यह सूचित किया जाता है कि नोटिस प्रकाशित दिनांक से 60 दिन के अन्दर-अन्दर निम्न तालिका के अनुसार रुपया तथा भविष्य का ब्याज, वसूली में होने वाला खर्चा जमा कराये अन्यथा एक्ट की धारा 13( 4 ) एवं 14 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न सूचि के अनुसार साम्यिक बंधक सम्पत्ति का भौतिक कब्जा लेने एवं इसे नीलामी कर ऋण राशि की वसूली कराने के लिए प्राधिकृत अधिकारी स्वतंत्र होंगे।

| ऋणी का नाम | धारा 13( 2 ) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| **सुरेन्द्र कुमार,** श्रीमती संतोष<br>खाता सं. LNHIS00518-190106362 | 06 अगस्त 2022<br>₹ 835115/-<br>03 अगस्त 2022 | सम्पत्ति बियरिंग का हिस्सा खेवत नं. 700/617, खतौनी नं. 851, खसरा नं. 386/5( 0-8 ),स्थित गांव जुगलान, तह. व जिला हिसार, हरियाणा **क्षेत्रफल 121 वर्ग गज** |

स्थान : जयपुर   दिनांक 09.08.2022   प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

# तिरंगा हमारे लिए गर्व की बात : रीना

### राष्ट्रीय झंडा तिरंगा हर देशवासी की आन-बान और शान

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत मैथोडिस्ट सीनियर सैकेंडरी स्कूल के बच्चों द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**मैथोडिस्ट** सीनियर सैकेंडरी स्कूल में सोमवार को आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्कूल बच्चों व स्कूल स्टाफ ने प्रभातफेरी निकाली। प्रभातफेरी स्कूल परिसर से शुरू होकर मिशन रोड, रेलवे फ्लाईओवर, मिशन चौक से होते हुए वापस स्कूल परिसर में पहुंची।


तिरंगा यात्रा निकालते मैथोडिस्ट सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थी।

पूरे देश में आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। स्कूल प्रिंसीपल रीना मनी ने कहा कि अमृत महोत्सव के तहत सरकार ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के सम्मान में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आगाज किया है। इस कार्यक्रम के तहत हर घर पर तिरंगा लगाने का आह्वान किया गया है। हम सब इस अभियान का हिस्सा बने, यह हमारे लिए भी गर्व की बात है। तिरंगे की शान में स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर देश भक्ति के नारों से आमजन व राहगीरों में देशभक्ति का जज्बा व जोश पैदा किया।

उन्होंने कहा कि हमें अनेकों कुर्बानियां देकर आजादी हासिल हुई है। अनेक शूरवीरों के बलिदान की वजह से ही हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं और पूरी तरह से स्वतंत्र है। मास्टर सुशील कुमार व समीक्षा ने कहा कि राष्ट्रीय झंडा तिरंगा हर देशवासी की आन-बान और शान है। इसी तिरंगे की रक्षा करते हुए असंख्य वीर सपूत शहीद हुए है। जिनकों हमेशा याद रखा जाएगा, क्योंकि उनके बलिदान के कारण ही हम चैन की नींद सोते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के प्रति हम सबकी जिम्मेदारी है और हमें इसके लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।

देश की आजादी के लिए हुए आंदोलनों में जिन महापुरुषों, देशभक्तों, स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों ने अपना बलिदान दिया है, उन्हें याद करते हुए प्रभातफेरी निकाली गई है, ताकि हमारे बच्चों उनके जीवन से शिक्षा प्राप्त कर देश की रक्षा कर सकें। इस दौरान छात्र-छात्राएं हाथों में देशभक्ति के नारे लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे। इस दौरान पुष्पा देवी, सुशील कुमार, अरुण मनी, कुसुम, सुमन, सुजाता, एलिस, अनिता रानी, पूनम, अनुग्रह मनी, समीक्षा, राजीव, मन्ती, संजू, गीता, दुजई सहित स्कूली छात्र-छात्राओं ने प्रभातफेरी में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत निकाली साइकिल रैली


साइकिल रैली को रवाना करतीं प्राचार्य डॉ. आरती त्रेहन।

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** आर्य कन्या महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट के तत्वावधान में रोट्रेक्ट क्लब के साथ मिल कर आजादी का अमृत-महोत्सव के अन्तर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत साइकिल रैली का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. आरती त्रेहन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य देश की एकता को बढ़ाना तथा सभी के दिलों में भक्ति-भाव पैदा करना है।

उन्होंने एनसीसी युनिट तथा रोट्रेक्ट क्लब द्वारा आयोजित तिरंगा साइकिल रैली को झंडी दिखा कर रवाना किया। महाविद्यालय की एनसीसी ऑफिसर लैफ्टीनैण्ट डॉ. ज्योति शर्मा के कुशल निर्देशन में सभी छात्राएं महाविद्यालय के मुख्य द्वार से वन्दे मातरम, हर घर तिरंगा, मेरा तिरंगा, मेरी शान आदि उद्घोषों द्वारा विजय कालोनी, गीता स्कूल, सार्वजनिक अस्पताल, बाजार, आर्य स्कूल, प्रताप मंडी के रास्ते होते हुए 5 किलोमीटर की दूरी तय कर समाज को देश-भक्ति का संदेश दिया तथा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के बारे में जागरुकता पैदा की। इस मौके ऋतु मित्तल, राजेश आनन्द, बलविंदर कुमार, सोनिया, हरबंस, सुखविंदर, सीमा रानी और सरस्वती मौजूद रहे।

## संक्षिप्त-समाचार

### खालसा स्कूल के विद्यार्थियों ने दिया राष्ट्र प्रेम का संदेश



**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** आजादी के 75वें स्वतंत्रता दिवस को लेकर सोमवार को खाने वाल खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों की धुन पर तिरंगा यात्रा निकाल कर राष्ट्र प्रेम का संदेश दिया। नगरपालिका प्रधान गुलशन क्वात्रा ने हरी झंडी दिखा कर तिरंगा यात्रा को रवाना किया और स्वयं भी विद्यार्थियों के साथ यात्रा में शामिल हुए। नपा प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल की यह अनूठी पहल है, जिसकी बदौलत आज देश के घर-घर में तिरंगा लहरा रहा है। प्रबंधक समिति के सचिव जतिन्द्र सिंह भिंडर ने यात्रा के दौरान जनता से आह्वान किया कि आजादी का 75वां पर्व हम सब को मिल कर मनाना है। तिरंगा यात्रा स्कूल परिसर से शुरू होकर रेलवे रोड, जगदीश मार्ग, एसबीआई रोड, जीटी रोड से होते हुए वापिस स्कूल परिसर पहुंची। इस अवसर पर प्रिंसीपल गुरमीत सिंह, रिंपी भसीन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### किड्ज़ी स्कूल में मनाया वर्षा ऋतु दिवस



**कुरुक्षेत्र।** किड्जी स्कूल सेक्टर 3 के नन्हे- मुन्नों ने वर्षा ऋतु के दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया। नर्सरी, जूनियर केजी और सीनियर केजी के बच्चों ने इस ऋतु से संबंधित नए-नए शब्दों को जाना और वर्षा ऋतु गतिविधियों में भाग लेकर लुफ्त उठाया। सभी बच्चों ने वर्षा ऋतु के महत्व को समझा और वर्षा ऋतु में प्रयोग होने वाली वस्तुओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। किड्जी स्कूल के बच्चों ने अध्यापिकाओं ज्योति, मोनिका, दीपा, प्रभजोत, सपना, रितु, रजनी और सुरभि के साथ मिलकर वर्षा ऋतु से संबंधित कविताओं और गीतों का आनंद उठाया। वर्षा ऋतु में औपचारिक सावधानियां बरतने की जानकारी बच्चों को प्रदान की गई।

### नर नारायण सेवा समिति ने वितरित किया मासिक राशन



**कुरुक्षेत्र।** नर नारायण सेवा समिति द्वारा चल रही निशुल्क मासिक राशन वितरण योजना के तहत जरूरतमंद परिवारों को श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर में नर नारायण सेवा समिति सदस्यों द्वारा अगस्त माह का राशन वितरित किया गया। समिति प्रधान राकेश मुलतानी ने बताया कि समिति द्वारा चल रही इस राशन वितरण के तहत जरूरतमंद परिवारों को हर माह निशुल्क राशन दिया जाता है। इस योजना को चलाए हुए 12 साल पूरे होने वाले है। समिति की स्थापना के साथ ही इस योजना को शुरू किया गया था। मासिक दानी सज्जनों की मदद से समिति द्वारा सेवा के सभी परिकल्प किए जा रहे है। इस अवसर पर मुनीश भाटिया, राकेश मुल्तानी, प्रिंस आनंद, सुशील ठकराल, करनैल सिंह, सतपाल भाटिया, पंकज मित्तल, विनोद शर्मा, सत्यदेव झरौली, कृष्ण सिंगला, अमित कालरा और श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर के संचालक पण्डित कृष्णानंद शास्त्री मौजूद थे।

### रूटीन चेकअप देता है स्वस्थ लाइफ : कर्ण सिकरी



**कुरुक्षेत्र।** प्रत्येक मनुष्य को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए। रुटीन चेकअप कराना बेहद आवश्यक है और इससे हमें स्वस्थ लाइफ मिलती है। यह बात डंगाली गांव स्थित सीकरी फार्म के संस्थापक एवं एमडी कर्ण सिकरी ने कही। वे सोमवार को फार्म पर आयोजित तिमाही स्वास्थ्य चेकअप कैंप में फार्म के कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। कैंप का आयोजन करना फाउंडेशन द्वारा आदेश मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सहयोग से किया गया। इसमें अस्पताल के डॉ. रमन गुलाटी, डॉ. पूनम व डॉ. मंजीत की टीम ने कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की। करीब 83 कर्मचारियों का स्वास्थ्य जांचा गया और बीपी, शुगर आदि की भी जांच की गई। जरूरत के अनुसार कर्मचारियों को दवाइयां भी दी गई। एमडी कर्ण सिकरी ने कहा कि कई बार लापरवाही तो कई बार काम या अन्य मजबूरियों के चलते लोग अपने स्वास्थ्य की जांच नहीं करा पाते हैं। फार्म पर ही सभी कर्मचारियों के स्वास्थ्य की समय-समय पर जांच होती रहे, इसलिए करना फाउंडेशन की ओर से फार्म पर ही त्रैमासिक स्वास्थ्य कैंप आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसी के चलते सोमवार को दूसरे स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। संस्थापक कर्ण सिकरी ने कहा कि फार्म द्वारा सेव सॉयल मिशन चलाया हुआ है। जिस प्रकार हमारी मिट्टी को बचाए जाने की आवश्यकता है, ठीक उसी प्रकार हमारे स्वास्थ्य को भी बचाए रखने की जरूरत है। इसी के चलते कर्मचारियों के लिए सेव हेल्थ मिशन चलाया गया है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे प्रत्येक शिविर में अपने स्वास्थ्य की जांच अवश्य कराएं। उन्होंने सहयोग के लिए आदेश मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों का आभार जताया। इस अवसर पर फार्म के सभी अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

# समस्याओं को लेकर नगर सुधार मंच निगम अधिकारियों से मिला


डीएमसी अपूर्व चौधरी से मिलते नगर सुधार मंच के पदाधिकारी।

**सोनीपत।** नगर सुधार मंच के चेयरमैन संजय सिंगला, प्रधान सरदार मोहन सिंह मनोचा, अशोक खत्री, रविंद्र सरोहा व पहलवान हवा सिंह आंतिल सोमवार को निगम कार्यालय में शहर की प्रमुख समस्याओं को लेकर डीएमसी अपूर्व चौधरी से मिले।

मंच के चेयरमैन संजय सिंगला ने डीएमसी को बताया कि सोनीपत की सड़कों पर बढ़ते जा रहे घूमन्तु पशुओं की वजह से दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं और जाम से निपटने के लिए इनको हटाने की मांग रखी। जिस पर डीएमसी ने आश्वासन दिया की इसका टेंडर होने वाला है और शहरवासियों की यह समस्या जल्द दूर हो जाएगी। प्रधान मोहन सिंह मनोचा ने गोहाना रोड फ्लाईओवर व एटलस रोड फ्लाई ओवर के निचे भरने वाले बरसात व शिविर के पानी की तरफ ध्यान आकर्षित करवाया। इस पानी से हुए खड्ढे भरने की मांग की, ताकि शहर की सड़कों पर जाम ना लगे। रविंद्र सरोहा व अशोक खत्री ने जटवाड़े के नाहर सिंह शमशान घाटे के कामी रोड से बाबा धाम से शमशान भूमि तक रास्ता बनाने की मांग रखी, ताकि लोगों को दुख की घड़ी में शमशान तक शव यात्रा लेकर जाने मे दिक्कत ना हो। डीएमसी अपूर्व चौधरी ने सभी समस्याओं को जल्द निपटाने का आश्वासन दिया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 13 को : जसबीर

**करनाल।** आजादी का अमृत महोत्सव के तहत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आगामी 13 अगस्त को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। परिवादी इस नेशनल लोक अदालत में सुलह व समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण करा सकते हैं।

सीजेएम एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव जसबीर ने जानकारी देते हुए बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 13 अगस्त को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। बताया कि यदि किसी व्यक्ति का कोई मामला न्यायालय में लंबित है तो वह निस्तारण करा सकता है।

# बिजली बिल संशोधन कानून के विरोध में कर्मियों ने किया रोष प्रदर्शन

### कर्मचारियों ने सरकार से कानून वापस लेने की मांग की

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**इन्दिरा** कालोनी ओल्ड पॉवर हाउस के प्रांगण में इंडस्ट्रीयल एरिया सब डिवीजन व सीटी सबडीपीजन यूएचबीयूएन सोनीपत के सभी कर्मचारियों ने बिजली बिल संसोधन कानून के विरोध में 10 बजे से लेकर 12 बजे तक 2 घंटे का रोष प्रदर्शन किया गया!

अध्यक्षता केन्द्रीय परिषद में मुख्य सलाहकार व हरियाणा कर्मचारी महासंघ जिला प्रधान हरपाल भनवाला ने की व स्टेज का संचालन सतीश चहल सीटी यूनिट प्रधान ने किया। कर्मचारी नेताओं ने रोष प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि बिजली बिल संसोधन कानून किस तरह से आम जनता, किसानों व कर्मचारियों के लिए बहुत ही नुकसान करने वाला कानून है। यह कानून चंद पूंजिपत्तियों के फायदे के लिए है, जिससे की वो अपनी मनमर्जी से बिजली के रेट तय कर सके।


बिजली बिल संसोधन कानून के विरोध में रोष प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी।

राज्य सरकार किसी भी प्रकार की सब्सीडी व सुविधाएं आम जनता को ना दे सकें। सरकार को चेतावनी देते हुए कर्मचारी नेताओं ने कहा कि अगर सरकार कानून वापस नहीं लेती है तो एचएसईबी वर्कर यूनियन भिवानी किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार है। जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। इस अवसर पर अनिल कौशिक प्रधान सीटी सबडीवीस, राकेश दहिया प्रधान इंडस्ट्रीयल एरिया सब डिवीजन आदि नेता मौजूद रहे।

## न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर सुनवाई 17 अगस्त को

**कुरुक्षेत्र।** किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के द्वारा साल 2014 मे पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में केस दायर किया गया था जिसकी सुनवाई 17 अगस्त को होगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने बताया कि 17 अगस्त को सुनवाई के समय वे खुद हाई कोर्ट में जाएंगे। इसी को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीनियर वकील सरदार जोगीदर सिंह तूर के आवास पर हाईकोर्ट के सीनियर वकील जोगिंदर सिंह तूर सहित सीनियर एटवोकेट मनजीत सिंह खैरा, एटवोकेट सरदार तरलोक सिंह, एटवोकेट राजीव गोदरा, एटवोकेट दिव्या गौदरा, एटवोकेट सतनाम सिंह चौहान, एटवोकेट ओंकार सिंह, एटवोकेट हरचंद सिंह बाठ, सहित भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार गुरनाम सिंह चढ़ूनी , हरियाणा के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष कर्म सिंह माथना, मीडिया प्रभारी राकेश कुमार बैंस, गन्ना संघर्ष समिति नारायणगढ़ के अध्यक्ष विनोद राणा, सहलाकार सीमित के सदस्य सुमेर डाटा हिसार से, यमुनानगर जिला अध्यक्ष संजू गुदियाना ने हिस्सा लिया।

# परमात्मा के दिखाए हुए रास्ते पर चलने का किया आह्वान

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**ब्रह्माकुमारी** ईश्वरीय विश्वविद्यालय खेड़ी मारकंडा द्वारा जिला कोर्ट परिसर में रक्षाबंधन के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रुप से बीके शकुंतला बीके सीमा बीके रीना व बीके ऊषा बहनों द्वारा कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं को राखी बांधी गई।

इस अवसर पर बीके शकुंतला द्वारा अधिवक्ताओं को राखी पर्व का उद्देश्य बताते हुए कहा गया कि आज हम सब को रक्षा की जरूरत है क्योंकि आज हम असुरक्षा की भावना से घिरे हुए चाहे वह संबंधों की बात हो समाज की बात हो या भविष्य को लेकर चिंता इसके साथ-साथ अनेक बुराइयां जैसे काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार इन सभी से हम सबको अपनी रक्षा करनी है और इन बुराइयों से हम अपनी रक्षा तभी कर सकते हैं जब हम परमात्मा को अपना मार्गदर्शक बना लेते हैं।

परमात्मा के दिखाए हुए रास्ते पर चलते हुए हम अपने दैनिक जीवन में बदलाव लाए तो यह बुराइयां धीरे-धीरे हमारे जीवन से स्वयं शून्य हो जाएंगी। इसके साथ ही उन्होंने परमात्मा के महा वाक्यों के साथ-साथ मेडिटेशन का अनुभव भी अधिवक्ताओं को कराया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि जिसने भी यह कार्यक्रम सुना वह इतना प्रभावित हुआ कि अधिवक्ताओं ने खुद हर हफ्ते ब्रह्माकुमारीज के प्रोग्राम करवाने का कोर्ट परिसर में आग्रह किया। परमात्मा के महावाक्य और प्रभु का संदेश सुनने की सभी ने इच्छा जाहिर की। इस बारे में अधिवक्ताओं ने खुद तय किया कि वह हर हफ्ते ब्रह्माकुमारीज संस्था के प्रोग्राम कोर्ट परिसर में करवाने की एक रूपरेखा तय करेंगे और सभी ने बीके बहनों का तहे दिल से धन्यवाद करते हुए कहा कि है जो आज आपने हमें संदेश सुनाया है यह अनमोल है जिसकी कोई कीमत नहीं।


अधिवक्ताओं को राखी बांधती ब्रह्माकुमारी बहनें।

# भगवान परशुराम कॉलेज ने निकाली तिरंगा पद यात्रा


तिरंगा यात्रा में शामिल अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी व अन्य।

**कुरुक्षेत्र।** भगवान परशुराम कॉलेज कुरुक्षेत्र द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में तिरंगा पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस गौरवमयी यात्रा का शुभारंभ अतिरिक्त उपायुक्त एवं प्रशासक भगवान परशुराम कॉलेज एजुकेशन सोसायटी कुरुक्षेत्र अखिल पिलानी द्वारा कॉलेज के विद्यार्थियों को तिरंगा सौंप कर किया गया।

तिरंगा यात्रा के माध्यम से सेक्टर-5 में स्थित घरों में जाकर नागरिकों को अपने घरों के ऊपर तिरंगा फहराने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए उद्घोष भारत माता की जय, वन्दे मातरम ने आजादी की 1947 की याद को ताजा कर दिया तथा नौजवानों में देशभक्ति की भावना का नवसंचार हुआ। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. शीश पाल व वरिष्ठ एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. हीरा लाल, डॉ. नंद किशोर, डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. सुरेश पाराशर, प्रो. कर्मजीत सिंह, प्रो. सुमन शर्मा, डॉ. सुषमा शर्मा, एनसीसी लेफ्टिनेंट डॉ. नीरज वशिष्ठ, डॉ. सौरभ त्रिखा, डॉ. दिलबाग सिंह, सतपाल शर्मा मुख्य लिपिक कर्मचन्द लिपिक गैर-शिक्षक कर्मचारी व कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# महिंद्रा ने नई जीतो प्लस सीएनजी 'चारसौ' लॉन्च की

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद / करनाल

**महिंद्रा** एंड महिंद्रा लिमिटेड (एमएंडएम) ने सोमवार को अपनी मौजूदा जीतो प्लस रेंज के अतिरिक्त न्यू जीतो प्लस सीएनजी चारसौ को लॉन्च किया। यह कम ईंधन खपत और बेहतरीन माइलेज में नये मानक स्थापित करने का वादा करता है। नई जीतो प्लस सीएनजी चारसौ 400 किमी की बेजोड़ रेंजस के साथ 35.1 किमी/कि ग्रा की सर्वोत्तम कोटि का माइलेज का दावा करती है। 650 किलोग्राम की अपनी उद्योग की अग्रणी भार वहन क्षमता के साथ, नई जीतो प्लस सीएनजी चारसौ आदर्श रूप से लाभप्रदता को बढ़ावा देने और ग्राहकों को बेहतर समृद्धि प्रदान करने के लिए तैयार है।



प्रतिस्पर्धात्मक रूप से तय की गई 5.26 लाख रुपये (एक्स - शोरूम, पुणे) की कीमत पर उपलब्ध, नई जीतो प्लस सीएनजी चारसौ ट्रांसपोर्टरों की बदलती आवश्यकता के अनुरूप लास्ट माइल कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक्स डिलिवरी प्रदान करने के लिए विकसित किया गया है। इसमें कई विशिष्ट खूबियां हैं जैसे सर्वोत्तम कोटि का प्रदर्शन और सुरक्षा, स्टाइलिश, प्रीमियम एक्सटीरियर के साथ कार जैसा आराम और सुविधाएं, जो इसे पूरे भारत के छोटे और मध्यम स्तर के व्यवसायियों और व्यापारियों की व्यावसायिक आवश्यकताओं के लिए एकदम उपयुक्त बनाती हैं जो लास्ट-माइल परिवहन समाधान प्रदान करते हैं।

महिंद्रा ऑटोमोटिव एससीवी डिवीजन बिजनेस हेड, अमित सागर ने कहा, महिंद्रा, एससीवी सेगमेंट में दो दशक से अधिक समय से बाजार अग्रणी है। हम परिवहन व्यवसाय की बढ़ती चुनौतियों को समझते हैं और लगातार अपने ग्राहकों की बढ़ती मांगों के अनुरूप उपयुक्त समाधान प्रदान करने का प्रयास करते हैं। मुझे विश्वास है कि महिंद्रा के अन्य उत्पादों की तरह नई जीतो प्लस सीएनजी चारसौ भी सीएनजी वाहनों के लिए नए व्यावसायिक उपयोग का द्वार खोलेगी। हमारे ग्राहक अब लंबी दूरी की यात्रा कर सकते हैं और कम-कम दूरी पर रिफिलिंग की चिंता किए बिना एक शहर से दूसरे शहर भी जा सकते हैं। यह हमारे ग्राहकों को उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के लिए उत्कृष्ट उपयुक्तता के कारण उनके व्यवसायों की समृद्धि में महत्वपूर्ण रूप से सहायक साबित होगी।

सागर ने बताया, महिंद्रा स्थिरतापूर्ण गतिशीलता एवं पर्यावरण के प्रति वचनबद्ध है और नई जीतो प्लस सीएनजी चारसौ की लॉन्चिंग उस दिशा में अग्रसक्रिय कदम है। महिंद्रा के अत्याधुनिक जहीराबाद संयंत्र से रोल आउट किये जाने वाली, नई जीतो प्लस सीएनजी चारसौ 3 साल/72,000 किमी (जो भी पहले हो) की महत्वपूर्ण वारंटी के साथ आती है। यह 3 आकर्षक रंगों में उपलब्ध होगी: डायमंड व्हाइट, अल्ट्रामरीन ब्लू और सनराइज रेड। यह वाहन महिंद्रा के व्यापक सेवा नेटवर्क द्वारा समर्थित है, जो देश में सबसे बड़ा है।

# एनसीसी एयर विंग कैडेट्स ने निकाली तिरंगा यात्रा


तिरंगा यात्रा के दौरान एनसीसी एयर विंग के कैडेट्स, स्कूल विद्यार्थी और प्रधानाचार्या।

**करनाल।** दयाल सिंह पब्लिक स्कूल सेक्टर 7 में एनसीसी एयर विंग के कैडेट्स ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के रूप में हर घर तिरंगा अभियान जन जागरुकता रैली निकाली।

विद्यालय की प्रधानाचार्य शालिनी नारंग ने हरी झंड़ी दिखाकर रैली को प्रारंभ किया। रैली विद्यालय से लेकर सेक्टर सात की गलियों से होकर लोगों में जन जागरण कर विद्यालय में उसका समापन किया गया। रैली में स्कूल के छात्र - छात्राएं एन.सी.सी एयर विंग के कैडेट्स और स्टाफ ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। एएनओ आनंद कुमार मिश्रा की अगुवाई में एनसीसी कैडेट्स ने तिरंगा यात्रा निकाली। प्रधानाचार्या शालिनी नारंग ने कैडेट्स और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की संस्कृति, देश में राष्ट्रीयता की भावना विकसित करने और भारतीय ध्वज के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से नियमों का पालन करते हुए हमें हर घर तिरंगा फहराना है।

# फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने सेबी के समक्ष डीआरएचपी फाइल किया

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम / नोएडा

**फिनकेयर** स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ('द बैंक') एक 'डिजिटल-फर्स्ट' एसएफबी है, जो विशेष रूप से ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में ऐसे ग्राहकों पर अपना ध्यान केंद्रित करता है, जो या तो बैंकिंग सुविधाओं से पूरी तरह वंचित हैं अथवा जिन्हें बहुत कम बैंकिंग सुविधाएं हासिल हैं। बैंक ने बाजार नियामक सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के समक्ष ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दायर किया है। बैंक की योजना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से 10 अंकित मूल्य की इक्विटी शेयर पूंजी जारी करके धन जुटाने की है, जिसमें 625 करोड़ रुपये तक का नया निर्गम ('फ्रेश इश्यू') भी है और प्रमोटरों और इनवेस्टर सेलिंग शेयरहोल्डर्स ('बिक्री के लिए प्रस्ताव') द्वारा 17,000,000 इक्विटी शेयरों को मिलाकर बिक्री के लिए प्रस्ताव शामिल है।

नए इश्यू से होने वाली आय का इस्तेमाल बैंक अपनी भविष्य की पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए और बैंक के टियर-2 पूंजी आधार को बढ़ाने के लिए करने का प्रस्ताव करता है, जिससे बैंक की संपत्ति में वृद्धि होने की उम्मीद है। मुख्य रूप से हमारे बैंक के ऋण/अग्रिम और निवेश पोर्टफोलियो और समय-समय पर आरबीआई द्वारा निर्धारित पूंजी पर्याप्तता पर नियामक आवश्यकताओं का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए भी इस फंड का उपयोग करना शामिल है। इक्विटी शेयरों के ऑफर में फिनकेयर बिजनेस सर्विसेज लिमिटेड ('प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर') द्वारा 14,934,779 इक्विटी शेयर और वैगनर लिमिटेड द्वारा 471,754 इक्विटी शेयर, ट्रू नॉर्थ फंड वी एलएलपी द्वारा 444,140 इक्विटी शेयर तक, इंडियम आईवी (मॉरीशस) होल्डिंग्स लिमिटेड द्वारा 430,842 इक्विटी शेयर तक, ओमेगा टीसी होल्डिंग्स पीटीई लिमिटेड द्वारा 223,955 इक्विटी शेयरों तक; लीपफ्रॉग रूरल इंक्लूजन (इंडिया) लिमिटेड द्वारा 130,787 इक्विटी शेयरों तक, कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा 126,151 इक्विटी शेयर तक, एडलवाइस टोकियो लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा 116,981 इक्विटी शेयर तक, भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा 45,710 इक्विटी शेयरों तक, सिल्वर लीफ ओक (मैनुटियस) लिमिटेड द्वारा 35,092 इक्विटी शेयरों तक, टाटा कैपिटल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड द्वारा 20,752 इक्विटी शेयर और एडलवाइस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा 19,237 इक्विटी शेयर तक शामिल हैं। ('इनवेस्टर सेलिंग शेयरहोल्डर्स') ('सामूहिक रूप से शेयरधारक')

आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड, एक्सिस कैपिटल लिमिटेड, आईआईएफएल सिक्योरिटीज लिमिटेड, एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड और एंबिट प्राइवेट लिमिटेड बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।

# उप्र : 20 रुपये के लिए रेलवे से दो दशक तक मुकदमा लड़कर जीते तुंगनाथ

### मथुरा छावनी रेलवे स्टेशन के क्लर्क ने दो टिकटों के 70 के बजाय काट लिए थे 90 रुपये

एजेंसी। मथुरा (उप्र)

**उत्तर** प्रदेश के मथुरा जिले के एक अधिवक्ता ने रेलवे से 20 रुपये के लिए 22 साल से अधिक समय तक लड़ाई लड़कर आखिरकार जीत हासिल कर ली है। अब रेलवे को एक माह में उन्हें 20 रुपये पर प्रतिवर्ष 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज लगाकार पूरी रकम चुकानी होगी। साथ ही, आर्थिक व मानसिक पीड़ा एवं वाद व्यय के रूप में 15 हजार रुपये जुर्माने के रूप देने का निर्देश भी दिया गया है। जिला उपभोक्ता



फोरम ने पांच अगस्त को इस शिकायत का निस्तारण करते हुए अधिवक्ता के पक्ष में फैसला किया।

मथुरा के होलीगेट क्षेत्र के निवासी अधिवक्ता तुंगनाथ चतुर्वेदी ने सोमवार को बताया कि 25 दिसंबर 1999 को अपने एक सहयोगी के साथ मुरादाबाद जाने के वास्ते टिकट लेने के लिए वह मथुरा छावनी की टिकट खिड़की पर गए थे। उस समय टिकट 35 रुपये का था। उन्होंने खिड़की पर मौजूद व्यक्ति को 100 रुपये दिए, जिसने दो टिकट के 70 रुपए की बजाए 90 रुपये काट लिए और कहने पर भी उसने शेष 20 रुपये वापस नहीं किए।

चतुर्वेदी ने बताया कि उन्होंने यात्रा सम्पन्न करने के बाद नॉर्थ ईस्ट रेलवे (गोरखपुर) तथा बुकिंग क्लर्क के खिलाफ मथुरा छावनी को पक्षकार बनाते हुए जिला उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज कराई। 22 साल से अधिक समय बाद पांच अगस्त को इस मामले का निपटारा हुआ। उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष नवनीत कुमार ने रेलवे को आदेश दिया कि अधिवक्ता से वसूले गए 20 रुपये पर प्रतिवर्ष 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज लगाकर उसे लौटाया जाए। सुनवाई के दौरान अधिवक्ता को हुई मानसिक, आर्थिक पीड़ा एवं वाद व्यय के रूप में 15 हजार रुपये बतौर जुर्माना अदा किया जाए। उन्होंने यह भी आदेश दिया कि रेलवे द्वारा फैसला सुनाए जाने के दिन से 30 दिन के भीतर यदि धनराशि अदा नहीं की जाती, तो 20 रुपये पर प्रतिवर्ष 12 की बजाय 15 प्रतिशत ब्याज लगाकर उसे लौटाना होगा।

अधिवक्ता तुंगनाथ चतुर्वेदी ने कहा, रेलवे के बुकिंग क्लर्क (टिकट बुक करने वाले कर्मी) ने उस समय 20 रुपये अधिक वसूले थे। उसने हाथ से बना टिकट दिया था, क्योंकि तब कंप्यूटर नहीं थे। 22 से अधिक समय तक संघर्ष करने के बाद आखिरकार जीत हासिल की।

## संक्षिप्त समाचार

### अध्यादेशों से शासन लोकतंत्र के लिए सही नहीं : राज्यपाल

**नई दिल्ली।** वाम सरकार द्वारा जारी केरल लोकायुक्त (संशोधन) अध्यादेश सहित कई अध्यादेशों की अवधि सोमवार को समाप्त हो रही है। जिस पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि इस तरह के माध्यम से शासन करना लोकतंत्र के लिए सही नहीं है। खान ने कहा कि वह अध्यादेशों पर विचार किए बिना उनकी अवधि नहीं बढ़ाएंगे।उन्होंने कहा कि जिस दिन वह आजादी का अमृत महोत्सव समिति की बैठक में भाग लेने के लिए राज्य से दिल्ली के लिए रवाना हो रहे थे, उस दिन उन्हें 13-14 अध्यादेश भेजे गए थे और उनके पास उन सभी को देखने का समय नहीं था। राज्यपाल ने राष्ट्रीय राजधानी में पत्रकारों से कहा, मुझे उन्हें पढ़ने के लिए समय चाहिए। मुझे उन पर विचार करना होगा। क्या आप चाहते हैं कि मैं बिना सोचे-समझे उन पर हस्ताक्षर कर दूं? हमें लोकतंत्र की भावना को बनाए रखना चाहिए और अध्यादेशों के माध्यम से शासन करना कोई ऐसी चीज नहीं है जो लोकतंत्र के लिए सही हो। खान ने कहा, विशेष आपात स्थितियों में आप अध्यादेश ला सकते हैं। इसके बाद विधानसभा सत्र में इसे पारित किया जाता है। ऐसा नहीं हो सकता कि आप बार-बार अध्यादेश लाते रहें। यदि आप अध्यादेशों के माध्यम से शासन करेंगे, तो विधानसभा क्यों है? केरल लोकायुक्त (संशोधन) अध्यादेश में यह प्रावधान है कि राज्यपाल, मुख्यमंत्री या राज्य सरकार सक्षम प्राधिकार होंगे और वे लोकायुक्त की घोषणा को स्वीकार या अस्वीकार कर सकते हैं।

### चंद्रपुर केघमाबाई आश्रम स्कूल में नाबालिग छात्रा से बलात्कार

**चंद्रपुर।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले के घमाबाई आश्रम स्कूल के एक अधीक्षक को नाबालिग छात्रा (13) से बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर भद्रावती तहसील के बरंज टांडा गांव के घमाबाई आश्रम स्कूल में हुई घटना की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (बलात्कार) तथा अन्य प्रासंगिक प्रावधानों और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण के कानून(पॉक्सो) के तहत रविवार को आरोपी को गिरफ्तार किया। अधिकारी ने बताया कि वर्धा जिले के हिंगणघाट थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी, क्योंकि पीड़िता के माता-पिता उसी थाना क्षेत्र के निवासी हैं। बाद में मामला भद्रावती थाने में स्थानांतरित कर दिया गया। उप-संभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) आयुष नोपानी ने बताया कि पीड़िता आवासीय विद्यालय की छात्रा है, जहां आरोपी अधीक्षक के रूप में पदस्थ था। उन्होंने बताया कि चार अगस्त को स्कूल के अधिकारियों ने लड़की के माता-पिता से उसे ले जाने को कहा और एक स्थानांतरण प्रमाणपत्र जारी किया जिसमें कहा गया था कि वह स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित है। घर लौटने के बाद लड़की ने माता-पिता को अधीक्षक के उसके साथ बलात्कार करने के बारे में बताया, जिसके बाद शिकायत दर्ज कराई गई। उन्होंने बातया कि पीड़िता को चिकित्सकीय जांच के लिए नागपुर भेजा गया है और मामले की जांच जारी है।

### कांग्रेस के राजगोपाल रेड्डी ने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिया

**हैदराबाद।** तेलंगाना में कांग्रेस विधायक के. राजगोपाल रेड्डी ने सोमवार को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। मुनुगोड़े सीट से विधायक रेड्डी ने विधानसभा अध्यक्ष पीएस रेड्डी को अपना इस्तीफा सौंपा, जिसे अध्यक्ष ने स्वीकार कर लिया। हाल में कांग्रेस छोड़ने वाले रेड्डी 21 अगस्त को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होंगे। भाजपा के सूत्रों ने यह जानकारी दी। रेड्डी ने इस्तीफा देने के बाद कहा, मुनुगोड़े सीट पर होने वाले उपचुनाव का परिणाम ऐतिहासिक होगा। परिणाम तेलंगाना में परिवर्तन लेकर आएगा। मुनुगोड़े सीट पर उपचुनाव होना तय है, क्योंकि विधानसभा चुनाव 2023 के अंत में होना है, जिसमें अभी एक वर्ष से अधिक समय है। कोई सीट रिक्त घोषित होने के छह महीने के भीतर उस सीट पर उपचुनाव कराया जाता है।

# तानाशाह सरकार के खिलाफ एक और करो या मरो जैसे आंदोलन की जरूरत : राहुल

### कांग्रेस महासचिव ने कहा, तानाशाही, महंगाई और बेरोजगारी को भारत छोड़ना ही होगा

**पूर्व अध्यक्ष ने ट्वीट किया, जरूरतः घर-घर रोजगार। असलियतः हर घर बेरोजगार**

एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ पर सोमवार को कहा कि मौजूदा तानाशाह सरकार के खिलाफ और देश की रक्षा के लिए एक और करो या मरो जैसे आंदोलन की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि तानाशाही, महंगाई और बेरोजगारी को भारत छोड़ना ही होगा।

कांग्रेस नेता ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा, इतिहास का वो पन्ना जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता–



भारत छोड़ो आंदोलन। 8 अगस्त 1942 को मुंबई से शुरू हुए इस आंदोलन ने अंग्रेजों की नींद उड़ा दी थी। अगस्त की उस शाम को मुंबई के गोवालिया टैंक मैदान में लोगों ने जुटना शुरू किया, गांधीजी ने करो या मरो का नारा दिया और बस हिंदुस्तान में अंग्रेजी हुकूमत का आखिरी अध्याय शुरू हो गया।

राहुल गांधी के अनुसार, अपनी जिन्दगी की परवाह किए बगैर लाखों देशवासी इस आंदोलन में कूद पड़े, इस आंदोलन में लगभग 940 लोग शहीद हुए और हजारों गिरफ्तारियां हुईं। आज, भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ पर मैं उन स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देता हूं, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी।

उन्होंने कहा, आज हिंदुस्तान की तानाशाह सरकार के खिलाफ और देश की रक्षा के लिए एक और करो या मरो जैसे आंदोलन की जरूरत है, अब समय आ गया है जब, अन्याय के खिलाफ बोलना ही होगा। तानाशाही, महंगाई और बेरोजगारी को भारत छोड़ना ही होगा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने देश में बेरोजगारी बढ़ने से संबंधित एक ग्राफ का हवाला देते हुए ट्वीट किया, जरूरत: घर-घर रोजगार। असलियत: हर घर बेरोजगार।

# युवा और सांसद नायडू से समाज देश और लोकतंत्र के बारे में सीख सकते हैं बहुत कुछ : मोदी



**कहा, उपराष्ट्रपति को युवाओं व सांसदों के लिए हैं प्रेरणास्रोत**

एजेंसी। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू को युवाओं व सांसदों के लिए प्रेरणास्रोत करार दिया और कहा कि वे समाज, देश और लोकतंत्र के बारे में उनसे बहुत कुछ सीख सकते हैं। राज्यसभा के सभापति नायडू को उच्च सदन में विदाई देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वह देश के एक ऐसे उपराष्ट्रपति हैं, जिन्होंने अपनी सभी भूमिकाओं में हमेशा युवाओं के लिए काम किया और सदन में भी हमेशा युवा सांसदों को आगे बढ़ाया और उन्हें प्रोत्साहन दिया।

उन्होंने कहा, आपने देश के लिए और सदन के लिए जो कुछ किया है, उसका ऋण स्वीकार करते हुए आपको भविष्य के लिए बहुत शुभकामनाएं देता हूं। प्रधानमंत्री ने नायडू के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि इस अवधि में सदन के कामकाज में वृद्धि हुई। उन्होंने नायडू के बारे में कहा, इस सदन को नेतृत्व देने की जिम्मेदारी भले ही पूरी हो रही हो लेकिन उनके अनुभव का लाभ भविष्य में देश को मिलता रहेगा, साथ ही हम जैसे अनेक सार्वजनिक जीवन के कार्यकर्ताओं को भी मिलता रहेगा।

# लोकसभा ने भारत छोड़ो आंदोलन की 80वीं वर्षगांठ पर स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया

**बिरला ने यह भी कहा, हम उन स्वतंत्रता सेनानियों को देते हैं श्रद्धांजलि**

एजेंसी। नई दिल्ली

**लोकसभा** ने भारत छोड़ो आंदोलन के 80 वर्ष पूरा होने के अवसर पर सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और अन्य स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी और उनके त्याग एवं बलिदान का स्मरण किया। सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि संपूर्ण



देश भारत छोड़ो आंदोलन की 80वीं वर्षगांठ मना रहा है।

उन्होंने कहा, नौ अगस्त, 1942 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भारत छोड़ो का नारा दिया था। स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए किए गए संघर्ष में भारत छोड़ो आंदोलन सर्वाधिक निर्णायक क्षणों में से एक था जिसने पूरे देश को आजादी के लिए संघर्ष करने हेतु एकजुट किया। उन्होंने कहा, आज जब हम स्वतंत्रता प्राप्ति के 75वें वर्ष में हैं और आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं तो हम यह संकल्प करें कि अपने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का स्मरण करते हुए देशहित में काम करते रहेंगे और उनके उच्च आदर्शों के प्रति खुद को समर्पित करेंगे।

बिरला ने यह भी कहा, हम उन स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देते हैं, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी और अपना सर्वस्व न्यौछावर किया। इसके बाद कुछ पल मौन रखकर सदन ने स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी।

### लोकसभा ने खेलों में पदक जीतने वालों को बधाई दी

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों को सोमवार को बधाई दी और इस खेल आयोजन में भाग ले रहे देश के सभी खिलाड़ियों को आगे की स्पर्धाओं के लिए शुभकामनाएं दीं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही आरंभ होने के साथ ही भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, आपको यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि राष्ट्रमंडल खेलों में भारत ने अब तक 18 स्वर्ण पदक, 15 रजत पदक और 22 कांस्य पदक जीते हैं। भारतीय दल ने कुल 55 पदक जीतकर इतिहास बनाया है। बिरला ने कहा, मैं अपनी और सदन की ओर से पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई देता हूं।

### धन शोधन मामला : शिवसेना सांसद संजय राउत को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने शहर में एक चॉल के पुनर्विकास में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन के मामले में सोमवार को शिवसेना सांसद संजय राउत को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अदालत ने राउत का घर से बना भोजन और दवाएं मंगाने का अनुरोध स्वीकार कर लिया। हालांकि, उसने बिस्तर के उनके अनुरोध पर कोई आदेश पारित करने से इनकार कर दिया। न्यायाधीश ने कहा कि जेल की नियमावली के अनुसार जेल प्राधिकारियों ने बिस्तर की पर्याप्त व्यवस्था की है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 60 वर्षीय राउत को उपनगर गोरेगांव में पात्रा चॉल के पुनर्विकास में कथित वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में एक अगस्त को गिरफ्तार किया था। उन्हें सोमवार को ईडी की हिरासत समाप्त होने पर धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के विशेष न्यायाधीश एमजी देशपांडे की अदालत में पेश किया गया था।

# राजस्थान में भाजपा की महिला सांसद पर हमले का विषय लोकसभा में उठा

**भाजपा की जसकौर मीणा ने शून्यकाल में सांसद पर हमले की घटना को उठाया**

एजेंसी। नई दिल्ली

**राजस्थान** के भरतपुर से भारतीय जनता पार्टी की सांसद रंजीता कोली पर कथित हमले का विषय सोमवार को लोकसभा में पार्टी की महिला सदस्यों ने उठाया और उचित कार्वाई की मांग की। भाजपा की जसकौर मीणा ने शून्यकाल में इस विषय को उठाते हुए कहा कि राजस्थान में महिलाओं की सुरक्षा की स्थिति काफी खराब है। उन्होंने कहा, हमारी सांसद रंजीता कोली पर चौथी बार हमला किया गया है। जब प्रदेश सरकार एक सांसद की सुरक्षा नहीं कर पाएगी तो आम महिलाओं का क्या होगा।

उन्होंने दावा किया कि सांसद की जान को खतरा है और राजस्थान सरकार का रवैया महिलाओं के प्रति असंवेदनशील है। मीणा ने कहा कि सदन को इस ओर ध्यान देना चाहिए और उचित कार्रवाई होनी चाहिए। भाजपा की रंजनाबेन भट्ट ने भी शून्यकाल में इस विषय को उठाते हुए कहा, राजस्थान के भरतपुर में हमारी साथी सांसद रंजीता कोली पर कल हमला हुआ। उन पर चौथी बार हमला किया गया है। दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती।

उन्होंने आरोप लगाया कि राजस्थान के मुख्यमंत्री ने अपना खुद का कानून बना लिया है कि बलात्कार के दोषियों को फांसी की सजा नहीं होगी। रंजना बेन ने कहा कि रंजीता कोली पर हमले के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की जाए। पार्टी की कई महिला सदस्यों ने उनका समर्थन किया। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने झारखंड के इस्लामीकरण की तरफ बढ़ने का दावा किया और कहा कि राज्य सरकार को बर्खास्त किया जाना चाहिए। आईयूएमएल के अब्दुस समद समदानी ने कहा कि केरल में आवारा कुत्तों से लोग बहुत परेशान हैं और घबराए हुए हैं। उन्होंने कहा कि उचित कदम उठाए जाने चाहिए ताकि लोगों को राहत मिल सके।

शिवसेना के धैर्यशील माने ने कहा कि मराठी साहित्यकार अन्नाभाऊ साठे को भारत रत्न (मरणोपरांत) से सम्मानित किया जाए। कांग्रेस के हिबी इडेन ने सेना में भर्ती की अग्निपथ योजना को वापस लेने की मांग की। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के लाउ श्रीकृष्णा, भाजपा के छेदी पासवान और कई अन्य सदस्यों ने लोक महत्व के अलग-अलग विषय उठाए।

# मेरठ में नानी और नातिन की धारदार हथियार से हत्या

एजेंसी। मेरठ (उप्र)।

**मेरठ** जिले के शास्त्री नगर में एक सनसनीखेज वारदात में एक बुजुर्ग महिला और उनकी नातिन की धारदार हथियार से प्रहार करके हत्या कर दी गई। सोमवार सुबह घरेलू सहायिका के उनके घर पर पहुंचने के बाद मामले की जानकारी मिली।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह ने बताया कि नौचंदी थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर स्थित डी-ब्लॉक में सेवानिवृत्त हेड कॉन्स्टेबल रतन सिंह रहते थे। कुछ माह पहले कैंसर के कारण उनका निधन हो गया था। घर में उनकी पत्नी कौशल सिरोही (60) और उनकी नातिन तमन्ना (10) रह रही थीं। सोमवार सुबह जब घरेलू सहायिका उनके घर पहुंची, तो दरवाजा खुला हुआ था और कौशल तथा तमन्ना के खून से लथपथ शव पड़े थे।

उन्होंने बताया कि हत्या किसी धारदार हथियार से की गई है। प्रथम दृष्टया घटना के पीछे घरेलू विवाद सामने आ रहा है। पुलिस घटना की जांच में जुटी है। जल्द ही हत्या की गुत्थी सुलझा ली जाएगी। इस वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई और स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंच कर जांच-पड़ताल की।

# बिजली संशोधन विधेयक से लोगों की तकलीफें बढ़ेंगी कुछ कंपनियों को फायदा होगा : सीएम केजरीवाल

**केंद्र सरकार ने लोकसभा में विचार तथा पारण के लिए बिजली संशोधन विधेयक पेश किया**

एजेंसी। नई दिल्ली

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बिजली अधिनियम में प्रस्तावित संशोधनों को खतरनाक करार देते हुए सोमवार को केंद्र सरकार के आग्रह किया कि वह जल्दबाजी में इसे पेश न करें। केजरीवाल ने दावा किया कि इससे केवल बिजली वितरण कंपनियों को फायदा होगा।



केंद्र सरकार ने सोमवार को लोकसभा में विचार तथा पारण के लिए बिजली संशोधन विधेयक पेश किया है।

केजरीवाल ने ट्वीट किया, आज लोकसभा में बिजली संशोधन बिल लाया जा रहा है। यह कानून बेहद खतरनाक है। इससे देश में बिजली की समस्या सुधरने के बजाय और गंभीर होगी। लोगों की तकलीफें बढ़ेंगी। केवल चंद कंपनियों को फायदा होगा। मेरी केंद्र से अपील है कि इसे जल्दबाजी में न लाया जाए।

पंजाब से आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक ने कहा कि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि केंद्र सरकार अपनी ही बात से मुकरने के बाद लोकसभा में इस विधेयक को पेश करने जा रही है। उन्होंने ट्वीट किया, बिजली के मामले में कानून बनाने में राज्य का बराबर का अधिकार है, मगर इस विधेयक के बारे में केंद्र सरकार ने किसी भी राज्य से राय नहीं मांगी है। आम आदमी पार्टी इसका विरोध करती है। बिजली अधिनियम, 2003 में प्रस्तावित संशोधनों पर कई संगठनों ने आपत्ति जताई है।

ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआईपीईएफ) ने पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर अनुरोध किया था कि बिजली (संशोधन) विधेयक, 2022 को सभी हितधारकों के साथ विस्तृत चर्चा के लिए संसद की स्थाई समिति के पास भेजा जाए। इस विधेयक का उद्देश्य बिजली वितरण (खुदरा) खंड में प्रतिस्पर्धा पैदा करना है। प्रस्ताव में कहा गया है।

# राजस्थान : खाटूश्याम मंदिर के बाहर भगदड़ में तीन महिलाओं की मौत, चार अन्य घायल

### ग्यारस के मौके पर खाटू श्याम मंदिर के बाहर बड़ी संख्या में एकत्रित हुए थे लोग

**सीकर के एसपी ने बताया, हादसा तड़के साढ़े चार बजे मंदिर के पट खुलने के समय हुआ**

एजेंसी। सीकर (राजस्थान)

**राजस्थान** के सीकर जिले में सोमवार को तड़के खाटूश्याम मंदिर के बाहर भगदड़ में तीन महिलाओं की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने लोगों की मौत पर दुख जताया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।



हिंदू कैलेंडर के अनुसार, पवित्र दिन माने जाने वाले ग्यारस के मौके पर खाटू श्याम मंदिर के बाहर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए थे। मंदिर रात को बंद था और दर्शनार्थियों ने कतारें लगानी शुरू कर दी ताकि मंदिर के खुलते ही वे लोग दर्शन कर सकें। सीकर पुलिस अधीक्षक कुंवर राष्ट्रदीप ने बताया, हादसा तड़के साढ़े चार बजे उस समय हुआ जब मंदिर खुला। मंदिर के बाहर लंबी कतारें थीं और द्वार खुलते ही श्रद्धालुओं में आगे जाने की होड़ मच गई। इसी दौरान एक कतार में खड़ी 63 वर्षीय महिला नीचे गिर पड़ी। उन्हें दिल की बीमारी थी। उनके पीछे खड़ी दो और महिलाएं भी गिर पड़ीं। भगदड़ में उनकी मौत हो गई। राष्ट्रदीप ने बताया कि हादसा मंदिर के प्रवेश द्वार से कुछ मीटर की दूरी पर हुआ। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि घटना के बारे में और जानकारी जुटाई जा सके।

### मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ : मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, राजस्थान के सीकर में खाटू श्यामजी मंदिर परिसर में मची भगदड़ में लोगों की मौत से दुखी हूं। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। जो लोग घायल हुए हैं, उनके जल्द से जल्द ठीक होने की प्रार्थना करता हूं।

### दर्शनार्थियों की मृत्यु दुर्भाग्यपूर्ण : गहलोत

**मुख्यमंत्री** अशोक गहलोत ने महिलाओं की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की है। गहलोत ने ट्वीट किया, सीकर में खाटूश्याम जी के मंदिर में भगदड़ होने से तीन दर्शनार्थी महिलाओं की मृत्यु बेहद दुखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। ईश्वर उन्हें यह आघात सहने की शक्ति दें एवं दिवंगतों की आत्मा को शांति प्रदान करें।

### भगदड़ में लोगों की मौत पर राहुज ने दुख जताया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को राजस्थान के खाटू श्यामजी मंदिर परिसर में मची भगदड़ में श्रद्धालुओं की मौत पर दुख जताया। सीकर जिले के खाटू श्यामजी मंदिर के बाहर सोमवार को तड़के मची भगदड़ में तीन महिलाओं की मौत हो गई, जबकि चार श्रद्धालु घायल हो गए।

### यह सुनिश्चित करें कि सांसदों और संसद का अपमान फिर से न हो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को पिछले दिनों समन किए जाने को संसद तथा सांसदों का घोर अपमान बताया।

कहा कि दोनों सदनों के पीठासीन अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ऐसा फिर न हो। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान में कहा, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष को प्रवर्तन निदेशालय ने ईमेल के माध्यम से समन भेजा कि वह नेशनल हेराल्ड बिल्डिंग में यंग इंडियन के दफ्तर में मौजूद रहे। खड़गे ने कहा कि संसद का सत्र चल रहा है और नेता प्रतिपक्ष होने के चलते उनके पहले से कार्यक्रम तय हैं, ऐसे में उनका एक अधिकृत प्रतिनिधि मौजूद रहेगा। रमेश ने दावा किया कि ईडी ने खड़गे के आग्रह को नहीं माना।

# प्रेमिका ने उस्तरे से काटा प्रेमी का गला सूटकेस में पैक कर ले जा रही थी लाश

● 4 साल से लिव-इन में रह रहे थे, शव ठिकाने लगाने के दौरान पकड़ी गई



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में प्रेमिका ने शनिवार को प्रेमी की हत्या कर दी, लेकिन लाश को ठिकाने लगाने से पहले ही पकड़ी गई। प्रेमिका ने पुलिस के सामने हत्या की बात भी कबूल ली। उसने बताया कि प्रेमी ने शादी करने से इनकार कर दिया था, इस कारण यह फैसला लेना पड़ा। जानकारी के अनुसार, प्रीति और फिरोज पिछले चार साल से लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। दोनों के बीच हमेशा शादी की बात को लेकर झगड़ा होता था। शनिवार दोपहर भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ। इसके बाद प्रीति ने फिरोज की गर्दन उस्तरे से काट दी। हत्या के बाद लाश को 24 घंटे तक फ्लैट में ही छिपाकर रखा। फिर शव को ठिकाने लगाने के लिए उसे सूटकेस में रख दिया और गाजियाबाद रेलवे स्टेशन की तरफ जाने की तैयारी में थी। प्रीति रविवार रात करीब 3.30 बजे अपने फ्लैट के नीचे ऑटो का इंतजार कर रही थी तभी अचानक पुलिस पहुंच गई। इस पर प्रीति घबरा गई। पुलिस को संदेह हुआ तो पूछताछ की। इस तरह से पूरा मामले का खुलासा हुआ। प्रेमी हेयर ड्रेसर था। वह घर पर हेयर कटिंग के सामान भी रखता था। पुलिस कस्टडी में प्रीति ने खुद ही पूरी कहानी बताई कि कैसे मर्डर करने के बाद वो लाश को घर में ही रखे रही। फिर लाश को ठिकाने लगाने की प्लानिंग बनाई।

पुलिस कस्टडी में प्रीति ने खुद ही पूरी कहानी बताई कि कैसे मर्डर करने के बाद वो लाश को घर में ही रखे रही। फि र लाश को ठिकाने लगाने की प्लानिंग बनाई। पुलिस के अनुसार, प्रीति की शादी दीपक यादव से हुई थी। मगर विवाद के बाद प्रीति ने अपने पति को छोड़ दिया। करीब 4 साल से प्रीति फिरोज के साथ लिव-इन में रह रही थी।

फिरोज संभल का रहने वाला है। दोनों गाजियाबाद में टीला मोड़ इलाके के तुलसी निकेतन में फ्लैट में रहते थे। हत्या की प्लानिंग प्रीति ने की। इसके बाद शनिवार यानी 6 अगस्त की देर रात फि रोज को मार दिया। रविवार दोपहर वो गाजियाबाद के सीलमपुर इलाके के मार्केट में गई। यहां एक बड़े साइज का सूटकेस खरीदा। वापस घर आने के बाद उसने लाश को सूटकेस में शिफ्ट किया, ताकि उसको डंप कर सके।

फिर रात होने का इंतजार किया। प्रीति चाहती थी कि रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर किसी ट्रेन में ये सूटकेस रख दे। वो रविवार रात करीब 3.30 बजे ट्राली सूटकेस को खींचती हुई अपने फ्लैट से नीचे आई और ऑटो का इंतजार करने लगी इसी दरम्यान चेकिंग पर निकली पुलिस वहां पहुंच गई। अचानक पुलिस को देखकर प्रीति चौंक गई।

सूटकेस हाथ से छूट गया। उसकी हड़बड़ाई देखकर पुलिस को शक हुआ। पुलिस ने सूटकेस खुलवाया तो अंदर लाश मिली।

प्रीति ने पुलिस को बताया कि ज्यादा दिन तक लिव-इन में नहीं रहना चाहती थी। फिरोज से बार-बार शादी करने के लिए कह रही थी। शनिवार रात भी इसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। फिरोज ने मुझसे कहा कि तू चालू औरत है। तू अपने पति की नहीं हुई तो मेरी क्या होगी। इसी बात पर मुझे गुस्सा आ गया। फिरोज का गला काट दिया।

# मुंह दबाकर बेटी की हत्या



● बॉयफ्रेंड के साथ बाहर जाने को लेकर हुआ था विवाद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

टीला मोड़ इलाके में रविवार रात मां ने बेटी की तकिये से मुंह दबाकर हत्या कर दी। वारदात के बाद महिला ने पुलिस कंट्रोल रूम में फोन किया। कहा, मैंने अपनी बेटी का मर्डर किया है। मेरा एड्रेस नोट कर लो। आकर लाश ले जाओ। इस कॉल के बाद पुलिस बताए हुए पते पर पहुंची।

घर से बेटी की लाश मिल गई। पुलिस के पहुंचने से पहले हत्यारोपी मां फ रार हो चुकी थी। पड़ोसियों से पूछताछ के बाद हत्या करने की 2 वजह सामने आईं हैं। पहली ये कि लड़की को नशे की लत थी। वो घर से भाग भी चुकी थी।

दूसरी ये कि लड़की का प्रेम प्रसंग चल रहा था। मां इससे नाराज थी। पुलिस के मुताबिक आरोपी मां के पकड़े जाने के बाद सही वजह सामने आ सकेगी। टीला मोड़ थाना प्रभारी भुवनेश कुमार ने बताया, मां नफ ीसा इस घर में अपनी बेटी आमरीन, छोटी बेटी नसरीन और बेटे असद के साथ रहती थी। नफीसा गाजियाबाद में लाजपत नगर के एक हॉस्पिटल में साफ-सफ ाई का काम करती थी। छोटी बेटी नसरीन ने बताया, आमरीन अपने बॉयफ्रेंड के साथ कहीं बाहर जाने वाली थी। दोपहर करीब 2 बजे वो तैयार होकर घर से निकली थी। मगर मां उसको पकड़कर वापस घर ले आई। दोनों के बीच खूब झगड़ा हुआ। इस वजह से रविवार को मां ड्यूटी भी नहीं गई। रविवार रात 9 बजे नफीसा ने छोटी बेटी नसरीन को सब्जी लेने मार्केट में भेज दिया। करीब 30 मिनट बाद जब वो वापस आई तो बड़ी बहन आफरीन बेसुध बेड पर पड़ी थी। नसरीन के मुताबिक उसने पास जाकर देखा तो आमरीन मर चुकी थी।

उस वक्त तक नफीसा घर पर ही मौजूद थी। रविवार रात करीब 10 बजे नफीसा ने पुलिस कंट्रोल रूम को फोन किया। नसरीन ने बताया, पुलिस को सूचना देने के बाद मां घर से भाग गई। परिजनों से बातचीत में पता चला है कि आफरीन घर से कई बार भाग चुकी थी। उसे नशे की लत थी।

मोहल्ले में इसे लेकर तमाम चर्चाएं हो रही थी। ये बातें मोहल्ले के लोगों ने नफीसा को भी बताईं। पुलिस के मुताबिक नफीसा इन्हीं बातों से नाराज चल ही थी।

## संक्षिप्त समाचार

### 24 घंटे की दबिश के बाद बदमाश को लगी गोली



**नोएडा।** फेस-1 पुलिस और बदमाश के बीच रविवार देर-रात हुई मुठभेड़ में इस्तखार पुत्र हदीस अंसारी निवासी करावल नगर को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ चिल्ला बार्डर से शनि मंदिर की और जाने वाले रास्ते पर हुई। इस्तखार शनिवार को हुई मुठभेड़ में गिरफ्तार चिंकी गारफिल्ड का साथी है। मुठभेड़ के दौरान ये फरार हो गया था। तभी से पुलिस कांबिंग कर रही थी। रविवार रात को शनि मंदिर के पास पुलिस से इसे रुकने का इशारा किया। नहीं रुकने और फायरिंग करने पा पुलिस ने जवाबी कार्यवाही की और गोली मार दी। गोली पैर में लगी। घायल बदमाश का इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है। इसके पास से बिना नंबर की एक मोटरसाइकिल व तीन मोबाइल मिले है। इसमें एक मोबाइल हाल ही में सेक्टर 24 क्षेत्र से लूटा गया था। इसके अलावा 1 तमंचा, 1 खोखा कारतूस व 2 जिंदा कारतूस बरामद हुये है।

### सावन के अंतिम सोमवार पर मंदिरों में उमड़ी भीड़

**गाजियाबाद।** सावन मास के आखिरी सोमवार को शहर के शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। जस्सीपुरा मोड़ स्थित श्री दूधेश्वरनाथ मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लाइन लगनी शुरू हो गई थी। शिवभक्तों ने गंगाजल, दूध, बेलपत्र, धतूरा, फूलों से भगवान दूधेश्वर का जलाभिषेक कर पूजन किया। सावन माह में सोमवार को शिवपूजन का विशेष महत्व माना जाता है। मंदिर के महंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि सावन के महीने में शिव का जलाभिषेक कर पूजन करने से शिव अपने भक्तों पर कृपा बनाए रखते हैं। महादेव सिर्फ जलाभिषेक से ही प्रसन्न हो जाते हैं। सावन माह शिव का प्रिय महीना माना जाता है। ऐसे में भक्त अपनी श्रद्धानुसार शिव का पूजन करते हैं। सावन का आखिरी सोमवार होने के चलते मंदिरों में खासी भीड़ दिखाई दी और लोग बम भोले का उद्घोष करते रहे।

### पुलिस ने वाहन चोरों का गैंग दबोचा

**गाजियाबाद।** एसएचओ मधुबन बापूधाम मुनेश सिंह की टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी, जब उन्होंने मधुबन बापूधाम में चेकिंग के दौरान एनसीआर क्षेत्र में वाहन चुराने वाले गैंग के चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। इस संदर्भ में सीओ कविनगर एएसपी अभिजीथ आर शंकर ने बताया कि बदमाशों के नाम दीपक यादव व अर्जुन निवासी काजीपुरा वेव सिटी और निखिल व अमन निवासी मधुबन बापूधाम हैं।

### ऑनलाइन मदिरा मंगवाना पड़ा महंगा, ठगी

**नोएडा।** थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सेक्टर 46 स्थित एक सोसाइटी में रहने वाले एक युवक ने ऑनलाइन मदिरा मंगाई। उन्होंने मदिरा के एवज में ऑनलाइन पेमेंट किया। इसी बीच अज्ञात साइबर ठगों ने उनके खाते को हैक कर लिया तथा उनके अकाउंट से 142000 रुपये निकाल लिया। थाना सेक्टर 39 के प्रभारी निरीक्षक राजीव बालियान ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कार का शीशा तोड़कर ईसीएम चोरी

**नोएडा।** थाना सेक्टर.20 क्षेत्र के सेक्टर-30 स्थित एक होटल में रुके एक युवक के कार का शीशा तोडकर अज्ञात चोरों ने उसकी कार से ईसीएम चोरी कर लिया। थाना सेक्टर-20 के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### गौतमबुद्ध नगर से किशोरी दो दिन से लापता

**नोएडा।** थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सेक्टर-44 से 13 वर्षीय किशोरी लापता है। थाना सेक्टर 39 के प्रभारी निरीक्षक राजीव बलिया ने बताया कि सेक्टर 44 में के एक सोसाइटी में रहने वाले एक व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी 13 वर्षीय बेटी 2 दिनों से लापता है। वह एक स्कूल में पढ़ती है। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### क्रेडिट कार्ड दोबारा चालू करने के नाम पर ठगी

**नोएडा।** थाना सेक्टर 20 क्षेत्र मे रहने वाले एक व्यक्ति से अज्ञात साइबर ठगों ने क्रेडिट कार्ड को दोबारा से चालू कराने के नाम पर 1,31,000 रुपये ठग लिया। जयकुमार ठाकुर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात साइबर ठगों ने उनसे संपर्क किया तथा उनके क्रेडिट कार्ड को दोबारा शुरू कराने के नाम पर उनसे एक ऐप अपलोड करवाया। उन्होंने ऐप अपलोड किया साइबर ठगों ने उनके खाते से 131426 रुपये निकाल लिया। पीड़ित सेक्टर-26 मे एक आर्थोपेडिक क्लीनिक चलाते हैं।

# प्लास्टिक का सामान बनाने वाली फैक्ट्री के गोदाम में लगी आग

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**सेक्टर**-63 कोतवाली क्षेत्र के सी-ब्लाक स्थित प्लास्टिक का सामान बनाने वाली एक फैक्ट्री के गोदाम में सोमवार दोपहर आग लग गई। गोदाम में मौजूद कर्मचारियों ने सूचना अग्निशमन विभाग और कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर फायर ब्रिगेड की नौ गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से गोदाम में रखा लाखों रुपये का सामान जल गया। आग लगने के दौरान निकलने वाले धुएं से आसपास के लोगों को सांस लेने में दिक्कत हुई। आग से कोई जनहानि नहीं हुई है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के सी ब्लाक स्थित बोनी पोली प्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड में सोमवार दोपहर करीब दो बजे आग लगने की सूचना मिली। यहां बच्चों के दूध की बोतल और निप्पल बनता है। फैक्ट्री के सबसे ऊपर तल पर फैक्ट्री का गोदाम है। आग लगने की सूचना मिलते ही नौ गाड़ियों को मौके पर रवाना किया गया। आग लगने के दौरान फैक्ट्री में करीब छह लोग मौजूद थे। आग का विकराल रूप देख सभी बाहर निकल आए। अग्निशमन कर्मियों ने आग को पूरे गोदाम में फैलने से पहले ही काबू कर लिया। प्राथमिक जांच में शार्टसर्किट से आग लगने की बात कही जा रही है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है।

**लंच टाइम में बाहर गए थे कर्मचारी**

कोतवाली प्रभारी अमित कुमार मान ने बताया कि घटना के समय ज्यादातर कर्मचारी लंच करने के लिए फैक्ट्री से बाहर गए थे। तीसरी मंजिल पर बने गोदाम में आठ लोग काम करते हैं। जिस समय आग लगी, उस समय गोदाम में केवल दो लोग थे। धुएं का गुबार देख सैकड़ों लोग फैक्ट्री के बाहर जमा हो गए और घटना का वीडियो बनाते रहे।

# 2146 किसानों को वापस करनी होगी पीएम सम्मान निधि

● आयकरदाता योजना के नहीं थे पात्र

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**जिले** में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ लेने वाले 2146 किसानों को नोटिस जारी कर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि वापस करने के लिए कहा गया है। निधि वापस न करने वालों से राजस्व नियमानुसार वसूली की कार्यवाही की जाएगी।

उप कृषि निदेशक प्रसार राम जतन मिश्र ने बताया कि भारत सरकार ने जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने वाले ऐसे 2146 किसानों की सूची जारी की है, जिन्होंने इनकम टैक्स रिटर्न फ इल किया है। इन किसानों को योजना के तहत 500 रुपये प्रतिमाह के हिसाब से पीएम किसान सम्मान निधि प्राप्त हुई है, जबकि नियम के तहत ऐसे किसान जो कि आयकर दाता हैं, वह इस योजना के पात्र नहीं हैं।

भारत सरकार से प्राप्त सूची के आधार पर किसानों को नोटिस जारी कर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की धनराशि वापस करने के लिए कहा गया है, इसके साथ ही इन किसानों को भविष्य में पीएम किसान सम्मान निधि नहीं दी जाएगी।

भारत सरकार द्वारा जो सूची जारी की गई है, उसमें कई किसान ऐसे हैं, जिन्होंने इनकम टैक्स रिटर्न तो भरा है, लेकिन उन्होंने इनकम टैक्स जमा नहीं किया है।

ऐसे में ये किसान आयकर दाता की श्रेणी में नहीं आते हैं। उप कृषि निदेशक का कहना है कि ऐसे किसानों से साक्ष्य मांगा गया है, जो किसान आयकर दाता नहीं हैं। उनका नाम सूची से हटाया जाएगा। ऐसे किसानों पर होगी कार्रवाई।

# चकबंदी के विरोध में किसान हुए लामबंद

**गाजियाबाद।** मोदीनगर के फरीदनगर में चल रही चकबंदी के विरोध में किसान लामबंद हो गए हैं। सोमवार को किसानों ने चकबंदी अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाकर तहसील का घेराव कर हंगामा किया। किसानों का कहना है कि अधिकारी अपनी मर्जी से चक काट रहे हैं।

किसानों ने चेतावनी दी यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। सैकड़ों किसान एकत्र होकर मोदीनगर तहसील पहुंचे और मुख्य गेट पर धरने पर बैठ गए। किसानों का आरोप है कि चकबंदी अधिकारी मोटा पैसा वसूल रहे हैं। इतना ही नहीं कि वह किसानों को जमीन कम करने का डर दिखा रहे हैं।

# बहनों को भा रही स्वदेशी राखी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**भाई-बहन** के प्रेम का प्रतीक त्योहार रक्षाबंधन 11 अगस्त को है। बाजार राखियों से गुलजार हो गए हैं। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक दुकानों पर रंग बिरंगी राखियां सज गई हैं।

सोमवार को ग्रेटर नोएडा स्थित जगत फार्म व रामपुर मार्केट में राखी के खरीदारों की खासी भीड़ रही। 10 रुपये से लेकर साढ़े तीन सौ रुपये तक की राखियां दुकानों पर मौजूद है। चांदी की राखियों की भी मांग अधिक है। चांदी की चार सौ से लेकर तीन हजार रुपये तक की राखियां स्वर्णकारों की दुकानों पर उपलब्ध है। इस बार खास प्रकार की स्वदेशी राखियां बाजार में आई है जो बहनों को खूब पसंद आ रही है। बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर और खिलौने वाली राखियां भी उपलब्ध है।

छोटे बच्चों को डोरेमन समेत विभिन्न कार्टून वाली राखियां ज्यादा आकर्षित कर रही हैं। रक्षाबंधन पर स्पेशल थाली वाली राखियां भी इस बार चलन में हैं।

# तातारपुर-चोना प्रकरण को लेकर दिया अल्टीमेटम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**दूध** की बाइक को लगी टक्कर के बाद उपजे चोना नगला और तातारपुर गांव में हालात अभी भी सामान्य नहीं है। गुर्जर और राजपूत समाज के बीच अभी भी तनाव बरकरार है। गुर्जर समाज ने ग्रेटर नोएडा में परी चौक पर स्थित गुर्जर शोध संस्थान के सामने प्रदर्शन किया। इनकी मांग थी कि सीसीटीवी कैमरे में कैद उपद्रवियों के खिलाफ पुलिस को कार्रवाई करनी चाहिए। इस बाबत पुलिस को शिकायत पत्र दिया गया है।

गौरतलब है कि विख्यात बिसाहडा गांव के नजदीक बसे चोना.नगला और तातारपुर गांव के युवाओं के बीच 30 तारीख को झगड़ा हो गया था। यह इतना बड़ा मुद्दा बना कि गुर्जर और ठाकुर समुदाय के युवा आमने.सामने आ गए। तातारपुर गांव के पास स्थित दुकानों में तोडफोड़ की गई और लोगों को पीटा गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक दर्जन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। लेकिन इस कार्यवाही को लेकर सवालिया निशान लग रहे हैं।

नगला गांव के निवासी संतुष्ट नहीं है। इस मामले ने तूल तब पकड़ा जब खेड़ा चोना गांव के पूर्व प्रधान सत्ते की 17 वर्षीय बेटी नेहा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

इस मामले में रविवार को गुर्जर समाज के लोगों ने ग्रेटर नोएडा के परी चौक पर स्थित गुर्जर शोध संस्थान पर प्रदर्शन किया। इनकी तरफ से कुछ शिकायती पत्र भी पुलिस को दिए गए हैं। नगला निवासी शेर सिंह नागर पुत्र अतर सिंह ने अपनी शिकायत में सूरज पुत्र लालूए आकाश पुत्र जगपाल, नीरज पुत्र सुभाष, रवि पुत्र गेंदा, अखिल पुत्र अज्ञात निवासी तातारपुर और अमित पुत्र बसंत निवासी तातारपुर, गोलू पुत्र सुभाष सहित आठ लोगों को नामजद किया है। शिकायती पत्र के साथ एक पेन ड्राइव भी पुलिस को देने की बात कही गई है।

इस पेन ड्राइव में वह वीडियो है जिसमें ये सारे आरोपी युवक तोडफ ोड़ करते दिख रहे हैं। ऐसा ही एक शिकायती पत्र विनोद पुत्र अमन सिंह निवासी चोना ने भी पुलिस को दिया है। जिसमें अपने मेडिकल स्टोर पर हमला करके तोड़फोड़ करने की कार्रवाई का जिक्र किया है। एक शिकायती पत्र महावीर निवासी चोना ने भी दिया है जिसमें उसने जिम में तोड़फोड़ करने की शिकायत की गई है।

# फिल्म सिटी में किराए पर कार लगाने के नाम पर 25 लग्जरी कारें हड़पीं, मुकदमा दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा।

थाना सेक्टर.39 में एक व्यक्ति ने दो लोगों को नामित करते हुए मुकदमा दर्ज करवाया है कि उन्होंने फि ल्म सिटी में किराए पर कार लगाने के नाम पर उनकी 25 लग्जरी गाडयिां ले ली, तथा धोखाधड़ी कर गाडियों को किसी और को बेच दिया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना सेक्टर.39 के प्रभारी निरीक्षक राजीव बालियान ने बताया कि सेक्टर.105 में रहने वाले अखिल बंसल ने थाना सेक्टर.39 में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उत्कर्ष श्रीवास्तव तथा हृदय चौहान नामक दो लोगों ने उनसे संपर्क किया। इन लोगों ने कहा कि वे लोग फि ल्म सिटी में किराए पर गाडियां लगाते हैं, जिसकी एवज में उन्हें मोटा किराया मिलेगा। उन्होंने बताया कि लालच देकर इन लोगों ने उनकी तथा उनके अन्य रिश्तेदारों की फ ॉर्च्यूनर, इनोवा, मारुति ब्रिजा, वर्ना सहित विभिन्न मॉडल की करीब 25 कारें ले ली। उनका आरोप है कि ये लोग ना तो उन्हें किराया दे रहे हैं, ना ही उनके वाहन वापस कर रहे हैं।

## महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म, दो आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** सेक्टर-39 थाना क्षेत्र की सदरपुर कॉलोनी में रहने वाली एक महिला से उसके मकान मालिक ने अपने दोस्त के साथ मिलकर कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सेक्टर-39 पुलिस थाने के प्रभारी निरीक्षक राजीव बालियान ने बताया कि सदरपुर कॉलोनी में रहने वाली एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रविवार रात उसका मकान मालिक अनुराग शास्त्री अपने दोस्त रामानंद के साथ उस समय उसके घर में जबरन घुस आया, जब वह अकेली थी।

# जल दोहन को लेकर वॉटर पार्क सीज

● संबंधित विभाग से नहीं ली गई थी अनुमति

पीएनएस। गाजियाबाद

**यूपी** में भूजल जलदोहन अधिनियम लागू होते ही मुरादनगर में सालों से चल रहे ड्रिज्लिंग लैंड वॉटर पार्क पर लघु सिंचाई विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है।

विभाग की टीम ने वॉटर पार्क को सीज कर नोटिस दिया है। हालांकि, अभी विभाग इस बात की जांच कर रहा है कि पार्क में कितना जल दोहन किया जा रहा था। लघु सिंचाई विभाग के जेई सुधीर ने बताया कि यूपी में भूजल के दोहन पर पांबदी हैं। अगर किसी को जल दोहन करना है तो इसके लिए विभाग की परमिशन लेना आवश्यक है। इसके बाद ही नियमानुसार जमीन से पानी लिया जा सकता है। जांच में ड्रिज्लिंग लैंड वॉटर पार्क में जलदोहन की जानकारी मिली।

जांच की गई तो पार्क प्रबधंकों के पास जलदोहन से संबंधित कोई परमिशन नहीं मिली। हालांकि, सालों से परमिशन की जांच न करने को लेकर अधिकारियों ने कहा कि फिलहाल जांच की गई है, जिसमें पार्क प्रबंधन दोषी पाया गया है। जेई ने बताया कि पार्क के पास कोई मीटर भी नहीं पाया गया, जिससे पता चल सके कि यहां प्रतिदिन कितना जल दोहन हो रहा था। अब इस स्तर पर भी जांच होगी और उसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि यह वॉटर पार्क दिल्ली एनसीआर के लोगों के लिए आर्कषण का केन्द्र था। गर्मी के दिनों में यहां लोगों की काफ ी भीड़ रहती थी।

# प्लास्टिक वेस्ट से निर्मित मार्चिंग गांधी की प्रतिमा का अनावरण

● प्रतिमा 20 फुट ऊंची और 6 फुट चौड़ी है




पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

प्लास्टिक वेस्ट से निर्मित मार्चिंग गांधी की 20 फीट ऊंची प्रतिमा का नोएडा के सेक्टर 137 में आज भाजपा सांसद डॉ महेश शर्मा तथा विधायक पंकज सिंह और तेजपाल नागर ने संयुक्त रुप से अनावरण किया।

इस अवसर पर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीमती ऋतु महेश्वरी, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रवीण मिश्रा आदि उपस्थित थे। नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऋतु महेश्वी ने बताया कि मार्चिंग गांधी की प्रतिमा 20 फुट ऊंची और 6 फुट चौड़ी है। इसका भार 1150 किलोग्राम है।

उन्होंने बताया कि 1 जुलाई वर्ष 2022 से भारत सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक को पूर्णता प्रतिबंधित करने का आदेश प्राप्त है। इसका शत-प्रतिशत पालन करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से सीएसआर फ ंड के माध्यम से नोएडा क्षेत्र में प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, एवं इसके लिए जन संधारण को जागरूक किए जाने हेतु उक्त प्रतिमा का निर्माण किया गया है।

# बुजुर्ग दंपति के समर्थन में आईं महिलाएं, निकाला कैंडल मार्च

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**ग्रेटर** नोएडा वेस्ट की ऐस एस्पायर सोसायटी में फ्लैट खाली कराने को लेकर बुजुर्ग दंपती व किरायेदार के बीच चल रही रार समाप्त होने का नाम नहीं ले रही है। किरायेदार बुजुर्ग दंपती का फ्लैट खाली करने के लिए तैयार नहीं है। रविवार को देर शाम सोसायटी के महिलाओं ने एकत्र होकर दंपती के समर्थन में कैंडल मार्च निकाला।

समाजसेवी प्रीति ने बताया कि अचानक बुजुर्ग ललितेश की तबीयत बिगड़ गई। सोसायटी के लोगों ने एंबुलेंस बुलाई, लेकिन ललितेश ने अस्पताल जाने से स्पष्ट रूप से इन्कार कर दिया। प्रीति ने बताया कि बुजुर्ग को फ्लैट में ही सोफे पर लिटाया हुआ है। किरायेदार फ्लैट खाली करने के लिए थोड़ा और समय दिए जाने की मांग कर रही है। फोन पर बुजुर्ग दंपती के बेटे अपूर्व ने बताया कि किरायेदार ने फ्लैट खाली करने के एवज में उनके बुजुर्ग माता-पिता से पैसे की भी मांग की है। लोगों का आरोप है कि अनुबंध समाप्त हो जाने के बाद भी किरायेदार फ्लैट खाली करने के लिए तैयार नहीं है। किरायेदार ने फर्जी अनुबंध तैयार करा लिया है, जो किसी अपराध से कम नहीं है। पुलिस और प्रशासन को किरायेदार के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। लोगों का कहना है कि मानवता के नाते पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को भी अविलंब आगे आकर बुजुर्ग दंपती की मदद करनी चाहिए।बुजुर्ग दंपती का आरोप है कि सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होंने बेटे अपूर्व वाष्णेय के नाम से ग्रेनो वेस्ट की ऐस एस्पायर सोसायटी में फ्लैट खरीदा था।

# भारत के ये रेलवे स्टेशन हैं भूतिया और बेहद डरावने

बेगुनकोडोर पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में एक हैमलेट है, जो अपने छायादार रेलवे स्टेशन के लिए सुर्खियों में आया था। सुनसान रेलवे पटरियों के किनारे कुछ लोगों को सफेद साड़ी में लिपटी एक महिला नजर आई थी। कहा जाता है कि इस महिला ने शायद वहां पर आत्महत्या की थी।


बरोग टनल

**रेलवे** को आम जनता की लाइफ लाइन कहा जाता है, क्योंकि इसके कारण ही लोग न सिर्फ अपने शहर के अलग-अलग हिस्सों से बल्कि देश के अन्य राज्यों से बेहद आसानी से जुड़ पाते हैं। इस बात में कोई दोराय नहीं है कि रेलवे से सफर करना काफी सरल व सस्ता है। लेकिन भारत में कुछ रेलवे स्टेशन ऐसे भी हैं, जो हॉन्टेड माने जाते हैं और इसलिए यहां पर जाने से लोग घबराते हैं। तो चलिए आज हम आपको भारत में स्थित कुछ ऐसे ही डरावने रेलवे स्टेशन के बारे में बता रहे हैं।

## रवींद्र सरोबर मेट्रो स्टेशन, कोलकाता



**रवींद्र** सरोबर दक्षिण कोलकाता के सबसे व्यस्त मेट्रो स्टेशनों में से एक है। लेकिन एक सच यह भी है कि यह भारत में सबसे हॉन्टेड प्लेस में से एक है। संयोग से, यह स्टेशन कई मेट्रो आत्महत्या मामलों के लिए दृष्टि है। ऐसा कहा जाता है कि आत्महत्या करने वाले लोगों की आत्माएं देर रात मेट्रो स्टेशन के प्लेटफार्म पर देखी जाती हैं। रात के समय प्लेटफॉर्म के खंभों या पटरियों को पार करने की अजीबोगरीब छायाएं दिखना यहां बेहद आम है। इसलिए इस मेट्रो स्टेशन में लोग देर रात सफर करने से बचते हैं।

## बेगुनकोडोर ट्रेन स्टेशन, पश्चिम बंगाल



**बेगुनकोडोर** पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में एक हैमलेट है जो अपने छायादार रेलवे स्टेशन के लिए सुर्खियों में आया था। सुनसान रेलवे पटरियों के किनारे कुछ लोगों को सफेद साड़ी में लिपटी एक महिला नजर आई थी। कहा जाता है कि इस महिला ने शायद वहां पर आत्महत्या की थी। इतना ही नहीं, उसके भूत को देखने से रेलवे कर्मियों की मौत भी हो गई। सरकार ने हालांकि इन अफवाहों को निराधार बताते हुए 2009 में करीबन 42 वर्षों के बाद एक बार फिर जनता के लिए शुरू किया।

## एमजी रोड मेट्रो स्टेशन, गुरुग्राम



**गुरुग्राम** के एमजी रोड मेट्रो स्टेशन को भी भुतहा मेट्रो स्टेशन माना जाता है। लोग कहते हैं कि यहां एक दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई थी, तभी से उसकी आत्मा यहां भटकती रहती है। कहते हैं कि यह मेट्रो ट्रेन के शीशे में से अपनी आंखों और जीभ निकाल कर लोगों को डराती है।

## बरोग टनल, शिमला

**शिमला** के बरोग टनल का नाम भारत के सबसे हॉन्टेड प्लेस में लिया जाता है। इसे टनल नंबर 33 भी कहा जाता है। कालका-शिमला मार्ग में बरोग रेलवे स्टेशन के पास स्थित इस टनल की अपनी ही एक अलग कहानी है। कहा जाता है कि ब्रिटिश काल में इस टनल को बनाने की जिम्मेदारी एक ब्रिटिश रेलवे इंजीनियर कर्नल बरोग को सौंपी गई थीं, लेकिन टनल बनाते समय उनसे कुछ चूक हो गई, जिसके कारण ब्रिटिश सरकार ने न सिर्फ उन पर जुर्माना ठोका, बल्कि अन्य कर्मचारियों के सामने उन्हें लज्जित भी किया। इससे परेशान होकर कर्नल बरोग एक दिन अपने कुत्ते को लेकर टहलने निकले और उन्होंने खुद को गोली मार ली। ऐसा माना जाता है कि इंजीनियर कर्नल बरोग की आत्मा आज भी वहां घूमती है और इसलिए शाम ढलने के बाद वहां पर कोई नहीं जाता। इतना ही नहीं, रात में टनल के अंदर से किसी के कराहने की आवाज आती है।

जींस एवरग्रीन बॉटम अटायर है, इसे आप हर सीजन में कैरी कर सकती हैं। लेकिन मानसून सीजन में जींस बहुत कंफर्टेबल नहीं होती है। ऐसे में आप दूसरे बॉटम अटायर को ट्राई कर सकती हैं। इन दिनों प्लाजो, फैंसी बेलबॉटम, टिक-टैक कॉटन पैंट, रेयॉन रिंग पैंट, क्लासिक क्रॉप पैंट, धोती-ट्यूलिप पैंट्स और प्लेटेड बैगी पैंट ट्रेंड में बनी हुई हैं। आप अपने कंफर्ट, स्टाइल के हिसाब से इन्हें सेलेक्ट कर सकती हैं।

# लड़कियों के लिए लेटेस्ट बॉटम स्टाइल जींस डिजाइन, पाएं रेट्रो



### प्लाजो

**लूज** प्लेन प्लाजो इन दिनों हर उम्र की लड़कियों, महिलाओं की पहली पसंद बना हुआ है। इसने चूड़ीदार पजामी और सलवार को रिप्लेस कर दिया है। इन दिनों लिनेन, होजरी, जॉर्जट से बने प्लाजो खूब ट्रेंड में हैं। इन्हें आप वेस्टर्न और एथनिक दोनों तरह के टॉप अटायर के साथ टीमअप कर सकती हैं। लूज प्लाजो को लॉन्ग कुर्ती, श्रग, क्रोशिया टॉप, जैकेट के साथ पहन सकती हैं। लूज प्रिंटेड प्लाजो भी फैशन में बना हुआ है। चेक, स्ट्रिप, बर्ड और एनिमल प्रिंट वाले प्लाजो भी डिमांड में हैं। इनके साथ शॉर्ट कुर्ती को टीमअप कर सकती हैं।

### फैंसी बेलबॉटम

**फैंसी** बेलबॉटम फिर से फैशन में लौट आया है। इसमें फ्लोरल बेलबॉटम ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं। यह स्टाइलिश लुक तो देता ही है, साथ ही काफी कंफर्टेबल भी होता है। इसे आप अपने मनपसंद कॉटन या क्रॉप टॉप के साथ टीमअप कर सकती हैं।

### टिक-टैक कॉटन पैंट

**इस** पैंट में नीचे की तरफ चार अलग-अलग राउंड बने होते हैं और उस पर बारीक लेस लगी होती है, जिससे पैंट का डिजाइन बिल्कुल अलग नजर आता है। आप ऑफिस पार्टी में एलीगेंट टॉप के साथ इसे पेयर कर सकती हैं।

### रेयॉन रिंग पैंट

**रेयॉन** रिंग पैंट के बीचों-बीच एक स्टील का एडजस्टेबल रिंग लगा होता है, जिसे इधर-उधर खिसका सकती हैं और साथ ही कोने में दो बटन लगे होते हैं। रिंग और बटन का यह कॉम्बिनेशन इस पैंट को खास बनाता है।

### क्लासिक क्रॉप पैंट

**यह** घुटनों से थोड़ा नीचे और लूज होती है। आप कैजुअल ड्रेसअप के लिए क्लासिक क्रॉप पैंट को चुन सकती हैं। फ्रेंड्स के साथ आउटिंग में भी इसे कैरी कर सकती हैं। इसके साथ आप डेनिम जैकेट या स्कार्फ को कैरी कर सकती हैं।

### धोती-ट्यूलिप पैंट्स


**अलग**-अलग फैब्रिक में मिलने वाली धोती पैंट, बेल्ट एरिया से थोड़ी खुली होती हैं और घुटनों तक आते-आते थोड़ी तंग हो जाती है। इसी डिजाइन की ट्यूलिप पैंट भी होती है। लेकिन इनमें कमर पर बहुत सारी चुन्नट बनी होती हैं। ये दोनों ही बॉटम अटायर बहुत कंफर्टेबल होते हैं।



### प्लेटेड बैगी पैंट

**इस** तरह की पैंट फॉर्मल वियर में ज्यादा पॉपुलर हैं। इसमें बेल्ट एरिया में प्लेट्स होती हैं और नीचे से फिटेड होती हैं। ग्रे, पीच और ऑफ व्हाइट जैसे कलर्स प्लेटेड बैगी पैंट में पसंद किए जा रहे हैं। इन्हें आप चाइनीज कॉलर वाली शर्ट, प्रिंटेड शर्ट के साथ पहन सकती हैं।

# पेंटिंग का है शौक तो भरें जीवन में रंग



**ब**चपन में हम सभी ने अपने हाथों में ब्रश उठाकर पेंटिंग की है। पेंटिंग करना यकीनन हर किसी के मन को सुकून देता है, लेकिन जैसे-जैसे हम बड़े होते चले जाते हैं, वह शौक कहीं पीछे छूटने लगता है। काम की आपाधापी में ब्रश हाथों से कब दूर चला जाता है, पता ही नहीं चलता। लेकिन अगर आपको पेंटिंग करना बेहद पसंद है तो क्यों न अपने इसी शौक को आप अपना कॅरियर बना लें। तो चलिए जानते हैं इस क्षेत्र के बारे में?

### क्या होता है काम

एक पेंटर कई तरह के सरफेस पर पेंटिंग करता है। उसका काम डोमेस्टिक से लेकर इंडस्ट्रियल हो सकता है। वह सिर्फ छोटे स्केल पर कागज पर पेंटिंग नहीं करता और न की उसका काम सिर्फ कैनवास तक सीमित है, बल्कि वह घर को रिडेकोरेट करने से लेकर ब्रिज या अन्य हैवी व बड़े प्रोजेक्ट्स पर भी अपना कलात्मकता उकेरता है।

### स्किल्स

इस क्षेत्र में सफलता के लिए सबसे जरूरी है आपका कल्पनाशील होना। इसके अलावा आपको पेंट कलर्स, टोन्स, हाईलाइट व आर्ट के बारे में भी नॉलेज होनी चाहिए। आपको कलर्स के शेड्स व उनकी मिक्सिंग की जानकारी भी होनी चाहिए। कई बार एक पेंटर को कई बड़े प्रोजेक्ट करने होते हैं, इसलिए उसे टीम के साथ भी काम करना होता है। साथ ही आपको कई घंटों तक काम करना पड़ सकता है, इसके लिए आप फिजिकली व मेंटली तैयार रहें। एक पेंटर सिर्फ पेंटिंग ही नहीं करता, बल्कि अपने काम को लोगों के सामने पेश भी करता है, इसलिए आपके कम्युनिकेशन व लैंग्वेज स्किल भी अच्छी होनी जरूरी है।

### योग्यता

एक पेंटर बनने के लिए अलग से किसी स्पेशल क्वालिफिकेशन की जरूरत नहीं होती। लेकिन पेंटिंग की बारीकियों को समझने और अपना हाथ साफ करने के लिए आप इस क्षेत्र में डिप्लोमा या डिग्री कोर्स जैसे बीए इन पेंटिंग, बीए पेंटिंग, स्कल्पचर, अप्लाइड आर्टस, बीएफए पेंटिंग, कोर्स आदि कर सकते हैं। इसके अलावा ग्रेजुएशन के बाद इस क्षेत्र में पोस्ट ग्रेजुएशन भी किया जा सकता है।

### संभावनाएं

पेंटिंग एक बेहतरीन कॅरियर है और एक पेंटर आर्ट गैलरीज से लेकर न्यूजपेपर, मैगजीन, पोस्टर, फिल्म व टीवी इंडस्टी में आर्टवर्क की तलाश कर सकता है। इसके अलावा अगर आप चाहें तो फ्रीलांस वर्क भी कर सकते हैं या फिर किसी फाइन आर्ट इंस्टीट्यूट व कॉलेज में बच्चों को पढ़ा भी सकते हैं। अगर चाहें तो खुद का कोचिंग इंस्टीट्यूट खोलें।

### आमदनी

इस क्षेत्र में आमदनी इस बात पर निर्भर करती है कि आपका काम लोगों को कितना पसंद आता है, लेकिन फिर भी शुरुआती दौर में आप बीस से पच्चीस हजार आसानी से कमा सकते हैं। वहीं कुछ सालों के एक्सपीरियंस व आपके काम की पापुलैरिटी के आधार पर आपकी आमदनी कई गुना बढ़ भी सकती है।

### प्रमुख संस्थान

**नार्थ महाराष्ट्र यूनिवर्सिटी, जलगांव**
**एपीजे कॉलेज ऑफ फाइन आर्टस, जालंधर**
**गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ आर्टस, चंडीगढ़**

# फिल्म क्रिटिक है बेहतर कमाई का माध्यम




**फि**ल्मों की दुनिया की चकाचौंध यकीनन हर किसी को अपनी ओर खींचती है। आजकल हर दूसरा व्यक्ति इस फिल्मी दुनिया से जुड़ने की कोशिश करता है। आमतौर पर लोग सिर्फ फिल्म में काम करने वाले कलाकार को ही देखते हैं और सिर्फ वहीं तक फिल्मी दुनिया को सीमित समझते हैं, जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। जहां एक फिल्म को परदे तक लाने में कई लोगों की मेहनत लगती है तो वहीं उस फिल्म की सच्चाई दर्शकों के सामने लाने का काम करते हैं फिल्म क्रिटिक। वह हर फिल्म को बेहद बारीकी से देखकर लोगों को उस फिल्म की खूबियों व खामियों से अवगत कराते हैं। फिल्म की रिलीज के बाद ही न सिर्फ आम जनता यहां तक कि फिल्म की मेकिंग स्टार कास्ट व अन्य लोग भी फिल्म क्रिटिक के रिव्यू का इंतजार करते हैं। ऐसे में इस क्षेत्र में कॅरियर बनाना एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

### क्या होता है काम

एक फिल्म क्रिटिक किसी भी फिल्म को मनोरंजन के नजरिए से नहीं देखते, बल्कि उनका प्वाइंट ऑफ व्यू क्रिटिकल होता है। वह फिल्म के सब्जेक्ट को अच्छे तरीके से एनालाइज करके खूबियों व खामियों के बारे में बताते हैं। इस तरह से अगर देखा जाए तो एक फिल्म क्रिटिक रचनात्मक भूमिका निभाता है। वह फिल्म को निष्पक्ष होकर देखता है और फिल्म की हर छोटी-बड़ी बात के बारे में खुलासा करता है। फिल्म क्रिटिक के रिव्यू के कारण ही फिल्म मेकर अपनी आने वाली फिल्मों में उन गलतियों को नहीं दोहराते, जिन्हें वह पहले फिल्म में कर चुके हैं। फिल्म क्रिटिक अपने रिव्यू के जरिए हर आने वाली फिल्म को और भी अधिक बेहतर बनाता है।

### स्किल्स

इस क्षेत्र में खुद को साबित करने के लिए व्यक्ति का उतना गुणी होना भी जरूरी है क्योंकि आपकी बात को कोई भी व्यक्ति तभी सीरियसली लेगा, जब आपकी बात में वजन हो और इसके लिए ज्ञान का होना बेहद आवश्यक है। इस क्षेत्र में कॅरियर देख रहे छात्रों को न सिर्फ पढ़ने की आदत होनी चाहिए, बल्कि उन्हें इस फील्ड व इसके लोगों के बारे में जानकारी भी होनी चाहिए। अगर आपके पास फिल्मों की अच्छी नॉलेज होने के साथ-साथ अपने काम के प्रति पैशन भी है, तभी आप इस क्षेत्र में आगे कदम बढ़ाने के बारे में सोचें। इसके अलावा कई बार आपको लंबे समय तक फिल्में देखनी पड़ती हैं, कई बार तो एक ही दिन में दो-तीन फिल्में लगातार भी। आपको इसके लिए भी शारीरिक व मानसिक रूप से तैयार होना चाहिए। वहीं इस क्षेत्र की मुख्य विशेषता है निष्पक्षता। आप चाहें कितने भी बड़े स्टार या अपने पसंदीदा कलाकार की फिल्म देखें, लेकिन फिल्म का रिव्यू करते समय आपको निष्पक्ष होकर ही अपना मत देना होगा।

### शैक्षणिक योग्यता

इस क्षेत्र में कदम रखने के लिए अलग से कोई विशेष कोर्स उपलब्ध नहीं है, लेकिन अगर आप इस क्षेत्र से जुड़े कोर्स करते हैं तो यकीनन आप चीजों को बेहतर तरीके से समझ पाएंगे, जैसे पोस्ट ग्रेजुएशन इन मास कम्युनिकेशन या सर्टिफिकेट व डिप्लोमा कोर्स करके भी आप फिल्म की बारीकियों को समझेंगे।

### संभावनाएं

जिस तरह फिल्मों का प्रॉडक्शन बढ़ रहा है, फिल्म क्रिटिक्स की मांग भी बढ़ने लगी है। आप प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मास मीडिया हाउसेज में जॉब कर सकते हैं। इसके अलावा इन्हें कई फिल्म फेयर अवार्ड गिविंग आर्गेनाइजेशन द्वारा भी ज्यूरी के तौर पर हायर किया जाता है, ताकि बेहतरीन फिल्मों को उनके काम के लिए सम्मानित किया जा सके। वहीं अगर आप चाहें तो कई सोशल मीडिया वेबसाइट पर भी काम की तलाश कर सकते हैं या फिर खुद का ब्लॉग व वेबसाइट भी चला सकते हैं।

### सैलरी

एक फिल्म क्रिटिक को अगर फिल्मों की अच्छी समझ है तो शुरुआती दौर में ही आप 25000 से 30000 रुपये आसानी से कमा सकते हैं। वहीं कुछ सालों के एक्सपीरियंस के बाद आपकी सैलरी 100000 से 150000 रुपये भी हो सकती है।



# आठ वर्ष की उम्र में ही सिंधू ने थाम लिया था बैडमिंटन

## राष्ट्रमंडल खेल : सिंधू ने मिशेल ली को हराकर स्वर्ण पदक जीता

**एजेंसी।** नई दिल्ली

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन ने सोमवार को यहां फाइनल में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए राष्ट्रमंडल खेलों की बैडमिंटन प्रतियोगिता का क्रमशः महिला और पुरुष एकल का स्वर्ण पदक जीता। दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने दुनिया की 13वें नंबर की मिशेल को 21-15, 21-13 से हराकर 2014 ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों के सेमीफाइनल में उनके खिलाफ हार का बदला भी चुकता कर दिया।

महज आठ साल की उम्र में बैडमिंटन को अपने हाथ में थामने वाली पीवी सिंधू अब विश्व की जानी-मानी महिला बैडमिंटन खिलाड़ी हैं और उन्होंने अपनी कामयाबी के दम पर अपने देश का नाम खूब रोशन किया है। ओलिंपिक में दो मेडल जीतने वाली सिंधु से कामनवेल्थ गेम्स में गोल्ड की उम्मीद थी और वे सोमवार को हुए एकल स्पर्धा में इस उम्मीद पर खरी उतरीं।



पीवी सिंधू का जन्म 5 जुलाई 1995 में हैदराबाद (आंध्र प्रदेश) में हुआ था। माता-पिता पीवी रमण और पी विजया प्रोफेशनल वॉलीबॉल खिलाड़ी थे, लेकिन पीवी सिंधू को बैडमिंटन ने अपनी तरफ आकर्षित किया था। महज आठ साल की उम्र में उन्होंने बैटमिंडन खेलना शुरू कर दिया था। वो 2001 में ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियन का खिताब जीतने वाले पुलेला गोपीचंद से काफी प्रभावित हुई थीं और उन्हीं से प्रेरित हुई थीं।

### कॉमनवेल्थ सिंगल्स 2022 में कैसा रहा सिंधु का प्रदर्शन

- विमेंस सिंगल्स में सिंधु का पहला मुकाबला मालदीव की फतिमा अब्दुल रज्जाक के साथ था। सिंधु ने फातिमा को 21-4, 21-11 के अंतर से मात दी थी।
- सिंधु ने दूसरे मुकाबले में युगांडा की हुसीना कुबुगाबे को 21-10, 21-9 के अंतर से हराया था। इसी के साथ उन्होंने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।
- तीसरे मुकाबले में सिंधु का सामना मलेशिया की जिन वेई गोह के साथ था। इस मुकाबले में भी सिंधु ने 19-21, 21-14, 21-18 के अंतर से जीत हासिल की। कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में यह पहला मौका था, जब पीवी सिंधु कोई गेम हारीं। हालांकि, यह मैच भी जीतकर उन्होंने सेमीफाइनल में जगह बना ली।
- सेमीफाइनल में सिंधु का सामना सिंगापुर की जिया मिन येओ के साथ था। सिंधु ने यह मैच 21-19, 21-17 के अंतर से जीता।

### लक्ष्य के पिता और भाई भी रहे हैं बैडमिंटन खिलाड़ी



**लक्ष्य** सेन के पिता डीके सेन भारत की टीम के कोच रहे हैं और उनके भाई भी इंटरनेशनल बैडमिंटन प्लेयर रहे हैं। अपने पिता और भाई को नक्शेकदम पर चलते हुए लक्ष्य ने बैडमिंटन में करियर बनाया। लक्ष्य सेन का परिवार उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले से है। लक्ष्य का जन्म 16 अगस्त 2001 में हुआ था। उनका जन्मदिन भारत की आजादी के दिवस के ठीक अगले दिन होता है। उन्होंने भारत की स्वाधीनता के 75वें जश्न को और खूबसूरत बना दिया। साथ ही अपने बर्थडे से पहले पूरे देश को नायाब तोहफा दिया है। लक्ष्य सेन की उम्र केवल 20 साल है और उन्होंने बेहद छोटी उम्र से ही बैडमिंटन खेलना शुरू कर दिया था। उन्होंने महज 15 साल की उम्र में ही जूनियर बैडमिंटन रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया था। लक्ष्य एशियन जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप भी जीत चुके हैं। लक्ष्य इससे पहले 2021 सिंगापुर पुरुष सिंगल्स में उपविजेता रहे थे। लक्ष्य सेन ब्राजील, थाईलैंड, क्रोएशिया और 2017 में मलेशिया बैडमिंटन टूर्नामेंट जीत चुके हैं। लक्ष्य ने 2022 में थॉमस कप जीता। इसके अलावा वे जर्मन ओपन में रनर, इंडिया ओपन में विनर, बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप 2021 में ब्रॉन्ज, डच ओपन 2019 के विनर रह चुके हैं। लक्ष्य 2016 में केवल 15 साल की उम्र में इंडिया इंटरनेशनल सीरीज जीत चुके हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### रूस की डारिया कास्तकिना को सान जोस ओपन का खिताब

**सान जोस।** रूस की टेनिस खिलाड़ी डारिया कास्तकिना ने पहला सेट टाईब्रेकर में गंवाने के बाद शानदार वापसी करके यहां मुबाडाला सिलिकॉन वैली क्लासिक सान जोस ओपन में महिला एकल का खिताब जीता। कास्तकिना ने फाइनल में अमेरिका की गैर वरीयता प्राप्त शेल्बी रोजर्स को 6-7 (2), 6- 1, 6-2 से हराया। सातवीं वरीयता प्राप्त कास्तकिना ने पहला सेट टाईब्रेकर में गंवाने के बाद तुरंत ही अपनी लय हासिल कर लिया और फिर रोजर्स को कोई मौका नहीं दिया। इससे पहले के महिला युगल फाइनल में शू यिफान और यांग झाओशुआन की चौथी वरीयता प्राप्त चीनी जोड़ी ने जापान की शुको आओयामा और ताइवान की चान हाओ चिंग की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी को 7-5, 6-0 से हराकर खिताब जीता।

### निम में 12 अगस्त से राष्ट्रीय स्पोर्ट्स क्लाइंबिंग चैंपियनशिप

**उत्तरकाशी।** रोमांच और साहस के शौकीनों को मंजिल की राह दिखाने वाला उत्तरकाशी का प्रतिष्ठित नेहरू पर्वतारोहण संस्थान(निम) जल्द ही राष्ट्रीय स्पोर्ट्स क्लाइंबिंग चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। बारह अगस्त से शुरू होने जा रही तीन दिवसीय चौंपियनशिप को सफल बनाने के लिए निम में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चैंपियनशिप में देश भर से करीब 250 क्लाइंबर प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन निम और इंडियन माउंटेनियरिंग फाउंडेशन संयुक्त रूप से कर रहे हैं। निम के प्रधानाचार्य कर्नल अमित बिष्ट ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया गया है। जिला मुख्यालय उत्तरकाशी से करीब तीन किमी की दूरी पर स्थित निम में 14 अगस्त तक होने वाली प्रतियोगिता पहली बार आयोजित हो रही है। निम से ही एशियाई और ओलंपिक खेलों के लिए टीम चयनित की जाएंगी। बिष्ट ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्तराखंड के आठ क्लाइंबर है, जिनमें से पांच उत्तरकाशी से हैं।

### जयसूर्या, एम्मा लैंब आईसीसी के जुलाई माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**दुबई।** श्रीलंका के नए स्पिनर प्रभात जयसूर्या और इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम की हरफनमौला एम्मा लैंब को जुलाई महीने के लिए आईसीसी ने महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना है। पुरुष वर्ग में 30 साल के जयसूर्या ने इंग्लैंड के बल्लेबाज और जून में महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए चुने गए जॉनी बेयरस्टो और फ्रांस के युवा खिलाड़ी गुस्ताव मैककॉन को पछाड़कर यह खिताब हासिल किया। जुलाई के महीने में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के दूसरे और आखिरी मैच में पदार्पण करते हुए जयसूर्या ने श्रीलंका को यादगार जीत दिलाई थी। उन्होंने इस मैच में 12 विकेट चटकाने के बाद पाकिस्तान के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला में 17 विकेट झटके। महिलाओं के वर्ग में 24 साल की लैंब को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करने का इनाम मिला। उन्होंने इस श्रृंखला में एक शतक और दो अर्धशतक की मदद से 234 रन बनाए। लैंब ने इस पुरस्कार के लिए हमवतन नैट स्किवर और भारतीय तेज गेंदबाज रेणुका सिंह को पछाड़ा।

### राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने पदक विजेताओं को बधाई दी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू को बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की बैडमिंटन प्रतियोगिता के महिला एकल में स्वर्ण पदक जीतने पर सोमवार को बधाई दी और उन्हें चैंपियन ऑफ चैंपियन्स करार दिया। राष्ट्रपति मुर्मू ने सिंधु की जीत के बाद ट्वीट किया, सिंधू ने राष्ट्रमंडल खेलों में बैडमिंटन में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतकर देश का दिल जीत लिया। आपने कोर्ट पर अपने जादुई खेल से लाखों लोगों को मंत्रमुग्ध किया। आप की शानदार जीत से हमारा तिरंगा ऊंचा लहराया और बर्मिंघम में हमारा राष्ट्रगान गूंज रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने सिंधु को चैंपियन ऑफ चैंपियंस बताया। मोदी ने ट्वीट किया, बेजोड़ पीवी सिंधु चैंपियन ऑफ चैंपियंस है। वह बार-बार दिखाती है कि वह कितनी उत्कृष्ट खिलाड़ी है। उनका समर्पण और प्रतिबद्धता प्रेरणादाई है। राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने पर उन्हें बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को मुक्केबाज सागर, बैडमिंटन खिलाड़ी त्रीसा जॉली, गायत्री गोपीचंद और किदांबी श्रीकांत, टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल और श्रीजा अकुला तथा भारतीय महिला क्रिकेट टीम को बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने पर बधाई दी।

# सिंधू, लक्ष्य, सात्विक-चिराग, शरत को स्वर्ण और साथियान ने कांस्य पदक जीता

**राष्ट्रमंडल खेल**

**एजेंसी।** बर्मिंघम



**दो** बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन ने सोमवार को यहां फाइनल में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए राष्ट्रमंडल खेलों की बैडमिंटन प्रतियोगिता का क्रमशः महिला और पुरुष एकल का स्वर्ण पदक जीता जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी भी पुरुष युगल में स्वर्ण पदक जीतने में सफल रही। अचंता शरत कमल ने पुरुष एकल स्पर्धा के फाइनल में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस स्पर्धा का कांस्य साथियान ज्ञानशेखर ने जीता।

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने सोमवार को अपनी तीनों स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते। दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने दुनिया की 13वें नंबर की कनाडा की मिशेल ली को 21-15, 21-13 से हराकर 2014 ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों के सेमीफाइनल में उनके खिलाफ मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया। सिंधू ने 2014 में कांस्य पदक जीता था जबकि मिशेल स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहीं थी। दो युवा खिलाड़ियों के बीच हुए पुरुष एकल फाइनल में दुनिया के 10वें नंबर के खिलाड़ी और विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन ने पहला गेम गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए मलेशिया के दुनिया के 42वें नंबर के खिलाड़ी एनजी टीजे योंग को 19-21, 21-9, 21-16 से हराकर राष्ट्रमंडल खेलों में पदार्पण करते हुए स्वर्ण पदक जीता। बाइस साल के योंग के खिलाफ 20 साल के लक्ष्य की यह लगातार तीसरी जीत है।

सात्विक और चिराग की दुनिया की सातवें नंबर की जोड़ी ने पुरुष युगल फाइनल में बेन लेन और सीन वेंडी की इंग्लैंड की दुनिया की 19वें नंबर की जोड़ी को 21-15, 21-13 से हराया। इससे पहले सिंधू ने मिशेल के खिलाफ 11 मैच में नौवीं जीत दर्ज की। सिंधू का राष्ट्रमंडल खेलों में यह तीसरा व्यक्तिगत पदक है। उन्होंने 2018 गोल्ड कोस्ट खेलों में भी रजत पदक जीता था। भारत ने बर्मिंघम खेलों की बैडमिंटन प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण सहित छह पदक जीते। सोमवार को तीन स्वर्ण से पहले पहले मिश्रित टीम के रजत पदक के अलावा किदांबी श्रीकांत ने पुरुष एकल जबकि त्रीशा जॉली और गायत्री गोपचंद की जोड़ी ने महिला युगल में कांस्य पदक जीते।

पुरुष एकल में लक्ष्य ने शानदार शुरुआत करते हुए लगातार चार अंक के साथ 5-2 की बढ़त बनाई लेकिन मलेशियाई खिलाड़ी ने वापसी करते हुए स्कोर 7-7 से बराबर कर दिया। लक्ष्य को मलेशियाई खिलाड़ी की तेजी से सामंजस्य बैठाने में परेशानी हो रही थी। योंग ने लक्ष्य को कोर्ट में खूब दौड़ाया जबकि भारतीय खिलाड़ी ने कुछ सहज गलतियां भी की। लक्ष्य ने नेट पर बेहतर खेल दिखाया और खेल में वापसी। सेन ने स्वर्ण पदक जीतने के बाद कहा, शुरुआत में मुकाबला तनावपूर्ण था और मुझे कड़ी मेहनत करनी पड़ी। योंग ने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। उन्हें भी बधाई।

### भारतीय हॉकी टीम को रजत से संतोष करना पड़ा

**बर्मिंघम।** राष्ट्रमंडल खेलों में आस्ट्रेलिया का वर्चस्व तोड़ने का भारत का सपना अधूरा ही रहा और एकतरफा फाइनल में इस दिग्गज टीम के हाथों 0-7 से शर्मनाक हार के बाद उसे रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम को हर विभाग में आस्ट्रेलिया ने बौना साबित कर दिया। दिल्ली राष्ट्रमंडल खेल 2010 की कड़वीं यादें हॉकी प्रेमियों के जेहन में फिर ताजा हो गई जब फाइनल में आस्ट्रेलियाई टीम ने भारत को 8-0 से हराया था। लीग चरण में अपराजेय और पूल में शीर्ष रहने वाली भारतीय टीम बिल्कुल फॉर्म में नहीं दिखी। फॉरवर्ड पंक्ति में तालमेल नहीं था और डिफेंस को आस्ट्रेलिया ने पूरी तरह नेस्तनाबूद कर दिया। उस पर कप्तान मनप्रीत सिंह को कंधे में लगी चोट ने भारत का प्रदर्शन बुरी तरह प्रभावित किया। आस्ट्रेलिया के लिए ब्लैक गोवर्स (नौवां मिनट), नाथन एफराम्स (14वां और 42वां मिनट ), जैकब एंडरसन (22वां और 27वां मिनट), टॉम विकहैम (26वां मिनट) और फिन ओगिलवी (46वां मिनट) ने गोल दागे। राष्ट्रमंडल खेलों में 1998 में हॉकी को शामिल किए जाने के बाद से सभी सात स्वर्ण आस्ट्रेलिया ने जीते हैं। भारत ने 2010 में दिल्ली और 2014 में ग्लास्गो में रजत पदक ही जीता था।



### टेबल टेनिस : शरत ने स्वर्ण और साथियान ने कांस्य जीता

**बर्मिंघम।** भारत के अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल ने राष्ट्रमंडल खेलों में पुरुष एकल स्पर्धा के फाइनल में सोमवार को यहां इंग्लैंड के लियाम पिचफोर्ड को 4 -। से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस स्पर्धा का कांस्य साथियान ज्ञानशेखर ने जीता। शानदार लय में चल रहे 40 साल के शरत ने उम्र को धता बताते हुए रैंकिंग में अपने से बेहतर खिलाड़ी के खिलाफ पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए 11-13, 11-7, 11-2, 11-6, 11-8 से जीत दर्ज की। शरत की विश्व रैंकिंग 39वीं है जबकि पिचफोर्ड 20वें स्थान पर काबिज हैं। शरत का इन खेलों में यह कुल 13वां पदक है। उन्होंने बर्मिंघम खेलों में चार पदक जीते। वह 2006 में मेलबर्न खेलों में फाइनल में पहुंचे थे और स्वर्ण पदक जीता था। इससे पहले साथियान ने इंग्लैंड के ही पॉल ड्रिंकहाल को हराकर पुरुष एकल स्पर्धा का कांस्य पदक जीता।



# दलीप ट्रॉफी का आयोजन पुराने प्रारूप में घरेलू कैलेंडर में ईरानी कप की वापसी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारतीय** क्रिकेट का घरेलू सत्र आठ सितंबर से शुरू होगा में भी छह महीने के दौरान सभी आयु वर्ग और प्रारूप में कुल मिलाकर 1500 से ज्यादा मैच खेले जाएगे।बीसीसीआई ने सोमवार को घरेलू मैचों का कार्यक्रम जारी करते हुए बताया कि दलीप ट्रॉफी को फिर से पुराने क्षेत्रीय प्रारूप में खेला जाएगा जबकि इस कैलेंडर में ईरानी ट्रॉफी के आयोजन का भी जिक्र है।यहां जारी मीडिया विज्ञप्ति में जय शाह ने बताया, घरेलू सत्र की शुरुआत प्रतिष्ठित दलीप ट्रॉफी के पूर्ण आयोजन के साथ होगी। इसमें ईरानी कप की वापसी भी होगी।

उन्होंने कहा, दलीप ट्रॉफी (आठ से 25 सितंबर) छह क्षेत्रों (उत्तर, दक्षिण, मध्य, पश्चिम, पूर्व और पूर्वोत्तर) के बीच नॉकआउट आधार पर खेली जाएगी। बीसीसीआई पिछले कुछ सत्र से दलीप ट्रॉफी को क्षेत्रीय आधार पर कराने की जगह इंडिया रेड, ब्लू और ग्रीन टीमों के साथ करा रहा था। क्षेत्रीय प्रारूप में वापसी के साथ इसमें मौजूद पांच क्षेत्रों (टीमों) के साथ पूर्वोत्तर का एक अतिरिक्त क्षेत्र होगा।लाल गेंद के इन दोनों टूर्नामेंटों के बाद सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी (11 अक्टूबर से पांच नवंबर) और विजय हजारे राष्ट्रीय एकदिवसीय प्रतियोगिता (12 नवंबर से दो दिसंबर) का आयोजन होगा। सफेद गेंद (सीमित ओवरों के मुकाबले) के इन दोनों टूर्नामेंटों में 38 टीमें होगी जिसमें आठ-आठ टीमों की तीन और सात-सात टीमों की दो ग्रुप होगी।

रणजी ट्रॉफी का आयोजन भी पुराने प्रारूप में होगा। इसे 13 दिसंबर से 20 फरवरी तक खेला जाएगा। इसका आयोजन एलीट और प्लेट वर्ग के आधार पर होगा। एलीट वर्ग में 32 टीमें होंगी और इसे आठ टीमों के चार ग्रुप में बांटा जाएगा। प्लेट ग्रुप में छह टीमों के बीच 15 लीग मैच खेले जाएंगे। दक्षिण अफ्रीका में होने वाले महिला टी20 विश्व कप को देखते हुए सीनियर स्तर पर महिलाओं का सत्र महिला टी20 ट्रॉफी से शुरू होगा। जिसे 11 अक्टूबर से पांच नवंबर तक खेला जाएगा। इसके बाद टी20 चैलेंजर्स का आयोजन होगा।

**घरेलू कार्यक्रम**

**सीनियर पुरुष:** दलीप ट्रॉफी (बहु-दिवसीय): आठ-25 सितम्बर :
**ईरानी कप :** एक से पांच
सैयद मुश्ताक अली टी20: 11 अक्टूबर-नवंबर 5
विजय हजारे (50 ओवर): नवंबर 12-दिसंबर 2:
**सीनियर महिला:** राष्ट्रीय टी20: 11 अक्टूबर से पांच नवंबर
**अंतर-क्षेत्रीय टी20:** आठ से 15 नवंबर
**चैलेंजर टी20:** 20 से 26 नवंबर
राष्ट्रीय एकदिवसीय: 18 जनवरी से सात फरवरी
**अंतर-क्षेत्रीय एकदिवसीय:** 12 से 21 फरवरी

# किर्गियोस और सैमसोनावा को सिटी ओपन का खिताब



**वॉशिंगटन।** निक किर्गियोस ने योशिहितो निशियोका को सीधे सेटों में पराजित करके सिटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट का पुरुष एकल का खिताब जीता। यह उनका पिछले तीन साल में पहला खिताब है।

किर्गियोस ने फाइनल में केवल एक बार ब्रेक प्वाइंट का सामना किया और निशियोका को आसानी से 6-4, 6-3 से हराया। यह उनके करियर का सातवां एटीपी खिताब है। इसके बाद उन्होंने जैक सॉक के साथ मिलकर पुरुष युगल का खिताब भी अपने नाम किया। इस जोड़ी ने फाइनल में फ्रेंच ओपन के फाइनलिस्ट इवान डोडिग और ऑस्टिन क्रेजिसेक को 7-5, 6-4 से हराया। किर्गियोस सिटी ओपन में एक साल में एकल और युगल खिताब जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले रविवार को ही ल्यूडमिला सैमसोनोवा ने महिला एकल के फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त काया कानेपी को 4-6, 6-3, 6-3 से हराकर अपने करियर का दूसरा डब्ल्यूटीए खिताब जीता।

# हम फाइनल में लगातार गलतियां दोहरा रहे हैं : हरमनप्रीत



### भारतीय टीम ने स्वर्ण पदक जीतने का सुनहरा मौका गंवाया

**एजेंसी।** बर्मिंघम

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने खिताबी मुकाबले में फिर से बल्लेबाजी पतन पर निराशा व्यक्त की और स्वीकार किया कि उनकी टीम को फाइनल में लगातार एक जैसी गलतियां दोहराने से बचना होगा।

महिला क्रिकेट को पहली बार राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल किया गया जिसमें भारतीय टीम के पास स्वर्ण पदक जीतने का सुनहरा मौका था। भारत हालांकि फाइनल में फिर से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया और ऑस्ट्रेलिया से नौ रन से हार गया। इस मैच में भी भारतीय बल्लेबाजी उसी तरह से लड़खड़ा गई जैसे कि 2020 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 विश्वकप और 2017 में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे विश्व कप के दौरान देखने को मिला था। हरमनप्रीत ने मैच के बाद कहा, हर बार बड़े फाइनल्स में हम (बल्लेबाजी में) लगातार एक जैसी गलतियां दोहरा रहे हैं। यह ऐसी चीज है जिसमें हमें सुधार करना होगा। उन्होंने कहा, हम लीग चरण या द्विपक्षीय श्रृंखलाओं में इस तरह की गलतियां नहीं करते हैं। यह कहीं ना कहीं हमारे दिमाग में घर कर गई है।

भारत को अंतिम छह ओवर में 50 रन की दरकार थी और उसके पास आठ विकेट बचे हुए थे। भारत को तब आसानी से जीत दर्ज करनी चाहिए थी लेकिन उसने बल्लेबाजों के खराब शॉट चयन के कारण 13 रन के अंदर पांच विकेट गंवा दिए। हरमनप्रीत और जेमिमा रोड्रिगेज ने 96 रन की साझेदारी की लेकिन इन दोनों ने खराब शॉट खेलकर अपने विकेट गंवाए। हरमनप्रीत ने कहा, मैं हमेशा एक अतिरिक्त बल्लेबाज की तलाश में रहती हूं। अभी हम इस पर काम कर रहे हैं। एक बार हम इसे हासिल कर लेंगे तो फिर बल्लेबाजी पतन से उबर जाएंगे। उन्होंने कहा, दो विकेट गंवाने के बाद जेमिमा और मैंने जिस तरह से बल्लेबाजी की वह उस समय की जरूरत थी। आपको संयमित होकर खेलने की जरूरत थी। हम वास्तव में लक्ष्य के करीब थे।

हरमनप्रीत ने कहा, अगर मैं या पूजा (वस्त्राकर) में से कोई टिका रहता तो हम मैच जीत सकते थे। लेकिन यह खेल का हिस्सा है। कई बार कुछ चीजें आपके नियंत्रण में नहीं होती हैं। हमें यहां काफी कुछ सीखने को मिला। भारत भले ही फाइनल में हार गया लेकिन हरमनप्रीत राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान अपनी टीम के प्रदर्शन से खुश और संतुष्ट हैं। भारतीय कप्तान ने कहा, मैं जानती हूं कि हम स्वर्ण पदक जीतने के करीब थे लेकिन कुल मिलाकर हमारा प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा। हम पहली बार इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे थे और हमें खुशी है कि हमने रजत पदक जीता। उन्होंने कहा, यह पदक ऐसा है जिससे कि स्वदेश में लोग प्रेरित होंगे और वह क्रिकेट खेलना शुरू कर सकते हैं। एक टीम के रूप में हम युवा लड़कियों को प्रेरित करना चाहते हैं। इस तरह के मंच पर अच्छा प्रदर्शन करने से स्वदेश में लोग प्रेरित होंगे। ऑलराउंडर ताहिला मैकग्रा कोविड-19 के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बावजूद ऑस्ट्रेलियाई एकादश का हिस्सा थी।

# क्रिकेट में पहला पदक हमेशा विशेष रहेगा : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के पदक विजेताओं को सोमवार को बधाई दी और रजत पदक जीतने वाली महिला क्रिकेट टीम की सराहना करते हुए कहा कि क्रिकेट में पहली बार राष्ट्रमंडल खेलों का पदक हमेशा विशेष रहेगा।



महिला क्रिकेट को राष्ट्रमंडल खेलों में पहली बार शामिल किया गया था। भारत फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से नौ रन से हार गया था। मोदी ने महिला क्रिकेट टीम की तारीफ करते हुए ट्वीट किया, क्रिकेट और भारत को अलग नहीं किया जा सकता। हमारी महिला क्रिकेट टीम ने पूरे राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान बेहतरीन क्रिकेट खेली और प्रतिष्ठित रजत पदक जीता। यह राष्ट्रमंडल खेलों में क्रिकेट में पहला पदक है और इसलिए या हमेशा विशेष रहेगा। प्रधानमंत्री ने टेबल टेनिस के मिश्रित युगल में स्वर्ण जीतने के लिए शरत कमल और श्रीजा अकुला की प्रशंसा करते हुए उनके धैर्य और दृढ़ता की सराहना की। मोदी ने कहा, साथ में खेलने और जीतने का अपना अलग ही आनंद है।

# शरत ने उम्र को धता बताते हुए 16 साल बाद राष्ट्रमंडल खेलों मं फिर जीता स्वर्ण

**एजेंसी।** बर्मिंघम

अचंता शरत कमल ने उम्र को धता बताते हुए राष्ट्रमंडल खेलों की टेबल टेनिस पुरुष एकल स्पर्धा के फाइनल में सोमवार को यहां इंग्लैंड के लियाम पिचफोर्ड को 4-। से हराकर इन खेलों में स्वर्ण पदक की हैट्रिक लगाई। इस स्पर्धा का कांस्य साथियान ज्ञानशेखर ने जीता।

शानदार लय में चल रहे 40 साल के शरत ने रैंकिंग में अपने से बेहतर खिलाड़ी के खिलाफ पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए 11-13, 11-7, 11-2, 11-6, 11-8 से जीत दर्ज की। शरत की विश्व रैंकिंग 39वीं है जबकि 29 साल के पिचफोर्ड 20वें स्थान पर काबिज हैं।



शरत का इन खेलों में यह कुल 13वां पदक है। उन्होंने बर्मिंघम खेलों में चार पदक जीते। जिसमें इस स्वर्ण से पहले टीम स्पर्धा, मिश्रित युगल में श्रीजा अकुला के साथ स्वर्ण और पुरुष युगल में रजत पदक शामिल है। उन्होंने 2006 में मेलबर्न खेलों में पदार्पण करते हुए स्वर्ण पदक जीता था। फाइनल मुकाबले के शुरुआती गेम के बाद शरत के बेजोड़ बैकहैंड का पिचफोर्ड के पास कोई जवाब नहीं था। पिचफोर्ड ने भारतीय खिलाड़ी को पछाड़ने के लिए लंबी रैलियों का सहारा लिया लेकिन अनुभवी शरत ने उसका माकूल जवाब दिया। पांचवें गेम में शरत ने 6-1 की बढ़त बना ली थी लेकिन पिचफोर्ड ने वापसी करते हुए स्कोर 6-5 कर दिया। शरत ने दबाव से उबरते हुए अपनी बढ़त को 10-6 और फिर 11-8 के स्कोर के साथ गेम और मुकाबला जीत लिया। इससे पहले साथियान ने इंग्लैंड के ही पॉल ड्रिंकहाल को हराकर पुरुष एकल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

एकल रैंकिंग में 35वें स्थान पर काबिज साथियान ने शुरुआती तीन गेम जीतकर शानदार शुरुआत की लेकिन रैंकिंग में 74वें स्थान वाले खिलाड़ी ड्रिकहॉल ने शानदार वापसी करते हुए मुकाबला 3-3 से बराबर कर लिया। निर्णायक सातवां गेम भी बेहद करीबी रहा। साथियान ने दर्शकों से खचाखच भरे स्टेडियम में खेले गए इस रोमांचक मुकाबले को 11-9, 11-3, 11-5, 8-11, 9-11, 10-12, 11-9 से अपने नाम किया। पिछले दो राष्ट्रमंडल खेलों में साथियान का यह छठा पदक है। मौजूदा खेलों में यह उनका दूसरा पदक है। उन्होंने शरत कमल के साथ पुरुष युगल का रजत पदक जीता था।